www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 4 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-270 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





केजरीवाल को समन बदले की राजनीतिक : आतिशी 03
■ दिल्ली से मिलेगी नोएडा एयरपोर्ट को सीधी कनेक्टिविटी
■ नोएडा में हिट एंड रन का वीडियो वायरल 04
■ जी-20 सम्मेलन के दौरान एक मिनट में हुए 16...
■ जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर... 07
हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग होनी चाहिए : योगी 09

## सार संक्षेप

### महुआ की याचिका पर लोकसभा महासचिव को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर लोकसभा महासचिव को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अधिकार क्षेत्र और न्यायिक समीक्षा की शक्ति सहित सभी मुद्दों की विचार करेगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कई मुद्दे उठाए गए हैं।

### रणधीर जायसवाल ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी रणधीर जायसवाल ने बुधवार को विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता का कार्यभार संभाल लिया। श्री जायसवाल ने श्री अरिंदम बागची का स्थान लिया है जिन्हें संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा कार्यालय में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। श्री जायसवाल इससे पहले न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत थे। वह संयुक्त राष्ट्र न्यूयॉर्क मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन, पुर्तगाल, क्यूबा और दक्षिण अफ्रीका में भी तैनात रह चुके हैं।

### प्रधानमंत्री ने त्रिशूर में अभिनेता सुरेश गोपी के साथ किया रोड शो



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर शहर में एक रोड शो किया और भारी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। मोदी ने एक विशेष वाहन में रोड शो किया जो उनके गृह राज्य गुजरात से लाया गया था। राज्य भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन, अभिनेता सुरेश गोपी और केरल भाजपा महिला मोर्चा की नेता निवेदिदा वाहन में मोदी के साथ मौजूद थीं।

### मणिपुर में इंटरनेट निलंबन 15 दिनों के लिए बढ़ाया




**इंफाल।** राज्य में हाल ही में सामने आई हिंसक घटनाओं से उत्पन्न कानून और व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मणिपुर सरकार ने नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं का निलंबन अगले 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। नौ जिले चंदेल, काकचिंग, चुराचांदपुर, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, इंफाल पश्चिम, थौबल, तेंगनौपाल और इंफाल पूर्व हैं।

### असम में सड़क दुर्घटना में 12 की मौत, 25 घायल

**गुवाहाटी।** असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को एक बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू

# 7 जनवरी से राज्यों का दौरा करेगा चुनाव आयोग

### 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियों को चाक-चौबंद करने का काम शुरू

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)।** 2024 के लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने इसके लिए सभी तैयारियों को चाक-चौबंद करने का काम जोर-शोर से शुरू कर दिया है। इसके मद्देनजर चुनाव आयोग ने 7 जनवरी से लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सभी राज्यों के दौरे की शुरुआत करने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग अपने दौरे शुरुआत देश के सबसे दक्षिणी राज्य तमिलनाडु से करने वाला है। अपने दौरे के पहले चरण में चुनाव आयोग तमिलनाडु की 39 और आंध्र प्रदेश की 25 और आन्ध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों पर चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार , चुनाव आयुक्त अनूप पांडे और अरुण गोयल लोकसभा चुनाव के लिए इन राज्यों का दौरा करेंगे। चुनाव आयोग की टीम 7 से 10 जनवरी तक इन राज्यों के दौरे पर रहेगी। आयोग के मुताबिक मत प्रतिशत में बढ़ोतरी, लगभग शून्य पुनर्मतदान, रिकॉर्ड जब्ती और चुनावी हिंसा में गिरावट ये उसकी प्रमुख उपलब्धियां हैं।




■ सभी चुनाव आयुक्त 7 से 10 जनवरी तक तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे
■ आन्ध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों पर चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगा

**10 मार्च को हुई थी पिछले चुनाव की घोषणा**

पांच राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव इस बात का संकेत हैं कि 'मूक सुधारों' ने चुनाव आयोजित कराने और निगरानी करने के तरीके को कैसे बदल दिया है। 5 साल पहले 10 मार्च को देश में आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा हुई थी। लोकसभा की 543 सीटों के लिए 7 चरणों में मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल राज ?य में सात चरणों में मतदान हुए। 23 मई को मतगणना के साथ ही चुनाव परिणामों की घोषणा की गई थी।

**चुनाव आयोग का इस पर रहेगा फोकस**

- 18-19 साल के आयुवर्ग के युवा वोटरों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाने पर प्राथमिकता।
- विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थानों में वोटर लिस्ट के विशेष कैम्प आयोजित होंगे।
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझावों का गुणदोष के आधार पर परीक्षण करवाकर क्रियान्वित करवाना

#### दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर उठाए सवाल

विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए है। साथ ही उन्होंने कहा कि ईवीएम के प्रति जनता में अविश्वास बढ़ता जा रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव में हुए कांग्रेस की करारी हार को लेकर सिंह ने कहा कि हार की समीक्षा हम लोगों ने की है।

#### एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन में मुकाबला

इस बार के लोकसभा चुनाव की बात करें तो मुकाबला एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का रहने वाला है। एक तरफ भाजपा सत्ता वापसी की कोशिश करने वाली है तो वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन इस बार भाजपा को जीत की हैट्रिक से रोकना चाहेगा।

## अडानी-हिंडनबर्ग विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच से किया इनकार

### सवोच्च अदालत ने कहा, किसी अन्य एजेंसी को सौंपने का कोई आधार नहीं है

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से हटाकर विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने का कोई आधार नहीं है। पीठ ने पहले से जांच कर रही विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के खिलाफ हितों के टकराव के आरोप को भी निराधार बताया। उन आरोपों को खारिज करते हुए सेबी को तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सेबी के नियामक ढांचे में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। उन्होंने कहा कि सेबी ने 22 में से 20 मामलों में जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, 'हम सेबी को अन्य दो मामलों में तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं।' पीठ पिछले साल 24 नवंबर को कहा था कि वह अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट को वास्तविक स्थिति के रूप में नहीं देख सकता है। इस वजह से उसने सेबी से जांच करने के लिए कहा था।



■ हितों के टकराव के आरोप को भी निराधार बताया
■ सेबी को 3 महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश

**मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जांच का आदेश नहीं**

पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि केवल मीडिया रिपोर्टों के आधार पर और उसके आदेशों से प्रभावित संस्थाओं को सुने बिना जांच का आदेश नहीं दिया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और सेबी को नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ समिति पर विचार करने के लिए भी कहा है। शीर्ष अदालत ने वकील विशाल तिवारी, वकील एम एल शर्मा, कांग्रेस नेता जया ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अनामिका जायसवाल और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर 24 नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में बढ़ी ठिठुरन

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (एजेंसियां)।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। वहां से आने वाली सर्द हवा दिन के तापमान भी ठंडा कर रही हैं। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य पर 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री रहा। उधर अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री दर्ज किया गया, यह सामान्य से चार डिग्री कम रहा। सुबह से ही कोहरा छाया रहा। आसमान में बादल छाए रहे, इससे धूप भी अच्छे से नहीं खिली। रात को यह स्थिति और बिगड़ गई। दृश्यता घटने से लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ा है। मौसम विभाग की ओर से गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी।



■ येलो अलर्ट किया गया जारी, अभी और गिरेगा पारा
■ देश का तकरीबन आधा हिस्सा शीतलहर की चपेट

**कोहरा भी कर रहा परेशान**

दिल्ली के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब, उत्तरी राजस्थान, हरियाणा से लेकर उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हिमालयी इलाकें घने कोहरे की चादर में लिपटे हुए हैं। देश का तकरीबन आधा हिस्सा शीतलहर की चपेट में है। कोहरे के कारण दिल्ली से 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के बीच कम दृश्यता के कारण कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी में आने वाले कुछ दिनों में ठंड का कहर बढ़ सकता है। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के अधिकतर इलाकों में पहले से ही न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चल रहा पारा और आने वाले दिनों में और भी नीचे गिर सकता है।

# तीसरे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

■ चुनाव व गणतंत्र दिवस को लेकर व्यस्त होने की बात कही ■ ईडी से कहा, किसी भी प्रश्नावली का जवाब देने को तैयार

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (देशबन्धु)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से तीसरी बार समन भेजा गया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने की बजाय बुधवार को जांच एजेंसी को लिखित जवाब भेजा है।



**पहले भी नोटिस को बताया था 'अवैध'**

उन्होंने ईडी को अवगत कराया कि फिलहाल राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं, लेकिन वह एजेंसी की किसी भी प्रश्नावली का जवाब देने को तैयार हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने एजेंसी से अपने पहले के पत्रों का जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित पूछताछ/जांच के लिए बुलाए जाने से जुड़े वास्तविक इरादे और इस पूछताछ की प्रकृति और दायरे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था।

उन्होंने समन के जवाब में कहा, 'उपर्युक्त महत्वपूर्ण पहलुओं पर आपकी चुप्पी मुझे यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित करती है कि आप अनुचित गोपनीयता बनाए हुए हैं। वर्तमान मामले में अपारदर्शी और मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं।' केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था और नोटिस को 'अवैध' और 'राजनीति से प्रेरित' बताया था।

#### आप ने समन पर उठाया सवाल

ईडी की ओर से समन भेजने के समय पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी ने बुधवार को कहा कि ईडी ने अभी तक यह जवाब नहीं दिया है कि सीएम केजरीवाल को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है - एक गवाह के रूप में या एक आरोपी के रूप में। पार्टी ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति से जुड़ा पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है जिसका मकसद केजरीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने का प्रयास करना है।

## विधायकों के साथ बैठक के बाद लिया फैसला

# झारखंड के मुख्यमंत्री बने रहेंगे हेमंत सोरेन

**रांची, 3 जनवरी (एजेंसियां)।** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सत्तारूढ़ दलों के विधायकों के साथ बैठक खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला लिया है। बुधवार को विधायकों के साथ हुई बैठक में सोरेन ने यह निर्णय लिया। बैठक में 43 विधायक थे और जो बात सामने आई है वो ये कि आज भी हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं और आने वाले दिनों में भी वो ही मुख्यमंत्री रहेंगे।



ईडी की ओर से सातवां समन मिलने के बाद इस्तीफे की हो रही थी चर्चा

**2019 में ली थी मुख्यमंत्री की शपथ**

दरअसल ईडी की ओर से जमीन घोटाला मामले में सातवां समन मिलने के बाद से ही इस बात की चर्चा हो रही थी कि सोरेन इस्तीफा देंगे और अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाएंगे। हालांकि, सोरेन ने इस्तीफा नहीं दिया। सोरेन ने साल 2019 में मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। विधायकों के साथ बैठक से पहले सोरेन ने कहा था, मेरी पत्नी के विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना, बीजेपी की कल्पना है। उन्होंने आगे कहा था, बीजेपी झूठा विमर्श पेश कर रही है कि मैं सत्ता अपनी पत्नी को सौंप दूंगा।


**हेमंत सोरेन ने ईडी को जवाब भेजा**

वहीं मंगलवार को हेमंत सोरेन ने रांची के जमीन घोटाले में ईडी के सातवें समन के जवाब में एक पत्र भेजा। उन्होंने ईडी से कहा है कि एजेंसी पहले यह स्पष्ट करे कि उन पर कौन से आरोप हैं, जिसके सिलसिले में उन्हें बार-बार समन भेजा जा रहा है। कुछ दिनों पहले ईडी की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए समन और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के गांडेय से विधायक सरफराज अहमद के सोमवार को अचानक इस्तीफे के बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि सोरेन भी इस्तीफा देंगे।

# कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ रहे मामले

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (देशबन्धु)।** देश में एक बार फिर से कोरोना वायरस तेजी से अपना पैर पसारने लगा है। कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 600 से ज्यादा मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत हुई है।

फिलहाल कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार के अस्पताल पूरी तरह तैयार बताए जा रहे हैं। इस बीच सबसे ज्यादा खतरा कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 को पैदा हो गया है। चीन से निकला कोरोना वायरस पूरी दुनिया में तबाही मचा चुका है। फिर भी इसके अलग-अलग वेरिएंट सामने आ रहे हैं। हालांकि टीकाकरण के चलते लोगों में इस वायरस से लड़ने की क्षमता बढ़ी है, लेकिन बीच-बीच में कोरोना का वायरस हमला करता रहता है। इस बीच बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना संक्रमण को लेकर आंकड़ा जारी किया है। जिसके मुताबिक,पिछले 24 घंटे में 602 नए मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 4440 हो गई है।



■ पिछले 24 घंटे में 602 नए मामले, पांच की मौत हुई
■ कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 से सबसे ज्यादा खतरा

# ईरान में धमाके, 100 से ज्यादा लोगों की जान गई

**तेहरान, 3 जनवरी (एजेंसियां)।** ईरान के केरमन शहर में बुधवार को दो धमाकों में 103 लोग मारे गए। 141 घायल हुए हैं। यह धमाके ईरान की सेना के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी के मकबरे पर हुए। पुलिस ने कहा कि यह फिदायीन हमला था। इसकी जांच की जा रही है। बुधवार को कासिम सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी थी। सुलेमानी को 2020 में अमेरिका और इजराइल ने बगदाद में एक मिसाइल अटैक में मार गिराया था। केरमन के लोकल मीडिया ने अल अरबिया टीवी को बताया कि बुधवार को पहला धमाका एक सूटकेस में रखे गए बम से हुआ। इसे रिमोट से ब्लास्ट किया गया। दूसरा धमाके के बारे में तस्वीर साफ नहीं है।

पूर्व जनरल की बरसी पर जुटे थे लोग

## राजनीति

*नीतीश सरकार की सीता की जन्मस्थली को भव्य बनाने की तैयारी*

# राम के भरोसे भाजपा तो सीता की शरण में इंडिया गठबंधन

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 3 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने हिंदू और हिंदुत्व का कार्ड खुलकर खेलना शुरू कर दिया है। ध्रुवीकरण की पुरजोर कोशिश हो रही है। पहले राममंदिर निर्माण और अब रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बहाने भाजपा अपने पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी कर रही है।**

वहीं भाजपा जब राम की शरण में जाकर अपनी चुनावी संभावनाएं तलाश रही है तो इंडिया गठबंधन इसके जवाब में सीता मैया की शरण में जानें की तैयारी में है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राममंदिर की प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी अंतिम चरण में है। भाजपा इसे भव्य बनाने की तैयारी में जुटी है। लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी रामभरोसे कट्टर हिंदुत्व के रास्ते जाने की तैयारी कर रही है। इसके चलते विपक्षी दलों को ध्रुवीकरण का खतरा सताने लगा है। क्योंकि उसके लिए बिना हिंदू वोट के केंद्र की सत्ता में पहुंचना संभव नहीं है। इसलिए इंडिया गठबंधन अब सीता मैया की शरण में जाने की योजना बना रहा है। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों को एकजुट करने का श्रेय जदयू अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्ही के चलते ही भाजपा के सामने विपक्ष की एकजुट चुनौती पेश हुई है। अब नीतीश ने ध्रुवीकरण के खतरे को कम करने लिए एक नया दाव चला है। जिससे भाजपा के लिए चुनौती और बडी हो सकती है। बिहार की नीतीश सरकार सीता माता की जन्मस्थली को भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने सीतामढी जिले में मां जानकी जन्मभूमि मंदिर के विकास के लिए 72 करोड रुपए की मंजूरी दी है। माना जा रहा है कि इंडिया गठबंधन सीता माता के सहारे अपनी चुनावी लड़ाई को आगे बढाएगी। हालांकि भाजपा के राममंदिर मुद्दे के सामने इंडिया गठबंधन का सीता मैया का मुद्दा कितना सफल होगा,यह तो लोकसभा चुनाव के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल आस्था का जवाब आस्था से देने की तैयारी हो गई है।



■ मां जानकी जन्मभूमि मंदिर के विकास के लिए 72 करोड की मंजूरी

# देश

**उवाच** “ माता सीता की महिमा के कारण ही देश का बच्चा-बच्चा 'जय सियाराम' कहता है, जय रामसीता नहीं। इसके बावजूद भाजपा की सीता जन्मस्थान के प्रति उदासीनता उनके राजनीतिक स्वार्थ को दर्शाती है।

-राजीव रंजन, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14.0 | 06.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 20.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# अरुणाचल प्रदेश की एक सीट पर जदयू ने किया उम्मीदवार घोषित

■ सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय से पहले हीं जदयू ने किया खेला ■ लोस सीट से जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष रुचि तंगुक को दिया टिकट

**पटना**, 3 जनवरी (देशबन्धु)। देश में लोकसभा चुनाव को लेकर अब महज कुछ महीनों का समय शेष हैं। ऐसे में देश की तमाम छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टी अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम स्वरूप देने में जुट गई है। इस बीच अब बिहार में सत्ता चला रही जदयू ने लोकसभा चुनाव को लेकर कैंडिडेट के नाम का एलान कर दिया है। इसके बाद इसको लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। दरअसल, देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा होने में अब अधिक समय नहीं बचा है। इंडिया गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा भी नहीं हुआ है। इस बीच जेडीयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के पहले कैंडिडेट की घोषणा कर दी है। जेडीयू ने बिहार में नहीं, बल्कि अरुणाचल प्रदेश में अपना पहला प्रत्याशी उतारा है। अरुणाचल प्रदेश पश्चिम लोकसभा सीट से जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष रुचि तंगुक को टिकट दिया गया है। वहीं, नीतीश ने पिछले हफ्ते ही जेडीयू की फिर से कमान संभाली थी। महज पांच दिनों में पार्टी का पहला कैंडिडेट उतारकर उन्होंने इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भी संकेत दे दिया है कि वह सीटों का बंटवारा जल्द चाहते हैं। अरुणाचल में लोकसभा की दो सीटें है, जिसमें से एक सीट पर जेडीयू ने अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। उधर, इंडिया




गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर घमासान जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जून खड़गे ने बुधवार को बिहार के सीएम नीतीश के साथ एक अहम बैठक की है। इस दौरान राजद सुप्रीमो लालू यादव भी मौजूद थे। इस बैठक में तीनों नेताओं सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत की है।

बता दें कहने को भले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पूरे देश में इंडिया गठबंधन के दलों को सीट बंटवारे को लेकर आश्वस्त कर रहे हैं कि बड़ी आसानी से मसला हल हो जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि सीट बंटवारे को लेकर बिहार में ही महागठबंधन के दलों के बीच रार मची हुई है। राजद सुप्रीमो लालू यादव भी समझते हैं कि बिहार में सीट शेयरिंग का मसला आसान नहीं है। जिस तरह से महागठबंधन के दलों ने लड़े जाने वाली सीटों को लेकर अपनी अपनी राय प्रकट की है, उसका समाधान तभी संभव है, जब महागठबंधन के बड़े दल बड़ा दिल दिखाए। जदयू का सवाल है तो वो अपना दावा उन लोकसभा सीटों पर ठोंकेगी, जो पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान जीती थी। जेडीयू ने 2019 में जो सीटें जीती थीं, वो बीजेपी के वोट बैंक के सहारे जीती थीं। तब जदयू को 16 लोकसभा सीटों पर जीत मिली थी।

### इंडिया गठबंधन में मच सकती है खलबली

जेडीयू ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। नीतीश के इस कदम से विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में खलबली मच सकती है। आपको बताते चलें कि, अरुणाचल प्रदेश में अभी भाजपा की सरकार है। वहां, जेडीयू के अलावा कांग्रेस भी यहां प्रमुख स्थान रखती है। नीतीश ने जिस सीट से रुचि तंगुग को टिकट दिया है, वहां से अभी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के नबाम तुकी को हराया था। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की अब तक चार बैठकें हो चुकी हैं। वहीं, बिना सीट शेयरिंग फॉर्मूले के ही नीतीश ने जेडीयू का पहला कैंडिडेट घोषित कर दिया है।

## झारखंड के रांची समेत अन्य स्थानों पर ईडी ने की छापेमारी

**रांची**, 3 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव सहित उनके कई करीबियों के ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की। रातू रोड के शिवपुरी स्थित अभिषेक प्रसाद के घर बुधवार सुबह दो गाड़ियों से ईडी की टीम पहुंची व छापेमारी को अंजाम दिया। प्रेस सलाहकार के घर के बाहर सुरक्षाबल भी तैनात रहे। किसी को अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जाने दिया गया। वहीं दूसरी ओर ईडी की टीम मुख्यमंत्री के




मित्र कहे जाने वाले विनोद सिंह और आर्टिटेक रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पहुंचा व छापेमारी की। इसके अलावा कई अन्य ठिकानों पर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की। अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की टीम रांची और राजस्थान में 10 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि ईडी की छापेमारी अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू (मीडिया सलाहकार, सीएम हेमंत सोरेन), आईएएस रामनिवास यादव (उपायुक्त, साहेबगंज व राजस्थान स्थित आवास), आर्किटेक्ट विनोद कुमार, खोड़निया ब्रदर्स (साहेबगंज), पप्पू यादव ( देवघर ), डीएसपी राजेन्द्र दुबे (हजारीबाग और अन्य जगह) अभय सरावगी (कोलकाता) और अवधेश कुमार के यहां चली।

# लद्दाख में परिसीमन के बाद होंगे स्थानीय निकाय चुनाव : बीडी मिश्रा

## लद्दाख में लेह व कारगिल दो नगर पालिकाएं हैं

**जम्मू-कश्मीर**, 3 जनवरी (एजेंसियां)। लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों के चुनाव वार्डों के परिसीमन के पूरा होने के बाद होंगे। लद्दाख में लेह और कारगिल दो नगर पालिकाएं हैं। प्रत्येक में 13 वार्ड हैं। दोनों में कुल 193 पंचायतें हैं, जिनमें कारगिल में 98 और लेह में 95 शामिल हैं। इन स्थानीय निकायों ने पिछले साल नवम्बर में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उपराज्यपाल सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मिश्रा ने निर्देश दिया कि वार्डों का परिसीमन जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र में नगरपालिका और पंचायत चुनाव हो सकें।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि बैठक चल रही परियोजनाओं और सार्वजनिक शिकायतों के साथ-साथ विकासात्मक कार्यों को पूरा करने में विभिन्न विभागों के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। शुरुआत में, उपराज्यपाल ने विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जन कल्याण उपायों के कार्यान्वयन में कोई देरी न हो। उन्होंने चिकतन, टिया और निमू में आग की घटनाओं से प्रभावित परिवारों को प्रदान की



गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द आवश्यक सहायता प्रदान करने को कहा। प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने पुलिस स्टेशनों पर फायर टेंडर रखने और पुलिस कर्मियों को उन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उपराज्यपाल ने संविदा या आउटसोर्स सहित कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उपराज्यपाल मिश्रा ने बैठक में बताया कि वह मेडिकल, इंजीनियरिंग और डिग्री कॉलेजों की स्थापना, कारगिल में हवाई क्षेत्र के विस्तार, ऑल इंडिया रेडियो कारगिल को मजबूत करने, पश्मीना डीहेयरिंग प्लांट की स्थापना के लिए आवश्यक पद और तकनीशियन, राजपत्रित के लिए भर्ती नियमों का मसौदा तैयार करने से संबंधित मामलों को संबंधित मंत्रालयों और संस्थानों के साथ उठाएंगे।

**सार संक्षेप**

### एसएमएचएस अस्पताल में मृत्यु दर में गिरावट

**श्रीनगर**। कश्मीर के सबसे बड़े तृतीयक देखभाल अस्पतालों में से एक श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल में सकल मृत्यु दर में गिरावट देखी गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 30 नवम्बर तक कुल 72,795 रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था तथा इस अवधि के दौरान कुल 2095 मरीजों की मौत हुई थी। इनमें से 295 मरीजों को मरने के बाद अस्पताल लाया गया व 838 मौतें अस्पताल में हुई है।

### हेमंत सोरेन समेत सात पर कारोबारी ने की शिकायत

**साहेबगंज**। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सात लोगों के विरुद्ध शहर के पत्थर कारोबारी प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगरी यादव ने पुलिस थाना में लिखित शिकायत की है। मुख्यमंत्री के अलावा पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र दुबे, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, डीसी रामनिवास यादव, पड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजकिशोर प्रसाद, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पिंटू एवं जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार पर ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत की गई है।

### अजीत पवार ने सावित्रीबाई को दीं श्रद्धांजलि

**मुंबई**। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को महिला शिक्षा की प्रणेता क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती पर मुंबई के मंत्रालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पवार ने इस बात के लिए क्रांति ज्योति सावित्रीबाई का आभार भी जताया कि आज महिलाएं समाज के सभी क्षेत्रों में आत्मविश्वास के साथ काम कर रही हैं। सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। फुले का जन्म तीन जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सातरा जिले के नायगांव में हुआ था। वह हमेशा लड़कियों, छात्रों व युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा व साक्षरता को कई क्रांतिकारी कदम उठाए।

### कोविड संक्रमण के 602 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली**। भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 से संक्रमण के 602 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे बुधवार को सक्रिय मामलों की कुल संख्या 4,440 हो गई है। 19 मई को देश में 865 नए मामले दर्ज किए गए थे। 24 घंटे की अवधि में पांच लोगों की कोविड से मौत हुई कर्नाटक, तमिलनाडु और पंजाब से एक-एक, केरल से दो मौतों की रिपोर्ट की गई।

## चीन से प्रबल कुशवाह के पार्थिव शरीर को भारत लाए जाने की मांग

**नई दिल्ली**, 3 जनवरी (देशबन्धु)। ग्वालियर के कंपू राक्सीपुल लश्कर के रहने वाले सुरेंद्र कुशवाह के पुत्र प्रबल कुशवाह की चीन में मृत्यु कुछ दिन पहले हो गई थी। जिसके बाद परिजन जल्द पार्थिव शरीर भारत लाने का प्रयास कर रहे थे जिसके बाद उनके परिवजनों ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद मांगी थी। केंद्रीय मंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत विदेश मंत्री एस.जयशंकर को पत्र लिखा। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्र में विदेश मंत्री से सहानुभूतिपूर्वक कारवाई का आग्रह व अब तक की गई कारवाई के जानकारी भी मांगी। इसके बाद इस मामले में विदेश मंत्रालय से तेजी से कार्य कर रही है व विदेश मंत्रालय ने चीन में स्थित भारतीय दूतावास को निर्देश दिए है।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विदेश मंत्री जयशंकर को पत्र लिखकर सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई का किया आग्रह**

विदेश मंत्रालय पूरे मामले पर विशेष ध्यान दे रहा है, भारतीय दूतावास परिवार के संपर्क में भी हैं व ये सुनिश्चित किया जाएगा कि जल्द से जल्द पार्थिव शरीर को भारत लेकर आया जाए। प्रबल कुशवाह आठ महीने पहले नौकरी के लिए चीन की राजधानी बीजिंग गए थे। परिवारजनों का आरोप है की उनकी मृत्यु संदिग्ध परिस्थियों में हुई है।

# कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराए जाने की आशंका : हरिप्रसाद

## अयोध्या की यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह

**बेंगलुरु**, 3 जनवरी (एजेंसियां)। वरिष्ठ नेता और कांग्रेस एमएलसी बी.के.हरिप्रसाद ने कहा है कि कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराए जाने की आशंका है। उन्होंने राज्य सरकार से आने वाले दिनों में अयोध्या की यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए हरिप्रसाद ने बुधवार को कहा, विभिन्न राज्यों से उन्हें उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना हो सकती है। यहां की सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अयोध्या जाने वालों को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। कर्नाटक राज्य में कड़ी निगरानी होनी चाहिए। ऐसी ही परिस्थितियों में गुजरात में गोधरा कांड हुआ था। यहां भी वैसी ही घटना को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा कड़ी की जानी चाहिए।



**राम मंदिर उद्घाटन कोई धार्मिक कार्यक्रम नहीं है और यह एक राजनीतिक कार्यक्रम बना : हरिप्रसाद**

हम यहां गोधरा जैसा घटना देखना नहीं चाह सकते। यह मेरा निजी बयान है और इस संबंध में कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। हरिप्रसाद ने आगे कहा है कि राम मंदिर उद्घाटन कोई धार्मिक कार्यक्रम नहीं है और यह एक राजनीतिक कार्यक्रम बन गया है। अगर यह एक धार्मिक कार्यक्रम होता, तो हम सभी इसमें शामिल होते। उन्होंने परोक्ष रूप से पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि उद्घाटन किसी धार्मिक गुरु द्वारा नहीं बल्कि विश्व गुरु द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम अभी तक विश्व गुरु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के धर्म को नहीं जानते हैं। हरिप्रसाद के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेताओं ने उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।

बेंगलुरु में कार सेवक की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने कहा कि हरिप्रसाद के खिलाफ शिकायत दर्ज की जानी चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा मैं पुलिस आयुक्त से कार्रवाई शुरू करने का आग्रह करूंगा। मैसूरु में विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा विधायक टी.एस. श्रीवत्स ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब किसी को भी हमें छूने दो। तब, केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटा दी और कश्मीर में एक भी पत्थर नहीं फेंका गया। हरिप्रसाद मंत्री पद को देखते हुए बयान दे रहे हैं। भाजपा विधायक ने आगे कहा कि उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हरिप्रसाद के नाम में राम है। हरि ही राम हैं। उन्हें समझदारी से बात करने दीजिए। मुसलमानों के लिए 10,000 करोड़ रुपए की घोषणा के लिए उनकी सरकार पर सवाल उठाने की क्षमता नहीं है।

### सोलह मामलों का सामना कर रहे व्यक्ति के लिए खड़ी भाजपा : परमेश्वर

**बेंगलुरु**। भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक के हुबली में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुए दंगों में शामिल एक कारसेवक की गिरफ्तारी के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, राज्य के गृह मंत्री परमेश्वर ने बुधवार को भगवा पार्टी पर एक अपराधी के पक्ष में खड़े होने का आरोप लगाया जिसके खिलाफ 16 मामले चल रहे हैं। परमेश्वर ने कहा एफआईआर में कहीं भी कारसेवक का जिक्र नहीं है। उस पर (श्रीकांत पुजारी) एक अपराधी के रूप में आरोप लगाया गया है। उस पर लगभग 16 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें से कुछ में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। भाजपा ऐसे व्यक्ति के समर्थन में खड़ी है जो 16 मामलों का सामना कर रहा है। मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ है।

# बिहार में लालू परिवार का भ्रष्टाचार से रहा है पुराना नाता : सम्राट चौधरी

## जमीन के नाम पर नौकरी देने के मुद्दे पर साधा निशाना

**पटना**, 3 जनवरी (देशबन्धु)। लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू परिवार पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। इसको लेकर सियासत भी तेज हो गई है। एक तरफ जहा तेजस्वी यादव ने ईडी और सीबीआई को एनडीए अलायंस का हिस्सा बता दिया है तो वहीं भाजपा ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों का जेल जाना तय है उन्हें जेल जाने से कोई नहीं रोक सकता है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि लालू परिवार का इससे पुराना नाता रहा है और यह उनके लिए कोई नई बात नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि लालू परिवार साल 1997 से जेल, ईडी और सीबीआई का खेल खेल रहा है। उस परिवार के लिए यह कोई नई



बात नहीं है। जो व्यक्ति अपने शासनकाल में जेल गया हो उसका नाम लालू प्रसाद है। लालू जब जेल गए थे तब वे खुद मुख्यमंत्री थे और बिहार में उनकी पार्टी की सरकार थी और देश में भी उन्हीं की पार्टी की सरकार उस वक्त थी, इसलिए वे किसी दूसरे को दोष नहीं लगा सकते हैं।

### भ्रष्टाचारियों का जेल जाना तय

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भ्रष्टाचारी होगा उसके लिए जेल का दरवाजा खुलेगा ही उसको कोई रोक नहीं सकता। वहीं बिहार में अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली के सवाल पर सम्राट ने कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से आग्रह किया है कि बिहार में उनके कार्यक्रम होंगे। जो 10 कलस्टर बना है उस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार में विकास के कई काम केंद्र की सरकार ने किए हैं।

## आरजेडी विधायक के विवादित बयान पर विरोध तेज

**पटना**, 3 जनवरी (देशबन्धु)। आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह के द्वारा हिंदू देवी-देवताओं पर विवादित बयान दिए जाने के बाद लगातार विरोध हो रहा है, अब पटना में एमएलए फ्लैट के पास हिंदू शिवभवानी सेना की ओर से एक पोस्टर लगवाया गया है और फतेह बहादुर सिंह की जीभ काटने वाले को 10 लाख इनाम देने की घोषणा की गई है। पोस्टर में फतेह बहादुर सिंह को सलाखों के पीछे दिखाया गया है, पोस्टर पर लिखा गया है मां सरस्वती का फतेह बहादुर कर रहे हैं अपमान, तेजस्वी मौन रहकर हिंदू को गाली दिलाने का कर रहे काम।



बता दें की हाल ही में आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह ने मां सरस्वती को लेकर विवादित बयान दिया था फतेह बहादुर सिंह ने इससे पहले मां दुर्गा पर भी विवादित बयान दिया था जिसका खूब विरोध हुआ था।

# मप्र में ट्रक चालक से अभद्र भाषा पर कलेक्टर को हटाया

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को चेताया

**भोपाल**, 3 जनवरी (एजेंसियां)। देश भर में पिछले दो दिन में हुई ट्रकों की हड़ताल के दौरान एक ट्रक चालक से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के मामले में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शाजापुर जिला कलेक्टर को हटाने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर मंगलवार से इस मामले से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ा एक्शन लेते हुए शाजापुर कलेक्टर किशोर कन्याल को हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों की सरकार है। सबके काम का और भाव का भी सम्मान होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीबों के कल्याण के लिए काम और उनकी सेवा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा सरकार में बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं मजदूर परिवार के बेटे हैं। इस तरह की भाषा बोलना उचित नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी भाषा और व्यवहार का ध्यान रखें।



कलेक्टर कन्याल का एक वीडियो कल से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वे एक ट्रक चालक से अभद्र भाषा में बात करते हुए सुनाई दे रहे थे। इस मामले ने कल से राजनीतिक तौर पर भी तूल पकड़ लिया था।

**मौसम** *भयानक सर्दी की आगोश में जम्मू-कश्मीर*

# पूरी तरह से जमने की ओर अग्रसर विश्व प्रसिद्ध डल झील

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 जनवरी (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीर में भयानक सर्दी में दो नजारे कंपकंपी दुड़ाने वाले तो हैं ही रोमांच भी भर रहे हैं। अगर एलओसी के कई इलाकों में शून्य से नीचे तापमान में सैनिक वीरता की दास्तानें लिख रहे हैं तो दूसरी ओर भयानक सर्दी के कारण जम जाने की ओर अग्रसर डल झील पर क्रिकेट खेलने की आस लगाई जा रही है।**

आस लगाई जा रही है। एलओसी के नजारे कंपकंपी सिर पढ़ कर ही छुड़ा दे रहे हैं। जहां हवा के तूफानी थपेड़े ऐसे की एक पल के लिए खड़ा होना आसान नहीं, तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे। ऊपर से हिमपात के कारण चारों ओर बर्फ की दीवार।

लेकिन इन सबके बावजूद दुश्मन से निपटने के लिए खड़े भारतीय जवानों की हिम्मत देख वे पहाड़ भी अपना सिर झुका लेते हैं जिनके सीनों पर वे खड़े होते हैं। कश्मीर सीमा की



■ **डल झील पर क्रिकेट खेलने को युवा बेकरार**

एलओसी पर ऐसे दृश्य आम हैं। सिर्फ कश्मीर सीमा पर ही नहीं बल्कि करगिल तथा सियाचिन हिमखंड में भी ये भारतीय सैनिक अपनी वीरता की दास्तानें लिख रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि वीरता की दास्तानें सिर्फ शत्रु पक्ष को मार कर ही लिखी जाती हैं बल्कि इन क्षेत्रों में प्रकृति पर काबू पाकर भी ऐसी दास्तानें इन जवानों को लिखनी पड़ रही हैं। अभी तक कश्मीर सीमा की कई ऐसी सीमा चौकिआं थीं जहां सर्दियों में भारतीय जवानों को उस समय राहत मिल जाती थी जब वे नीचे उतर आते थे। 24 वर्ष पूर्व तक ऐसा ही होता था क्योंकि पाकिस्तानी पक्ष के साथ हुए मौखिक समझौते के अनुरूप कोई भी पक्ष उन सीमा चौकिओं पर कब्जा करने का प्रयास नहीं करता था जो सर्दियों में भयानक मौसम के कारण खाली छोड़ दी जाती रही हैं। लेकिन करगिल युद्ध के उपरांत ऐसा कुछ नहीं हुआ। नतीजतन भयानक सर्दी के बावजूद भारतीय जवानों को उन सीमा चौकियों पर भी कब्जा बरकरार रखना पड़ रहा है जो करगिल युद्ध से पहले तक सर्दियों में खाली कर दी जाती रही हैं तो अब उन्हें करगिल के बंजर पहाड़ों पर भी सारा साल चौकसी व सतर्कता बरतने की खातिर चट्टान बन कर तैनात रहना पड़ रहा है। जबकि दूसरी ओर विश्व प्रसिद्ध डल झील भयानक सर्दी के कारण पूरी तरह से जमने की ओर अग्रसर है। ऐसे में लोग बेसब्री से इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि क्या इस बार भी डल पर कोई गाड़ी चलेगी या फिर क्या इस बार भी लोग क्रिकेट खेल सकेंगे। जैसे-जैसे सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे विश्व प्रसिद्ध डल झील की ऊपरी सतह भी जमती जा रही है। इतना जरूर है कि कश्मीर आने वाले पर्यटकों के लिए यह नजारा बेहद ही दिलकश है जिन्होंने पहली बार इस झील को जमते हुए देखा है। चिल्लेकलां के दौरान डल झील का जमना कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1960 में गुलाम मुहम्मद बख्शी के मुख्यमंत्रित्वकाल में डल झील पूरी तरह जम गई थी। उस दौरान श्री बख्शी ने डल पर जीप चलाने का मजा लिया था। उस समय न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री नीचे तक गिर गया था।

इसके अलावा 1986 में डल झील पूरी तरह जम गई थी तब निवर्तमान मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने डल पर मोटर साइकिल चलाया था। इसी साल स्थानीय युवकों ने जमे हुए डल पर एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया था।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया।
टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

# केजरीवाल को समन बदले की राजनीतिक : आतिशी

## लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार करने का भाजपा पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी आप ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी तीसरे समन पर बुधवार को भी पेश नहीं हुए और उन्होंने लिखित जवाब भेजकर नोटिस को अवैध बताया। आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने समन को बदले की राजनीतिक बताया और कहा कि ईडी ने केजरीवाल के बार-बार लिखित अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है, जिसमें यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि उन्हें पूछताछ के लिए क्यों बुलाया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ईडी से बार-बार पूछा है कि वह बताए कि उन्हें पूछताछ के लिए गवाह या आरोपी, किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। उन्होंने ईडी से सभी संबंधित प्रश्नों को एक प्रश्नावली के रूप में भेजने के लिए भी कहा है जिसका विधिवत उत्तर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप इस तरह के समन से नहीं डरती। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई नेताओं पर हमला करने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी के लिए एक राजनीतिक उपकरण बन गए हैं। उनके विचारों से सहमति जताते हुए दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने ईडी के समन के समय पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ईडी ने अब तक यह जवाब नहीं दिया है कि उन्हें गवाह या आरोपी के तौर पर, किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। आबकारी नीति का पूरा मामला राजनीतिक है और यह केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास है।




**भाजपा के लिए राजनीतिक उपकरण बने ईडी व सीबीआई : आतिशी**

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कराने की साजिश रची है। भारद्वाज ने कहा कि करीब एक साल से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया देर-सबेर निर्दोष साबित होंगे। केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। केजरीवाल आप के संयोजक भी हैं। उन्हें ईडी का यह तीसरा नोटिस है और इससे पहले उन्होंने दो नवंबर और 21 दिसम्बर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था। आतिशी ने आगे कहा कि अगर विपक्ष का कोई भी नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो समन-गिरफ्तारियां बंद हो जाती हैं और ईडी कोर्ट में जाकर केस वापस ले लेता है। 'आप' नेता ने कहा कि केंद्र सरकार की ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को तीसरी बार एक गैरकानूनी समन भेज कर पेश होने को कहा है। जब दो बार समन आया तो केजरीवाल ने स्पष्ट तौर पर सवाल पूछते हुए ईडी को चिट्ठी लिखी कि, उन्हें किस वजह से बुलाया गया है। उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है, सस्पेक्ट के तौर पर बुलाया जा रहा है, दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर बुलाया जा रहा है, या आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर बुलाया जा रहा है।

## केजरीवल को प्रशासनिक व्यवस्था पर यकीन नहीं : प्रियल भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजनीति ईडी और अरविंद केजरीवाल पर केंद्रित हो चुकी है। यह तीसरा मौका है जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन के बावजूद जांच के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा नेताओं की ओर से आम आदमी पार्टी की नीयत और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की करनी पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री प्रियल भारद्वाज ने कहा कि अपनी कई बार की कथनी और करनी से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह साबित कर दिया है कि उनकी भारतीय लोकतांत्रिक और प्रशासनिक व्यवस्था में भरोसा नहीं है। खुद को आंदोलनकारी भले ही कहते हैं, लेकिन उनकी कार्य-संस्कृति उन्हें अराजक की श्रेणी में ही रखती है। ई.डी.समन की जिस प्रकार से वो अवहेलना कर रहे हैं, उससे तो स्पष्ट लगता है कि दिल्ली के शराब घोटाले में उनकी संलिप्तता है। यदि कोई ईमानदार है, तो उसे जांच एजेंसी और किसी भी प्रकार की पूछताछ से भला क्यों और कैसा भय होगा।

## नारायण गांव स्थित मंदिर में 108 संतों को किया गया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। पांच सौ वर्षों के संघर्ष को खत्म करके आज अयोध्या में श्री राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। 22 जनवरी को श्रीरामलला अयोध्या स्थित भव्य, दिव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा ने नारायण गांव स्थित श्री सनातन धर्म माता मंदिर में 108 संतों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इसके बाद देश भर से आए प्रसिद्ध 108 संतों, महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर, साध्वी, ब्रह्म आचार्य, जगतगुरु आदि को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ जी महाराज ने सुंदरकांड पाठ किया।

इस कार्यक्रम में आरएसएस के इंद्रेश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, पूर्व महापौर जयप्रकाश जेपी, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान गोयल, भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष करनैल सिंह, भाजपा जिला करोल बाग के अध्यक्ष सुनील कक्कड़, पूर्व विधायक कमांडो सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। प्रसिद्ध समाजसेवक छत्र सिंह बैद ने ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र समेत सभी अतिथियों ने सभी 108 संतों को कंबल, शॉल, आसन, मिठाई एवं नारियल भेंट कर उनका सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हम सबको मिलकर हर कमजोर इंसान की करनी चहिए मदद : एसीपी




**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की सरगम शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी ने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन MREC के संयुक्त प्रयास से उत्तर दिल्ली के अनवार पैलेस बड़ा हिंदू राव क्षेत्र में गरीबों को कंबल वितरित किए, कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उत्तर जिले सदर सब डिविजन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विजय कुमार रस्तोगी ने कहा कि इस कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग है और हम सबको हर कमजोर व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। हमदर्द नेशनल फाउंडेशन और शमां एनजीओ का में धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस कड़कड़ाती ठंड में लोगो को कम्बल वितरित किए। डॉक्टर सरदार खान ने गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन करने पर शमां एनजीओ के उपाध्यक्ष सैयद शाहिद राहत और नईम अहमद पीर जी का धन्यवाद किया। राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर फहीम बेग के अनुसार पिछले 16 वर्षों से हमारी संस्था अभियान चल रहा है।


**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. आरएस (एस)/2023/747/3 नई दिल्ली, दिनांक 03/01/2024
29,405 मीट्रिक टन स्टेनलेस स्टील की खरीद के लिए
ई-टेंडर सं. 2023 आईएस 209.
1. भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (इस्पात), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली स्टेनलेस स्टील की 29,405 मीट्रिक टन (लगभग) की रनिंग कान्ट्रैक्ट के आधार पर खरीद के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते हैं। 2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा के ब्यौरों तथा अपनी ई-बोली प्रस्तुत करने के लिए वैबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विजिट कर सकते हैं। 3. इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 4. निविदा 06.02.2024 को 15:00 बजे बंद हो जाएगी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 21/24



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक 03.01.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82240822 | सिटीकोलाइन 500 एमजी टैब | 274730 Nos. | 24.01.2024 |
| 2 | 82241454 | सीताग्लिप्टिन 50 एमजी और मेटफॉर्मिन 1000 एमजी टैब | 711880 Nos. | 24.01.2024 |
| 3 | 82241161 | सीताग्लिप्टिन 50 एमजी टैब | 627890 Nos. | 24.01.2024 |
| 4 | 82240652 | सारोग्लिटाजार 4 एमजी | 136140 Nos. | 24.01.2024 |
| 5 | 82241056 | सैकुबिट्रिल 24 एमजी और वाल्सार्टन 26 एमजी | 313360 Nos. | 24.01.2024 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
22/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**सार संक्षेप**

### फैशन टीवी के कैफे एंड बार की लॉन्चिंग



**नई दिल्ली।** फैशन टीवी के कैफे एंड बार का सॉफ्ट लॉन्च किया गया। इसकी लॉन्चिंग इसे डिज़ाइन करने वाले प्रतीक दुआ ने किया। लॉन्चिंग इवेंट में 100 से अधिक मेहमान शामिल रहे, जिन्होंने संडे सनडाउनर लॉन्च में भाग लिया। इस अवसर पर सभी मेहमानों को लॉन्च की गई इस नई प्रॉपर्टी के आतिथ्य और संगीत का आनंद लेते देखा गया। यह कैफे एंड बार जल्द ही गुड़गांव और मानेसर में सभी पार्टी प्रेमियों के लिए उनकी दमदार पार्टियों का एक नया और दिलकश ठिकाना बनने जा रहा है। इस लॉन्च में ढेरों नामचीन मेहमान शामिल हुए, जिनमें से कुछ के नाम लें तो ये हैं दिल्ली डार्लिंग फेम दीपशिखा लुंगानी, एमटीवी स्प्लिट्सविला फेम मिया लाकड़ा, एमटीवी फेम नितिन आहूजा, संजना मेहरा, ब्यूटी एंड द बेस्ट की मिस कैटेगरी विजेता मेहर, ब्यूटी एंड द बेस्ट की ब्रांड एंबेसडर अयाति विश्वकर्मा, सनी शर्मा, कल्पना भिष्ट, अनुज लालवानी, तनुश्री, योत्सना अत्री और कई अन्य मेहमान।

### दिल्ली की सफाई व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह से बताया कि आम आदमी पार्टी अपनी नाकामी को छुपाने के लिए फिर से सफाई अभियान शुरू करने जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2024 तक आम आदमी पार्टी ने दिल्ली से कूड़े के पहाड़ खत्म करने का वादा किया था जिसे ये लोग पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी फिर से सफाई अभियान शुरू करने जा रही है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी की मेयर नागरिकों से फिर से रोज 15 किलोमीटर तक चलकर निरीक्षण करने का वादा कर रही है जिससे वो दिल्ली से कूड़े की समस्या को खत्म कर देंगी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी जितने भी काम करती है वो सब हवा हवाई होते हैं, दिल्ली की ग़ैर अनाधिकृत कालोनियों, फ्लाईओवर के नीचे, सड़कों के किनारे व गलियों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जब से आम आदमी पार्टी ने सत्ता संभाली है तब से दिल्ली की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है जिसे छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी हर महीने एक नया सफाई अभियान शुरू करती है। आम आदमी पार्टी का कोई भी सफाई अभियान दो दिन से ज़्यादा नहीं चल पाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा ने दिल्ली के कूड़े के पहाड़ों को ख़त्म करने के लिए 850 करोड़ रुपये देने की बात कही थी।

## दिल्ली बीस फरवरी तक होगी अवैध कूडा मुक्त : शैली

### रोजाना किया जाएगा 15 किमी क्षेत्र का निरीक्षण



**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ आज महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा है कि वह जनवरी और फरवरी के महीने में दिल्ली के सभी 12 जोनों में अधिकारियों और मीडिया के साथ मैराथन निरीक्षण करेंगी। दिल्ली को 20 फरवरी को अवैध कूड़ा प्वाइंट से मुक्त कर दिया जाएगा। अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत हटाए गए अवैध कचरा स्थलों (जीवीपी) का निरीक्षण करेंगी। यह दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जन जागरण अभियान होगा। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि कुछ समय पहले दिल्ली नगर निगम द्वारा अब दिल्ली होगी साफ अभियान की शुरुआत हुई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का मकसद दिल्ली को साफ सुथरा और एक विश्व स्तरीय शहर बनाना है। इसी उद्देश्य के तहत इस अभियान की शुरुआत की गई थी। अधिकारियों को भी निर्देश दे दिए गए थे कि दिल्ली में सभी अवैध कचरा स्थलों जीवीपी की पहचान की जाए। मैं सभी अधिकारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं जिन्होंने ग्राउंड लेवल पर निगम पार्षदों के साथ मिलकर जीवीपी की पहचान की और इन्हें खत्म किया। उन्होंने कहा कि हमने सभी 12 जोनों में नोडल ऑफिसर्स नियुक्त किए थे। अब इसी सफाई अभियान के अंतर्गत एक एक्शन प्लान बनाया गया है। हम जनवरी माह के पहले हफ्ते से लेकर फरवरी माह तक एक महीने का एक सफाई अभियान चलाएंगे।

## मोदी के नेतृत्व में देश का हुआ विकास : प्रीति गुप्ता

**निगम पार्षद ने केंद्र की योजनाओं का किया प्रचार**



**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाल रही है। और इस यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर घर तक पहुंचा रहे हैं। घोंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने इसे लेकर कहा कि आज देश में जो विकास हुआ है वो प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ही संभव हुआ है। निगम पार्षद ने केंद्र की योजनाओं की लोगों को जानकारी देते हुए बुकलेट, कलेंडर बांटे। लोगों को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए निगम पार्षद ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज भारत तेजी से विकसित हो रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

## लोस चुनाव से पहले लागू हो जाएगा नागरिकता संशोधन अधिनियम




■ **ऑनलाइन ही होगी इसकी पूरी प्रक्रिया**

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 के नियमों को तैयार कर लिया है। इसे लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही लागू किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार जल्द ही सीएए के नियम जारी करे जा रही है। एक बार नियम जारी होने के बाद कानून लागू किया जा सकता है और पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। मालूम हो कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने चार साल पहले 11 दिसम्बर 2019 को सीएए विधेयक पारित कराया था। इसका उद्देश्य हिंदू, सिख, बौद्ध, जै न,पारसी और इसाईयों समेत सताए गए गैर मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है,जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसम्बर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके है।

अब इसके नियमों को आम चुनाव से पहले ही अधिसूचित किए जाने की संभावना है। फिलहाल नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है। इसकी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही होगी। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।

पिछले माह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि सीएए के कार्यान्वयन को कोई नहीं रोक सकता है,क्योंकि यह देश का कानून है। बता दें कि बहुप्रतीक्षित सीएए को लागू करने का आश्वासन पिछले लोस चुनावों के दौरान भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनावी एजेंडा था।

## एचएनजी के अधिग्रहण में देरी से आग लगने की घटनाएं बड़ी

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। हिंदुस्तान नेशनल ग्लास एचएनजी का अधिग्रहण अधर में लटक गया है, कंपनी संकट में है क्योंकि इसकी भट्टियों में रिसाव हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप नियमित दीवार मरम्मत की कमी के कारण आग लग जाती है। सुरक्षा संबंधी चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे निवेशकों में चिंता पैदा हो रही है। एचएनजी समाधान योजना को अंतिम रूप देने में देरी से श्रमिकों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए जोखिम बढ़ रहा है। एचएनजी के शेयरों को झटका लगा क्योंकि कंपनी ने अपने नासिक संयंत्र में आग लगने की सूचना दी।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सैक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्व नगर
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/S Santushti S.A.S Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-C-405 at Plot-GH-04, Sector-Chi-03, Builder's Area, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.) क्षेत्रफल-215.61 मीटर Mrs. Shanti Devi W/o Late Mr. Inderdeo Singh & Mr. Lallan Kumar S/o Late Mr. Inderdeo Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mrs. Shanti Devi W/o Late Mr. Inderdeo Singh की मृत्यु दिनांक-01.12.2017 को हो जाने के उपरान्त उनका भाग सह आवंटी (Mr. Lallan Kumar S/o Late Mr. Inderdeo Singh) ने अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mrs. Shanti Devi W/o Late Mr. Inderdeo Singh के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी Mr. Lallan Kumar S/o Late Mr. Inderdeo Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सैक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्व नगर
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि M/s. Santushti Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-C-308 क्षेत्रफल-215.61 वर्गमी0 Plot No. GH-04, सैक्टर-Chi-03, Builder's Area, Greater Noida (U.P.) Mrs. Madhu Bala W/o Dr. V.P. Chawla के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mrs. Madhu Bala W/o Dr. V.P. Chawla के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mrs. Madhu Bala W/o Dr. V.P. Chawla की मृत्यु दिनांक-20.07.2014 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन उनकी पुत्री (Mrs. Millie Chawla D/o Late Mr. V.P. Chawla) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mrs. Madhu Bala W/o Dr. V.P. Chawla के स्थान पर उक्त भवन उनकी पुत्री Mrs. Millie Chawla D/o Late V.P. Chawla के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण


## स्पेशल सीपी सुनील गौतम को मिली एचआर की जिम्मेदारी

**दिल्ली पुलिस में कई अफसरों को प्रमोशन के बाद मिली नई तैनाती**

■ जोगेन्द्र सोलंकी



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस में प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों को स्पेशल कमिश्नर से लेकर एडीशनल सीपी रैंक पद पर नई तैनाती दी गई है। कुल 21 उच्चाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। स्पेशल सीपी ट्रेनिंग सुनील गौतम अब पुलिस मुख्यालय में ट्रांसफर पोस्टिंग का काम देखेंगे। दिल्ली के होम विभाग से देर रात जारी तबादला आदेश के मुताबिक स्पेशल कमिश्नर सुनील गौतम अब ट्रेनिंग की जगह एचआर जैसे महत्वपूर्ण विभाग का काम संभालेंगे। पूर्वी रेंज की ज्वाइंट कमिश्नर छाया शर्मा को स्पेशल कमिश्नर के पद पर प्रमोशन मिला है उन्हें स्पेशल सीपी ट्रेनिंग का जिम्मा सौंपा गया है। वेस्ट रेंज में एडीशनल कमिश्नर के पद पर तैनात विक्रमजीत सिंह प्रमोशन मिलने के बाद अब इसी रेंज में ज्वाइंट कमिश्नर की जिम्मेदारी निभाऐंगे। पुलिस मुख्यालय में एडीशनल सीपी हैडर्क्वाटर का काम देख रहे ए. वी. देशपांडे प्रमोशन मिलने के बाद अब ज्वाइंट सीपी ऑपरेशन की जिम्मेदारी निभाऐंगे । साउथ रेंज की ज्वाइंट सीपी मीनू चौधरी इसी पद पर अब हैडर्क्वाटर में काम देखेंगी। ज्वांइट सीपी संजय कुमार जैन को सुरक्षा शाखा से हटाकर साउथ जैसे अहम रेंज का जिम्मा सौंपा गया है।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान: दिल्ली मण्डल के रेवाड़ी-रोहतक सेक्शन पर झज्जर और दीघल रेलवे स्टेशनों के बीच कि. मी. 47.86 पर समपार फाटक सं. 26 के बदले 1 x 60.00 मी. (क्लियर स्पैन) की स्पैन व्यवस्था में बो स्ट्रिंग गर्डर/बो आकार वाले ट्रस टाइप के दो लेन वाले सड़क उपरी पुल का निर्माण। | |
| 2 | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 2377-33 लाख |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 13,38,700/- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 03.01.2024 से 31.01.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | 31.01.2024 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 17.01.2024 से 31.01.2024 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.30 बजे दिनांक 31.01.2024 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं. - 74-डब्लु/6/203/डब्लु.ए/तिलक ब्रिज दिनांक: 03.01.2024 28/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE YEIDA: WITH HUMAN FACE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद-गौतमबुद्ध नगर
फोन नं0: 0120-2395152, वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com
पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/तह0-वी0के0/2078/2023 दिनांक: 01.01.2024
सार्वजनिक सूचना
निम्नलिखित भूमि का यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर वितरण/क्रय किया जाना प्रस्तावित है:-
ग्राम रबूपुरा के अतिरिक्त प्रतिकर से प्रभावित गाटा नम्बरानों का विवरण:-

| ग्राम/सैक्टर | गाटा संख्या |
|---|---|
| रबूपुरा, सैक्टर-21 व 31 के मध्य 100मी0 चौड़ी सडक | 179, 178, 175, 497, 952, 1250, 1273, 1284, 1577 |

ग्राम रबूपुरा के भूमि क्रय से प्रभावित गाटा नम्बरानों का विवरण:-

| ग्राम/सैक्टर | गाटा संख्या |
|---|---|
| रबूपुरा, सैक्टर-21 व 31 के मध्य 100 मी० चौड़ी सड़क | 115, 157, 164, 158, 184, 183, 180, 159, 160, 161, 162, 163, 474, 486, 496, 499, 626, 656, 655, 628, 629, 630, 631, 654, 945, 946, 947, 950, 952, 955, 954, 956, 960, 951, 1251, 1249, 1298, 1254, 1250, 1256, 1264, 1265, 1253, 1273, 1292, 1282, 1280, 1281, 1283, 1285, 1279, 1289, 1285, 1286, 1276, 1278, 1275, 1578, 1579 व 275, 806 तथा 1172 |

उक्त भूमि के अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर सी०आर० सेल / तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ जनता केंद्र व राज्यसरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ हासिल करे। श्री सिंह मोहन नगर जोन जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के के अन्तर्गत लाजपत नगर स्थित डीएलएफ रामलीला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे: **जनरल वीके सिंह, केंद्रीय मंत्री**

## दिल्ली से मिलेगी नोएडा एयरपोर्ट को सीधी कनेक्टिविटी

### 32 किमी की होगी लंबाई, मुबंई बड़ोदरा एक्सप्रेस और आगरा एक्सप्रेस को जोड़ेगा

**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट से अक्टूबर में पहली कमर्शियल फ्लाईट उड़ान भरेगी। ये लगभग तय हो गया है। दिल्ली से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी दी जाएगी। इसके लिए करीब 32 किमी का एक नया एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। ये एक्सप्रेस दिल्ली के कालिंदी कुंज से वाया नोएडा सेक्टर-150 होते हुए आगरा एक्सप्रेस को जोड़ेगा। दिल्ली में इसे मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस वे से एक रोटरी के जरिए जोड़ा जा सकता है। प्राधिकरण की मंशा है इस एक्सप्रेस को नेशनल हाइवे आथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएचएआई) बनाए। इसके लिए प्राधिकरण एनएचएआई के संपर्क में है। इसके बनने के दो बड़े फायदे है। पहला नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे से वाहनों का भार कम हो जाएगा। साथ ही पूर्वी दिल्ली के इलाकों की नोएडा एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।

**छह लेन का होगा नया एक्सप्रेस वे**

समिति की ओर से हाल के दिनों में नए एक्सप्रेस के लिए सर्वे किया गया। ये सर्वे नोएडा के सेक्टर-94 यानी यमुना पुश्ता से लेकर सेक्टर-150 करीब 28 किमी तक का किया गया। यहां दो विकल्प दिए गए। पहला एक्सप्रेस वे समानांतर पुश्ता के साथ एक एक्सप्रेस वे बनाया जाए या फिर मौजूदा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड एक्सप्रेस वे बनाए। दरअसल प्राधिकरण एनएचएआई से ही इसका निर्माण करवाना चाहता है। इसलिए पहले विकल्प पर ही काम होगा और इसे मुबंई बड़ोदरा एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगा। ट्रैफिक भार के अनुसार इसे छह लेन का बनाया जाएगा।

**दो एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए बनानी होंगी दो रोटरी**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस के दोनों एंड पर दो रोटरी बनानी होंगी। पहली मुबंई बड़ोदरा एक्सप्रेस वे के लिए जिसे कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के आसपास बनाया जा सकता है क्योंकि ये एक्सप्रेस वे यही से होकर आगरा यमुना नहर के साथ फरीदाबाद में प्रवेश करेगा। दूसरा सेक्टर-150 के पास जहां से इस एक्सप्रेस वे को क्लोवर लीफ के जरिए यमुना से जोड़ा जाएगा।

**एक्सप्रेस वे के लिए बनाई गई समिति जो इसका कर रही अध्ययन**

इस योजना के लिए एक समिति गठित की गई है। जिसमें नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, महाप्रबंधक नियोजन, उप महाप्रबंधक सिविल, एनएचएआई, उप्र सिंचाई विभाग और मैसर्स राइट्स के प्रतिनिधि शामिल है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित एक्सप्रेस के क्रास सेक्सनल डिटेल, लोंगिट्यूडनल डिटेल और ऑब्लिगेटरी पॉइंट पर विचार किया गया। साथ ही इनकी मार्किंग भी की गई। एक्सप्रेस वे के डिजाइन , लंबाई और चौड़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। अब इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

**नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों को मिलेगा लाभ**

यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा। बता दे पुश्ता सड़क के 11 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पहले से ही किया गया था और जून 2014 में सार्वजनिक रूप से खोला गया था।

## यूपी-16 ईसी सीरीज के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर में निजी वाहनों के रजिस्ट्रेशन सीरिज यूपी-16 ईबी पूरी हो चुकी है। अब नई सीरीज यूपी-16 ईसी के लिए फैंसी, वीआईपी नंबरों की बोली लगाई जाएगी। इसके लिए तीन दिन में www.fancy.parivahan.gov.in पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसकी शुरुआत आज से हो गई है। तीन दिन के बाद ऑनलाइन बोली लगाई जाएगी। सर्वाधिक बोली लगाने वालों को वीआईपी नंबर अलॉट कर दिए जाएंगे। इसी प्रकार नॉन फैंसी नंबरों के लिए वाहन स्वामियों को इसी वेबसाइट पर जाकर दो पहिया और चार पहिया के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दो पहिया के लिए 1000 रुपए और चार पहिया के लिए 5000 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

**वीआईपी और नॉन फैंसी नंबरों के लिए लगेगी बोली**

## नोएडा में हिट एंड रन का वीडियो वायरल

### महर्षि विश्वविद्यालय के पास खड़ी छात्रा को कार ने मारी टक्कर, संज्ञान लेकर जांच शुरू



**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-110 स्थित महर्षि विश्वविद्यालय के पास खड़ी छात्रा को तेज रफ्तार वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना का वीडियो करीब एक सप्ताह बाद सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। इस मामले को लेकर सेक्टर-39 पुलिस का कहना है कि अभी तक पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत नहीं दी है। वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

हिट एंड रन मामले में घायल छात्रा स्तुति त्रिपाठी के चाचा अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि उनकी भतीजी विश्वविद्यालय में बी कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। करीब एक सप्ताह पहले वह दोस्तों के साथ विश्वविद्यालय के कैंपस की रोड पर खड़ी थी। तभी पीछे से एक सफेद रंग की गाड़ी तेज गति से आई और स्तुति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रा थोड़ी दूर जाकर गिरी। छात्रा के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दावा है कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी पर एक सप्ताह बीतने के बाद भी आरोपी चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हादसे के बाद छात्रा अपने घर वाराणसी चली गई थी। इससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हुई है। इस मामले में कार्रवाई न होने से छात्रा के परिजन परेशान हैं।

**वीडियो में क्या है इसे देखे**

45 सेकेंड के वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार छात्राएं एक समूह में खड़ी हैं। इसी दौरान सफेद रंग की गाड़ी आती है और युवती को टक्कर मारकर फरार हो जाती हैं। अन्य छात्राएं भी झटके से दूसरी तरफ गिर जाती हैं हालांकि उन्हें चोट नहीं लगती है। आरोपी चालक कुछ ही सेकेंड बाद वापस आता है और तेज रफ्तार से बाहर निकल जाता है। वीडियो में कुछ लोग चालक का पीछा करते हुए भी दिख रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में छात्रा के परिजनों को थाने में शिकायत देने के लिए कहा गया है। पुलिस छात्रा के परिवार के संपर्क में है। महर्षि प्रबंधन से भी इस बारे में बात की जा रही है। वहीं वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## ‘सभी वार्डों में लगेंगी 10-10 एलईडी : महापौर’



**‘दीपावली पर लगी थी 30 लाइट, इसके अतिरिक्त 10-10 लाइट लगाने का कार्य होगा जल्द शुरू, महापौर ने दिए निर्देश’**

**गाजियाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। कुछ माह पूर्व दीपावली गयी है जिसमे गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी वार्डो में 30-30 लाईट लगाने का कार्य किया गया है जिससे सभी वार्डों का अंधेरा उजाले में बदल गया था यह निर्णय मा सदन में भी लिया गया था उसके उपरांत महापौर के निर्देशन में 30-30 लाईट लगाने का कार्य पूर्ण किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने पार्षदों की मांग पर 10-10 लाइटे लगाने के निर्देश दिए है जिससे वार्डो में अंधेरा न रहे उपरोक्त कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही शहर में ‘सुंदर लाइटे लगवाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए’ सुंदर (डेकोरेटिव) प्रकाश व्यवस्था से शहर में सुंदरता बढ़ेगी और जिन स्थानों पर अंधेरा है वहां भी प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। यह सुंदर प्रकाश व्यवस्था शहर के मुख्य मार्गो के लिए की जाएगी जिससे शहर में आने जाने वाले लोगो को शहर सुंदरता और साफ दिखाई दे सके।

## नोएडा की पहली हाइड्रोलिक पार्किंग तैयार

### डीएमआरसी के साथ प्राधिकरण करेगा एमओयू साइन, 400 वाहनों की है क्षमता



**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा को पहली हाइड्रोलिक पार्किंग फरवरी में मिल जाएगी। इसका संचालन दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरशन करेगी। इसके लिए प्राधिकरण और डीएमआरसी के बीच एमओयू साइन होंगे। पार्किंग का निरीक्षण भी डीएमआरसी के अधिकारी कर चुके है। इस पार्किंग की क्षमता करीब 400 वाहनों की है। इसके बाद शहर के व्यस्त मेट्रो स्टेशन सेक्टर-15 पर पार्किंग की समस्या समाप्त हो जाएगी। वर्तमान में मेट्रो पकड़ने के लिए यहां आने वाले लोग अल्का सिनेमा पर वाहनों को पार्क करते है। इसके अलावा सर्विस लेन में वाहनों की पार्किंग कराई जाती है।

**एक पैनल पर दो वाहनों की होगी पार्किंग**

इस महीने एमओयू की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। ऐसे में फरवरी 2024 से पार्किंग शुरू करा दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस पार्किंग एक पैनल पर दो वाहन खड़े किए जा सकते हैं। एक वाहन को हाइड्रोलिक के जरिए ऊपर कर दिया जाता है, दूसरी कार उसके नीचे खड़ी हो सकती है। इस तरह से कम जगह में 400 वाहनों की पार्किंग को बनाया गया है। पार्किंग बनने से सेक्टर-15 नयाबांस, सेक्टर-1 गोलचक्कर सहित आसपास के स्थानों पर जाम में कमी आएगी।

**एग्रीमेंट के तहत होटल कंपनी ने बनाई पार्किंग और किया हैंडओवर**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यह पार्किंग सेक्टर-1 गोलचक्कर के पास ही बनी है। यह व्यावसायिक भूखंड है। यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेवन आर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। एग्रीमेंट के तहत होटल कंपनी ने यहां पार्किंग का निर्माण किया और संचालन के लिए इसे प्राधिकरण के हैंडओवर कर दिया। इसका निर्माण करीब चार साल से चल रहा था।

**तीन जगह चल रही बहुमंजिला पार्किंग**

इस समय शहर में तीन जगह बहुमंजिला वाहन पार्किंग चल रही है जिनमें सेक्टर-18, 38ए बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-16ए स्थित फिल्म सिटी पार्किंग है। तीनों जगह करीब 10 हजार वाहनों को खड़े करने की क्षमता है। इनके अलावा सेक्टर-1, 3 और 5 में पार्क के नीचे पार्किंग बनी हुई है। इन सभी जगह अभी पार्किंग पूरी तरह फुल होकर नहीं चल रही है। इससे प्राधिकरण को नुकसान हो रहा है।

## सदरपुर में दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की जीडीए ने

**गाजियाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर बुधवार को जोन तीन क्षेत्र में चला। जिसमें अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान लोगों ने जीडीए की टीम का विरोध किया लेकिन अधिकारियों की सख्ती के आगे उनकी एक न चली और उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। जोन तीन प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम आज सदरपुर के पास शिवाला गांव में पहुंची और वहां सचिन, मोहित उमाकांत शर्मा और प्रदीप चौधरी द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद यह टीम जनहित इंस्टिट्यूट के पास पहुंची और वहां पर आबिद, अतीक व इंद्रपाल द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी तहस-नहस कर दिया गया। इस दौरान सहायक अभियंता दीप्ति चौहान, अनिल शर्मा अवर अभियंता प्रदीप गुप्ता बी शुक्ला और राजीव कुमार उपस्थित रहे।



## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध निगम का अभियान तेज, वसुंधरा तथा सिटी जोन में वसूला गया डेढ़ लाख का जुर्माना



**गाजियाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार चल रहा है। जिसमें निगम की टीम जहां शहर वासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील कर रही है वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी कर रही है। आज नगर निगम की टीम ने वसुंधरा तथा सिटी जोन के अंतर्गत बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में हिदायत देते हुए एक लाख 58300 का जुर्माना लगाया गया।

प्रवर्तन दल, स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी की टीम द्वारा मिलकर सिटी जोन के किराना मंडी क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्यवाही की है। जिसमें लगभग एक लाख का जुर्माना वसूला गया साथ ही 300 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया। आसपास की दुकानदारों द्वारा भारी विरोध भी किया गया। टीम ने कुबेर इंटरनेशनल गोदाम को सील किया तथा अन्य दो गोदाम से प्लास्टिक को जब्त किया। किराना मंडी में तीन गोदाम ऐसे मिले जहां पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो की 120 माइक्रोन से नीचे था। जिसको तुरंत जब्त कर लिया गया है।

वसुंधरा जोन के बजारी क्षेत्र में भी अभियान चलाया गया जिसमें 58 हजार 300 का जुर्माना किया गया। लगभग 40 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक दुकानदारों से जब्त किया। मौके पर परिवर्तन दल प्रभारी करनल दीपक शरण, एस एफ आई संजीव, स्थानीय पुलिस बल व अन्य टीम उपस्थित रही।

## शहरवासी अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लें लाभ: वीके सिंह

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने यहां कहा कि जनता केंद्र व राज्यसरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ हासिल करे। श्री सिंह मोहन नगर जोन जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के के अन्तर्गत लाजपत नगर स्थित डीएलएफ रामलीला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक सुनील शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस मौके पर निगम अधिकारियों ने कार्यक्रम की कमान संभाली अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आरके सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लगभग 1150 लाभार्थियों ने लाभ उठाया उज्ज्वला योजना में लगभग 42 महिलाओं को लाभ मिला है। इस प्रकार अन्य योजनाओं में भी क्षेत्र वासियों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह की देखरेख में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई। क्षेत्र के निवासियों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजीव शर्मा क्षेत्रीय पार्षद व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कार्पेट एरिया के आधार पर बेच सकते है फ्लैट

### सुपर एरिया का कोई मतलब नहीं, ऐसा नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही

**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। उप्र रेरा ने प्रोमोटर्स को किसी फ्लैट या अपार्टमेंट का विक्रय केवल कार्पेट एरिया के आधार पर करने का निर्देश दिया है। रेरा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इसमें सुपर एरिया का कोई औचित्य नहीं है। इस आधार पर अपार्टमेंट का विक्रय अवैधानिक माना जाएगा। रेरा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कारपेट एरिया के आधार पर ही अपार्टमेंट खरीदने और बेचने का नियम है। ऐसा नहीं करने पर प्रमोटर के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उप्र रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि ‘रेरा अधिनियम में सुपर एरिया जैसे शब्द का कोई वर्णन या इसे परिभाषित नहीं किया गया है। ऐसे में आवंटियों के लिए आवश्यक है कि वे कार्पेट एरिया को ही फ्लैट या अपार्टमेंट का वास्तविक क्षेत्रफल माने और इसी के अनुसार धनराशि का भुगतान इसी क्षेत्रफल के अनुसार करें।’

यही नहीं रेरा अधिनियम 2016 के अनुरूप प्रमोटर द्वारा रेरा में परियोजना के रजिस्ट्रेशन के समय उसके विभिन्न प्रकार के दस्तावेज और सूचनाएं देनी होती है। जिसमें अपार्टमेंट की संख्या और प्रकार के साथ साथ फर्श, बाल्कनी, टेरेस और अन्य क्षेत्र का क्षेत्रफल उपलब्ध कराना होता है। इनमें अपार्टमेंट का उल्लेख करते हुए दीवारों के आंतरिक हिस्से में स्थित वास्तविक फर्श का क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) उपलब्ध कराना होता है।

रेरा के स्वीकृत मॉडल एग्रीमेन्ट फॉर सेल के प्रारुप में हितधारकों के लिए उपलब्ध है। इस प्रारूप में भी केवल कारपेट एरिया के अनुसार ही विक्रय अनुबंध करने का प्रावधान है। इस प्रकार प्रमोटर्स द्वारा सुपर एरिया के नाम पर अपार्टमेंट का विक्रय करना रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत है। प्रमोटर्स को केवल कारपेट एरिया के आधार पर ही विक्रय करना चाहिए और ऐसा करने वाले पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## 57 बिल्डर प्रोजेक्ट को बकाया छूट देने के बाद बकाया राशि से कराया जाएगा अवगत

- मसौदा तैयार कर बिल्डर और प्राधिकरण के बीच एमओयू पर होंगे साइन
- 5 जनवरी को पहले सीईओ फिर चेयरमैन के साथ होगी बैठक

**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण बिल्डरों के बकाया की पुर्नगणना कर रहे है। इस सिलसिले में नोएडा प्राधिकरण 5 जनवरी को बिल्डरों के साथ एक बैठक होगी। जिसमें 57 डिफाल्टर प्रोजेक्ट के बिल्डर शामिल होंगे। इसके अलगे दिन नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के साथ बैठक की जाएगी। नोएडा में एनसीएलटी और कोर्ट मामलों को हटा दिया जाए तो कुल 7800 करोड़ रुपए बकाया है। इसी तरह ग्रेटरनोएडा में कुल 96 प्रोजेक्ट पर 5500 करोड़ का बकाया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा, ‘हमने बकाया की गणना के लिए एक स्वतंत्र सीए को नियुक्त किया है। 5 जनवरी को सभी 57 परियोजनाओं के डेवलपर्स की बैठक बुलाई गई है। उन्हें दो साल के लिए दी गई राहत को कोविड महामारी से उत्पन्न शून्य अवधि (अप्रैल 2020 से मार्च 2022) और एनजीटी के आदेश (अगस्त 2013 से जून 2015) को समायोजित करने के बाद बकाया राशि से अवगत कराया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण में कुल बकाया का 20 प्रतिशत समायोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन चेयरमैन की उपस्थिति में बिल्डर और प्राधिकरण के बीच बने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके बाद मामले को अंतिम मंजूरी के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। एक बार ऐसा हो जाने पर, डेवलपर्स को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का अपेक्षित 25 फीसदी भुगतान करना होगा और रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने के लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त करना होगा। जिन घर खरीदारों के पास इन परियोजनाओं में बिना रजिस्ट्री के अपने फ्लैटों का कब्जा है, उन्हें मालिकाना हक देना होगा। यही प्रक्रिया ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण में भी होगी। बता दे दोनों शहरों में करीब 1 लाख से अधिक घर खरीदार हैं जिन्हें अपने फ्लैटों की रजिस्ट्री और उनकी संपत्तियों के कब्जे के रूप में लाभ होगा। 1 लाख में से 68,000 ग्रेटर नोएडा में 96 डिफॉल्टर परियोजनाओं में हैं, और 32,000 से अधिक नोएडा में 57 परियोजनाओं में हैं।

## विद्यामंदिर क्लासेज ने ईटीएस के साथ किया एमओयू

- इसके तहत विदेश जाकर पढ़ने वाले स्टूडेंट्स में सिखाई जाएगी स्किल्स
- ईटीएस और टीओईएफएल एग्जाम की कराएंगे तैयारी



**नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) ने एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस) के साथ मिलकर एक नई पहल की है। ग्रेजुएट रिकॉर्ड एग्जामिनेशन (जीआरई) और टेस्ट ऑफ इंग्लिश फॉरेन लैंग्वेज (टीओईएफएल) जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए दोनों के बीच एमओयू साइन किए गए। इस पहल का मकसद उन भारतीयों छात्रों के सपनों का पूरा करना है जो विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं। इस साझेदारी से बच्चों को जीआरई और टीओईएफएल जैसे एग्जाम पास करने की स्किल्स सिखाई जाएंगी।

भारतीय छात्रों में विदेश जाकर पढ़ाई करनी की रुचि काफी बढ़ रही है। जिसे देखते हुए ही विद्यामंदिर क्लासेज ने जेईई और नीट की तैयारी से आगे बढ़ते हुए ये कदम उठाया। ईटीएस के साथ मिलकर वीएमसी का उद्देश्य भारतीय छात्रों को जीआरई टीओईएफएल जैसे एग्जाम के लिए तैयार करना है ताकि वो इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में एडमिशन हासिल कर सकें।

विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर सौरभ कुमार ने कहा कि ईटीएस के साथ ये पहल काफी उत्साहजनक है। हमारी ये पहल छात्रों को उनके हर तरह के ख्वाब पूरा करने में गाइड करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जीआरई और टीओईएफएल ऐसे एग्जाम हैं जो विदेश जाकर पढ़ाई करने के लिए छात्रों के एंट्री पास के रूप में काम करेगा। एक ऐसा माहौल तैयार करेगा जो उनकी स्किल्स को और निखारेगा। उन्होंने बताया कि जो छात्र वीएमसी के जीआरई और टीओईएफएल प्रोग्राम की कोचिंग लेंगे, उन्हें न सिर्फ एग्जाम का कंटेंट पढ़ाया जाएगा। बल्कि टाइम मैनेजमेंट टेक्निक, इफेक्टिव स्ट्रैटेजी और प्रैक्टिस रिसोर्स से भी मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा वीएमसी अपने अनुभवी फैकल्टी की मदद से छात्रों को गाइड करेगा और उनकी मदद करेगा।

## जनप्रतिनिधियों के साथ कार्य स्थलों पर भी निरीक्षण करें अधिकारी: नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने समस्त विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। जिसमें नगर आयुक्त ने समस्त विभागीय अधिकारियों के कार्यो की रिपोर्ट को देखा, शहर हित में चल रहे निर्माण कार्यों की भी रिपोर्ट देखी जिसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने के लिए कहा। अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्य संबंधित सूचना नगर आयुक्त के समक्ष पेश की, बैठक में टैक्स, उद्यान, निर्माण, जलकल, प्रकाश, संपत्ति तथा लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

निगम हित तथा शहर हित में कार्य करने को लेकर सभी विभाग के अधिकारियों से विशेष चर्चा की गई जिसमें ‘बस शेल्टरो का निर्माण, लाइसेंस में अन्य मदों से निगम की आय, एसटीपी निर्माण कार्य, जलकल विभाग संबंधित कार्य, बायोडायवर्सिटी पार्क, नालों का बायोरिमिशन का कार्य, माननीय पार्षदों द्वारा दिए गए प्रस्तावों के कार्य, पुनरक्षित बजट 2023- 24 पर विस्तार से चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने समस्त विभागीय अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए तथा कार्य स्थलों पर जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर में अधिकांश कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो रहे हैं जिसकी प्रशंसा क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी की गई है। गाजियाबाद नगर निगम के कई प्रोजेक्ट पर भी कार्य चल रहा है कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इस पर विशेष ध्यान देने के लिए नगर आयुक्त ने विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा, शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए।



- **शहर हित में कार्य करने को लेकर सभी विभाग के अधिकारियों से विशेष चर्चा की गई**

उवाच

पहले प्रशासनिक कार्यालय में योजनाओं के लाभ के लिए ग्रामीण चक्कर लगाते थे लेकिन मोदी योगी के राज में प्रशासनिक कार्यालय के लोग मोदी योगी के राज में प्रशासनिक कार्यालय के लोग गांव में आकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रहे हैं। मोदी की गारंटी वैन गांव गांव जा कर लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देने का कार्य कर रही है : **डा. महेश शर्मा**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 45 बकायेदार बिल्डरों ने सौंपी रिपोर्ट

ग्रेटर नोएडा, 3 जनवरी (देशबन्धु)। बकायेदार 45 बिल्डरों ने अपने बकाये की रिपोर्ट ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। प्राधिकरण की भी छह टीमें बकाये की गणना में जुटी हैं। बकायेदार बिल्डरों को करीब 1100 करोड़ रुपये की राहत मिलने का अनुमान है। फ्लैट खरीदारों को राहत दिलाने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत समिति की अगुवाई में समिति का गठन किया गया था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकार के शासनादेश को अंगीकृत कर लिया। बताया जाता है कि इन सिफारिशों का करीब बकायेदार 96 बिल्डरों को लाभ मिलेगा। इन बिल्डरों पर करीब 5500 करोड़ रुपये का बकाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर भी अपने स्तर पर बकाया की गणना कर रहे हैं। 45 बिल्डरों ने बकाये की गणना का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। प्राधिकरण ने बकाये की गणना के लिए दो सीए की नियुक्ति की है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की छह टीमें बकाये की गणना में जुटी हैं। वहीं, सात जनवरी को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह इस मुद्दे को लेकर बैठक करेंगे। इससे पहले छह जनवरी को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त नोएडा प्राधिकरण के साथ बैठक करेंगे।



- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह सात को ग्रेनो प्राधिकरण में करेंगे बैठक
- प्राधिकरण की भी छह टीमें बकाए की गणना में जुटी, बिल्डरों को करीब 1100 करोड़ रूपए की राहत मिलने की उम्मीद

## बिल्डर्स केवल कार्पेट एरिया के अनुरूप ही अपार्टमेन्ट का करें विक्रय: यूपी रेरा

- बिल्डर सुपर एरिया के नाम पर अपार्टमेंट का विक्रय करेंगे तो होगी कार्रवाई
- यूपी रेरा की साइट पर केवल कार्पेट एरिया का ही विक्रय अनुबन्ध करने का है प्राविधान

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा ने प्रोमोटर्स (बिल्डर्स) को किसी फ्लैट, अपार्टमेंट का विक्रय केवल कार्पेट एरिया के आधार पर करने के लिए निर्देशित किया है। रेरा अधिनियम के प्राविधानों एवं अन्य विधिक अनुबन्धों के अनुरूप सुपर एरिया का कोई औचित्य नहीं है और इस आधार पर अपार्टमेंट का विक्रय अवैधानिक माना जाएगा। रेरा अधिनियम के प्रविधानों के अनुसार कार्पेट एरिया के आधार पर ही अपार्टमेंट क्रय-विक्रय विधि सम्मत है। उ.प्र. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के मुताबिक रेरा अधिनियम में सुपर एरिया जैसे शब्द का कोई वर्णन या इसे परिभाषित नहीं किया गया है। यह आवंटियों के लिए अति आवश्यक है वे कार्पेट एरिया को ही फ्लैट या अपार्टमेंट का वास्तविक क्षेत्रफल माने और धनराशि का भुगतान इसी क्षेत्रफल के अनुरूप करें। रेरा अधिनियम 2016 के अनुरूप प्रोमोटर द्वारा रेरा में परियोजना पंजीकृत करते समय उसके विभिन्न प्रकार के अभिलेख एवं सूचनाएं प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें अपार्टमेंट की संख्या और प्रकार के साथ साथ फर्श, बालकनी, टेरेस तथा अन्य क्षेत्र का क्षेत्रफल उपलब्ध कराना होता है। इनमें अपार्टमेंट का उल्लेख करते हुए दीवारों के आंतरिक हिस्से में स्थित वास्तविक फर्श का क्षेत्रफल (कार्पेट एरिया) उपलब्ध कराना होता है।<

प्रोमोटर्स तथा उपभोक्ताओं के मध्य विक्रय अनुबन्ध के लिए उ.प्र. रेरा पोर्टल पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत मॉडल एग्रीमेन्ट फॉर सेल का प्रारूप समस्त हितधारकों के लिए उपलब्ध है। इस प्रारूप में भी केवल कार्पेट एरिया के अनुसार ही विक्रय अनुबन्ध करने का प्राविधान है। इस प्रकार प्रोमोटर्स द्वारा सुपर एरिया के नाम पर अपार्टमेंट का विक्रय करना रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत है। प्रोमोटर्स को केवल कार्पेट एरिया के आधार पर ही विक्रय करना चाहिए और ऐसा करने वाले पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू




**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। शारदा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस में समसामयिक विश्व में सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय एंव राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शारदा विश्वविद्यालय के प्रो. चासंलर वाई.के. गुप्ता, शारदा विश्वविद्यालय के डॉ. परमानंद, शारदा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस की डीन डॉ. अन्विति गुप्ता सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान दो पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। प्रो. चासंलर वाई.के. गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का विषय समय के अनुसार बेहद अहम है। भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से भारत को विश्व गुरू बनने में अहम योगदान मिल सकता है। यहां तक की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसको शामिल करना चाहिए। यह एक ऐसा विषय है जिस पर अंतरराष्ट्रीय देश भी अनुसंधान कर रहे है और यह यह जिम्मेदारी हर विद्यालय एवं विश्वविद्यालय की होनी चाहिए कि वह भारतीय ज्ञान प्रणाली को अपने कोर्स का हिस्सा बनाए। इसरो के वैज्ञानिक एवं भारत सरकार के पूर्व सलाहकार, अनुसंधान डा. ओम प्रकाश पांडे ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को अपनाने के लिए उसको समझना बहुत आवश्यक है। अगर भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो भारत पूरे विश्व में सबसे अनोखा देश है, यही नही हमारे देश का मूल्य भी अलग है क्योकि यहां विभिन्न प्रकार की संस्कृति देखी जा सकती है। ब्रह्म कुमारीस की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि मनुष्य को जीवन में स्वास्थ्य, संपत्ति, खुशी जैसी अच्छी चीजें चाहिए, जब शिक्षा की बात आती है तो यह अंदर से अपने आप आनी चाहिए। ज्ञान को तीन रूप से देखा जा सकता है ज्योति, संपत्ति एंव शक्ति। इस कार्यक्रम में शारदा विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर, शिक्षक एवं छात्र सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया।

## सावित्रीबाई फूले का मनाया गया 197वां जन्मोत्सव



**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। सावित्रीबाई फूले बालिका इण्टर कॉलेज में सावित्रीबाई फूले के 197 वें जन्मोत्सव पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सावित्रीबाई फुले के विचारों पर प्रकाश डाला गया साथ ही नारी सशक्तीकरण को निरंतर क्रियाशील रहने का संकल्प लिया गया प्रभारी उप प्रधानाचार्या प्रीति फोगॉट ने भी छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रांगण में माता सावित्री बाई के जन्मोत्सव पर अनेक शिक्षिकाएं व स्टाफ उपस्थित रहे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक होगा आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 3 जनवरी (देशबन्धु)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में 29 जनवरी से 31 जनवरी तक विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक ने बताया गया कि दीवानी न्यायालय सूरजपुर में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपने चौक बाउंस आदि से संबंधित वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते है।

## रोजगार मेले में 163 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। राजकीय आई.टी.आई. नोएडा एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन गौतम बुद्ध नगर के संयुक्त तत्वाधान में बाल भारती एकेडमी प्रशिक्षण केंद्र प्लॉट नंबर 53 नॉलेज पार्क-5, ग्रेटर नोएडा में रोजगार मेला आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी शामिल हुए। जिला कौशल प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जिले की 27 कंपनियों ने प्रतिभाग किया एवं 284 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 163 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। राजकीय आईटीआई नोएडा की प्रधानाचार्य नीती मिश्रा ने चयनित अभ्यर्थियों से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियों के प्रबंधकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में होने वाले रोजगार मेले में पुन: उपस्थिति होने के लिए आमंत्रित भी किया।

## गैंगस्टर के तहत रवि काना के सौ करोड़ की सम्पत्ति हुई सील

- निर्माणाधीन साइट पर धमकाकर उतरवाते थे ट्रक से लदा सरिया
- स्क्रैब कंपनियों में धमकाकर कम दर पर टेंडर डालकर जमाए थे कब्जा

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया और सरिया तस्कर रवि नागर उर्फ रवि काना समेत उसके गैंग के 16 सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है, उसी के तहत पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना की गैंगस्टर के तहत लगभग 100 करोड़ रूपए की संपत्ति सील की है। एडीसीपी अशोक शर्मा ने बताया कि थानाध्यक्ष ईकोटेक प्रथम की संयुक्त टीम ने श्रीकृष्णा स्टीम व एक अन्य फैक्ट्री प्राइम प्रोसेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड पर दबिश दी गई। फैक्ट्रियों में स्क्रैप लदे दो ट्रक व 20 ट्रक खाली, दो ट्रैक्टर, तीन 03 मोटरसाइकिल, 10 कम्प्यूटर व प्रिंटर और अन्य सामान सील किया गया। सील किए गए स्क्रैप व अन्य सामान की अनुमानित कीमत लगभग 100 करोड़ रूपए है। एडीसीपी अशोक शर्मा ने बताया कि 25 जुलाई 2023 को ही स्क्रैप माफिया व सरिया तस्कर रवि नागर उर्फ रवि काना की पुलिस सुरक्षा हटा ली गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस सुरक्षा की रवि काना ने मांग की थी कि उसे जान का खतरा है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अपराधिक मामलों में लिप्त होने की बात सामने आई थी। गैंग के सदस्य लंबे समय से सरिया व स्क्रैप के व्यवसाय से जुड़े हैं। गैंग के सदस्यों द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन साईटों पर जाने वाले सरिये के ट्रकों को रोककर चालक से मिलीभगत कर सरिया उतरवा लेते हैं तथा रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फरवि काना से साइट के मैनेजर को डरा धमकाकर स्टॉक बुक में पूरा वजन अंकित कराते हैं। उतारे गए सरिया को बाजार भाव से व्यापारियों को बेचकर गैंग के लिये अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। आरोपी गैंग लीडर रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना एवं गैंग सदस्य उपरोक्त द्वारा मनचाही दर से स्क्रैप टेंडर को अपनी कम्पनी तथा अपने सहयोगियों की बेनामी कम्पनियों के नाम बाजार रेट का 1 से 10 प्रतिशत यानी अत्यंत न्यूनतम दर पर प्राप्त कर टेंडर छीन लेते थे। साथ ही ये डरा धमकाकर दूसरों को कंपनी में टेंडर डालने से रोकते थे।

## महिला की फेसबुक आईडी हैक कर अश्लील फोटो किया अपलोड

**दनकौर,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा निवासी एक महिला की फेसबुक आईडी हैक कर अज्ञात आरोपी ने अश्लील फोटो पोस्ट किए है। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित के पति ने इस संबंध में बुधवार को कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि अज्ञात आरोपी ने उनकी पत्नी की फेसबुक आईडी को हैक कर कई अश्लील फोटो अपलोड कर दिए है। मामले की जानकारी होने पर जब उसकी पत्नी ने फोटो को डिलीट करना चाहा तो फेसबुक आईडी खुल नहीं सकी। पीड़ित के पति का आरोप है कि आरोपी ने फेसबुक आईडी के पासवर्ड भी बदल दिए हैं। जिसकी जानकारी पीड़ित को हुई तो उन्होंने अपने पत्नी को इस मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित के पति ने कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में मामले की शिकायत की है। घटना के बाद से पीड़ित महिला मानसिक रूप से काफी परेशान है। जिसके पति ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है पीड़ित की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच कर आरोपी के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत के लिए लाभार्थियों को सांसद ने दिलाई शपथ




**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव रजपुरा कला एवं रामपुर चचोरा गांव में पहुंची दोनों जगह मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ महेश शर्मा रहे। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने विकसित भारत बने उसके लिये शपथ दिलायी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले प्रशासनिक कार्यालय में योजनाओं के लाभ के लिए ग्रामीण चक्कर लगाते थे लेकिन मोदी योगी के राज में प्रशासनिक कार्यालय के लोग मोदी योगी के राज में प्रशासनिक कार्यालय के लोग गांव में आकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रहे हैं। मोदी की गारंटी वैन गांव गांव जा कर लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, सतपाल तालान, कर्मवीर आर्य, कपिल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष जगदीप नागर, उदय चौधरी, सुनील ठाकुर, दुष्यंत चौधरी, धर्मेंद्र भाटी, सतपाल एवं ब्लॉक अधिकारियों ने कैम्प लगा कर अनेकों योजनाओं के सैकड़ों कार्ड वितरित किये।

## पंप आपरेटरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। शहर में पानी की सप्लाई करने वाले पंप आपरेटरों ने बुधवार को प्राधिकरण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि 20 साल से उनका शोषण किया जा रहा है। वाटर सप्लाई करने वाले कर्मचारियों को जीएम पोर्टल से सीधे नहीं जोड़ा गया है। जबकि उनके नाम पर 18 से 20 हजार रुपए प्राधिकरण की ओर से दिए जाते हैंए लेकिन पंप आपरेटरों को केवल 13500 रुपए ही दिए जा रहे हैं। यदि उनकी मांग पूरी न हुई तो पानी की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। संजय भाटी ने आरोप लगाया कि कई-कई माह तक उनको मानदेय नहीं दिया जाता है। अधिकारियों की शह पर ग्रामीण क्षेत्र में 12 घंटे काम लिया जा रहा है और शहर में आठ घंटे काम करा रहे हैं। सात माह से कई-कई ठेकेदारों ने मानदेय नहीं दिया है। जब भी अपनी मांग रखते हैं तो ठेकेदार उनको नौकरी से निकालने का डर दिखाकर चुप कर दिया जाता है। बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने पंप आपरेटरों को बुलाया और वार्ता कर उनकी समस्या को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस मुख्यालय में फोर्टिस हास्पिटल ग्रेनों स्वास्थ्य व्याख्यान व शिविरि का करेगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा गुरुवार को नोएडा पुलिस के सहयोग से, नोएडा पुलिस मुख्यालय (ट्रैफिक पार्क) के ऑडिटोरियम में एक स्वास्थ्य टॉक और मल्टी-स्पेशलिटी कैंप का आयोजन करेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मी सिंह, पुलिस कमिश्नर शामिल होंगी। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉ. दिनेश के. त्यागी, एडिशनल डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन, अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट के महत्व को समझाते हुए बहुमूल्य विचार रखेंगे। पीरियड्स और प्रेगनेंसी के दौरान महिला स्वच्छता और स्वास्थ्य पर भी एक सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. सोनाली गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर-ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने महिला स्वास्थ्य पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान करेंगी। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के फैसिलिटी डायरेक्टर, प्रमित मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि हेल्थ टॉक और मल्टी-स्पेशलिटी कैंप का उद्देश्य सभी को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## प्रो. डॉ. प्रवीणा राजीव ने बिमटेक डायरेक्टर का कार्यभार संभाला



ग्रेटर नोएडा, 3 जनवरी (देशबन्धु)। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा किया गया है, जो डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी का स्थान लेंगी, जो अब बिमटेक और बिड़ला ग्लोबल यूनिवर्सिटी (बीजीयू) की मूल संस्था, बिड़ला एकेडमी ऑफआर्ट एंड कल्चर के मुख्य शैक्षिक सलाहकार की भूमिका निभाएंगे और उन्हें मार्गदर्शन देंगे। आईआईटी खड़गपुर के विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में फाइनेंस और अकाउंटिंग में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को व्यापक अनुभव हासिल है। 25 वर्षों के कार्यकाल के साथ बिमटेक के सबसे लंबे समय तक सेवारत निदेशक डॉ. चतुर्वेदी ने संस्थान के महत्वपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ग्रेटर नोएडा और भुवनेश्वर में दो आवासीय परिसरों की स्थापना का नेतृत्व किया। डॉ. चतुर्वेदी बिमटेक और बीजीयू का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे और दोनों संस्थानों के बोर्ड के सदस्य के रूप में काम करेंगे।

## अंसल गोल्फ लिंक में सर्विस रोड पर बने अवैध रैंप को प्राधिकरण ने किया ध्वस्त







**ग्रेटर नोएडा,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने मंगलवार को अंसल गोल्फ लिंक में आर-2 रोड की सर्विस रोड पर फ्लैटों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अवैध रूप से बने रैंप को तोड़ दिया है। अवैध रैंप बनाने वालों को खुद से न तोड़ने पर प्राधिकरण की तरफसे कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-4 के सीनियर मैनेजर नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण कर्मियों का दस्ता मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के आर-टू रोड की सर्विस रोड की तरफअंसल लिंक रोड के बाहरी एरिया में बने फ्लैटों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास पहुंचा। प्राधिकरण कर्मियों ने बुल्डोजर का इस्तेमाल कर आवासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध रूप से बने रैंप को तोड़ दिया। इस दौरान सुरक्षाकर्मी भी साथ रहे। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से इन लोगों को पूर्व में ही नोटिस जारी कर दी गई थी, जिसमें तीन दिन में अवैध रैंप को खुद से तोड़ने की हिदायत दी गई थी, लेकिन अवैध रैंप को नहीं हटाया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्राधिकरण की तरफ से यह अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है। सर्विस रोड पर अवैध रैंप बन जाने से ड्रेनेज सिस्टम और सीवर की निकासी में दिक्कत आ रही है। इस कार्रवाई के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मैनेजर सुरेंद्र भाटी, जेई हरेंद्र सहित अन्य प्राधिकरण कर्मी मौजूद आदि मौजूद रहे।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1016/एस.टी.-एस.डी.एम/2018 दिनांक 10.10.2018 के अनुसार मृतक स्व0 श्री स्व0 कुवेंरपाल पुत्र श्री रमकन्ना नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 29.09.2017 को चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 24 | 671<br>676 | स्व0 कुवेंरपाल पुत्र श्री रमकन्ना नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर | धर्मपाल | 65 वर्ष | पुत्र |
| | | | | रामपाल | 61 वर्ष | पुत्र |
| | | | | ब्रहमपाल | 58 वर्ष | पुत्र |
| | 27 | 466<br>467 | | श्रीपाल | 56 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री महीपाल | 53 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री हेमन्त | 48 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमति धर्मवती | 63 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमति श्यामवती | 60 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 540/एस0टी0-एस0डी0एम/2015.16 दिनांक 22.07.2016 के अनुसार मृतक श्री स्व0 जय सिह पुत्र श्री मान सिंह नि0 ग्राम उची दनकौर परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 23.06.2016 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 210 | 143/1<br>145/1<br>146/1<br>146/2<br>148, 149,<br>150, 151,<br>152/17<br>152/4<br>197, 146,<br>152/3<br>152/4 | श्री स्व0 जय सिंह पुत्र स्व0 श्री मान सिंह नि0 ग्राम उँची दनकौर परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ममता रानी | 58 वर्ष | पत्नी |
| | | | | कु0 पारूल सैनी | 16 वर्ष | संर0 माता स्वयं श्रीमती ममता |
| | | | | मुकुल सैनी | 15 वर्ष | |
| | | | | कु0 कुमकुम सैनी | 13 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी भी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 4 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## किसानों के बाद ड्राइवर बने पथ प्रदर्शक

किसानों के बाद बस व ट्रक ड्राइवरों ने देश को आंदोलन की राह दिखाई है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ 5 नवम्बर, 2020 से आंदोलन प्रारम्भ करने वाले किसानों को 378 दिन लगे थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह कहलवाने में कि इन कानूनों को वापस लिया जा रहा है क्योंकि वे 'किसानों को इनके लाभ समझाने में असफल हो रहे हैं।' मोदी को यह भी मलाल रहा कि 'शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गयी।' देश भर के किसान इन कानूनों के खिलाफ लामबन्द हो गये थे, लेकिन उसकी सर्वाधिक सघनता और उसे दबाने का सरकारी उद्रेक देश की राजधानी दिल्ली की तीन सीमाओं पर देखा गया था- टिकरी, गाजीपुर और सिंघू। दूसरी तरफ 'हिट एंड रन' मामले में अत्यंत कठोर कानूनों के विरुद्ध 2024 की पहली तारीख से प्रारम्भ हुए बस एवं ट्रक ड्राइवरों के आंदोलन को केवल दो ही दिन लगे सरकार को घुटनों पर लाने में।

दोनों ही आंदोलन देश के स्याह आसमान में दो बेहद चमकदार सितारों की तरह टिमटिमाते रहेंगे और दिशा बतलाते रहेंगे कि कैसे संसद को आवारा होने से बचाने के लिये सड़कों को गुंजायमान करना चाहिये। किसानों के सड़कों पर उतरने का कारण था देश की मजबूत मंडी व्यवस्था को तबाह कर कृषि उत्पादों को मोदी के कारोबारी मित्रों के भंडारगृहों तक पहुंचाने के मंसूबों को ध्वस्त करना, तो वहीं बसों एवं ट्रकों के ड्राइवरों को स्टीयरिंग व्हील को छोड़कर रास्तों को जाम करने का उद्देश्य था खुद को ऐसी सज़ा से बचाना जो गलती के अनुपात में बहुत ज्यादा कठोर है। अपराधिक प्रक्रिया संहिता (आईपीसी) के कुछ प्रावधानों में केन्द्र ने हाल ही में समाप्त हुए उस संसद सत्र में संशोधन किया, जिसमें विपक्ष लगभग नदारद था। करीब डेढ़ सौ सांसदों की अनुपस्थिति में, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से और किसी षडयंत्र के तहत निलम्बित किया गया था, ये कानून पास हुए जिसके मुताबिक हिट एंड रन मामले में 10 वर्षों की सज़ा और 7 लाख रुपये का जुर्माना तय किया गया है। ये प्रावधान इतने कठोर हैं कि हजारों लोगों ने ड्राइवरी से तौबा करने की ठान ली। वे जान गये कि इसकी चपेट में आने पर उनका आजीवन जेल में रहना तय है।

वैसे तो यह कानून हर उस व्यक्ति पर लागू होता है जो किसी भी प्रकार के वाहन चलाता है, फिर चाहे वह ट्रक हो या बस, कार हो या बाइक। गैर इरादतन व त्रुटिवश अगर उनके द्वारा कोई दुर्घटना होती है तो उसे घायल को अस्पताल पहुंचाने और पुलिस में जाकर शिकायत करना कानूनन बाध्य होगा। इस कानून के अमल में वाहन चालकों द्वारा व्यवहारिक दिक्कतें महसूस किये जाने पर यह तीन दिवसीय हड़ताल पुकारी गई थी। दो दिनों में ही देश का जो हाल हुआ, उससे सरकार झुक गई। देश भर के पेट्रोल पम्प खाली हो गये और जीवनावश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं। यात्रियों को बसें नहीं मिलीं और माल ढुलाई ठप हो गई। ट्रेनें इस कदर पैक हो गईं कि डिब्बों में पैर रखने की जगह भी नहीं रही। बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। लोगों को बस अड्डों में रात गुजारने पड़ी।

ऐसी हालत होने पर सरकार की आंखें खुलीं और वह समझ गई कि हड़ताल के तीसरे दिन में प्रवेश करते-करते अनर्थ हो जायेगा। सामने चुनाव भी है। 22 जनवरी को राममंदिर का उद्घाटन समारोह तो बदमज़ा हो ही जायेगा, अप्रैल में निर्धारित लोकसभा चुनाव में भी उसे नुकसान पहुंचेगा। जिस तरह से राममंदिर प्रकरण में मोदी धार्मिक मसले का सहारा लेकर अपनी जीत व तीसरी बार पीएम बनने के लिये प्रयासरत हैं, उससे रामभक्त ही नाराज़ हो चले हैं। कई लोगों के इस आशय के वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें वे बता रहे हैं कि पहले वे भाजपा को ही वोट देते आये हैं परन्तु अब नहीं देंगे। ऐसे ही, उतर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अकबर नगर में चले बुलडोज़र ने ऐसे लोगों के घरों को गिराया है जो भाजपा के मतदाता हैं। अब ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी भाजपा से मोह भंग हो गया है। कई ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर आदि कह रहे हैं कि इस बार वे भाजपा को सबक सिखाएंगे।

सम्भवत: भाजपा व केन्द्र को इसकी भनक मिल गई है। किसी बड़े नुकसान के अंदेशे में मंगलवार को सुलह हुई और ट्रकों के थमे हुए पहिये फिर से घूमने लगे। इसलिये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अभी ये कानून लागू नहीं किये जा रहे हैं। इन पर अमल इस क्षेत्र के प्रतिनिधियों से बात करने के बाद होगा।

जिस प्रकार से भूमि अधिग्रहण कानून एवं कृषि कानूनों के खिलाफ लोग हमलावर हुए और केन्द्र सरकार को इन्हें वापस लेना पड़ा था, वैसे ही इस मामले में भी सरकार को मुंह की खानी पड़ी है। माना जाता है कि पहले दोनों कानूनों की ही तरह ये कानून (हिट एंड रन) भी असंगठित क्षेत्र को तबाह करने के उद्देश्य से लाये गये थे ताकि बाद में इन्हें निजी क्षेत्र को सौंपा जा सके। जिस प्रकार पहले किसानों को यह बात समझ में आ गई और उन्होंने वक्त रहते काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन छेड़ा, वैसा ही इस बार हुआ।

तीनों ही मर्तबा केन्द्र सरकार ने विशेषज्ञों, संसदीय समितियों, सांसदों और सम्बन्धित पक्षों से सलाह-मशविरा किये बिना ये कानून पारित किये लेकिन वापस लेने पड़े। ऐसे वक्त में जब मोदी सरकार के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठा रहा, ड्राइवरों ने सजगता व निडरता का परिचय दिया है जिससे सभी को सीखना चाहिये। किसान-ड्राइवर नये पथ प्रदर्शक हैं।

# ये अंदाज़-ए-गुफ़्तुगू क्या है

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

बात तो अच्छे दिनों की हुई थी, लेकिन नौबत आ गई औकात पूछने और बताने की। हिट एंड रन पर बने नए कानून के विरोध में देश के कई राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल की थी और हड़तालियों से चर्चा के दौरान एक जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत देते हुए एक ड्राइवर से कह दिया कि तुम्हारी औकात क्या है। बदले में ड्राइवर ने भी कह दिया कि हमारी कोई औकात नहीं है, इसलिए हाथ जोड़ कर विनती कर रहे हैं। मामले ने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तूल पकड़ा तो अब उन जिलाधिकारी को पद से हटा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि- 'अधिकारी का ऐसी भाषा बोलना उचित नहीं है। ख़ासकर ये सरकार तो गरीबों की सरकार है।' मनुष्यता के नाते हमारी सरकार में ये भाषा स्वीकार नहीं है। मोहन यादव ने ये भी कहा कि मैं खुद मजदूर परिवार से निकला हुआ बेटा हूं।

अच्छा है कि ये बात नयी सरकार के लिए मुसीबतें बढ़ाती, इससे पहले ही संभाल ली गई। लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या दूसरों का दर्द समझने के लिए राज्य के मुखिया का मजदूर का बेटा होना और देश के मुखिया का चायवाला होना जरूरी है। सरकार को ये प्रचारित करने की जरूरत क्यों होती है कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। अगर सत्ता संविधान के मुताबिक चले और सरकारें लोककल्याण को सर्वप्रथम रखकर काम करें, तो इस तरह की खोखली बातों की जरूरत ही नहीं होगी। न ही फिर ऐसी भाषा बोलने की हिम्मत सत्ता और धन की शक्ति से संपन्न लोगों को होगी। मगर आज की कड़वी सच्चाई यही है कि हिट एंड रन पर नए कानून बनाने वाली सरकार हिट और स्टे की तर्ज पर काम कर रही है। गरीबों को, आम लोगों को, रोजाना कई तरह से हिट किया जा रहा है, फिर उन्हें उनकी औकात याद दिलाते हुए बताया जा रहा है कि अच्छे दिन आएंगे।

बहुत से लोग इन्हीं अच्छे दिनों के लिए बरसों से जुटे हुए थे। उन्हें पता था कि धर्म और मुफ्त की चीजें, इन दो बातों का नशा हिंदुस्तान की जनता पर कितना असर करता है। उनकी दूरंदेशी रंग लाई। अब जिन लोगों के अच्छे दिन हैं, वो बाकी लोगों से पूछ रहे हैं कि बताओ तुम्हारी औकात क्या है। सवाल पूछने की तुम्हें हिम्मत कैसे हुई। ऐसा ही सवाल तो गालिब से भी किया गया है। लेकिन आज गालिब की तरह जवाब देने वालों के मुंह बंद कर दिए गए हैं। गालिब ने कह दिया था-

हर एक बात पे कहते हो तुम कि तू क्या है।
तुम्हीं कहो कि ये अंदाज़-ए-गुफ़्तुगू क्या है।।

आज तो ऐसा कोई कह ही नहीं सकता, क्योंकि आज तो गुफ्तगू का अंदाज ही यही है। संसद में सांसदों ने सवाल पूछने की जब भी गुस्ताखी की, उन्हें उसकी सजा मिली। पहले एक-दो, सांसदों का निलंबन होता था, अब एक साथ आधी से अधिक संसद को साफ कर दिया गया। सवाल पूछने वाले चिल्लाते रह गए ये कौन सा अंदाज है, जवाब में राष्ट्रधर्म, देशसेवा, लोकतंत्र, मर्यादा जैसे शब्दों के तीर छोड़ दिए गए। बता दिया गया कि जब औकात दिखाने की बारी आती है तो किसी को नहीं बख्शा जाता है। महिला पहलवानों को भी इसी तरह औकात दिखाई गई। इंसाफ के नाम पर पहलवानों ने पहले धरने-प्रदर्शन का रास्ता चुना, सोचा होगा कि इस लोकतांत्रिक देश में ऐसे प्रदर्शनों से सत्ता की जड़ें पहले हिल चुकी हैं, तो अब भी ये तरीका असर करेगा। लेकिन पहलवान तो केवल कुश्ती के अखाड़े के नियम जानते हैं, उन्हें सियासी दांव-पेंचों का अंदाज भी नहीं है। सो पहलवानों को सियासी भाषा में उनकी औकात दिखा दी गई। चाहे किसी ने रोते हुए कुश्ती से संन्यास का ऐलान किया या किसी ने प्रधानमंत्री निवास के सामने अपने पुरस्कार रख दिए। उनके विरोधों का असर वैसा ही हुआ, जैसे कमल के पत्तों पर से पानी की बूंद फिसल जाती है। यौन शोषण के आरोपी को अब भी संसद के भीतर ठहाके लगाने की छूट मिली हुई है।

> **आज तो ऐसा कोई कह ही नहीं सकता, क्योंकि आज तो गुफ्तगू का अंदाज ही यही है। संसद में सांसदों ने सवाल पूछने की जब भी गुस्ताखी की, उन्हें उसकी सजा मिली। पहले एक-दो, सांसदों का निलंबन होता था, अब एक साथ आधी से अधिक संसद को साफ कर दिया गया। सवाल पूछने वाले चिल्लाते रह गए ये कौन सा अंदाज है, जवाब में राष्ट्रधर्म, देशसेवा, लोकतंत्र, मर्यादा जैसे शब्दों के तीर छोड़ दिए गए।**

ऐसे ही बीएचयू की छात्रा के आरोपी भी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे की औकात दिखा गए। वो संसद तक अभी नहीं पहुंचे हैं, लेकिन रास्ता तो तैयार हो ही गया है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में हुई सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को 60 दिन लग गए। जहां मामूली लोगों की गलती पर या केवल उनके धर्म या जाति के आधार पर बुलडोजर को पहुंचने में 60 घंटे भी नहीं लगते, वहां दो महीने तक सामूहिक बलात्कार करने वाले खुले घूमते रहे और इस बीच न जाने कितनी और लड़कियां उनकी निगाह में आ गई होंगी। नवंबर-दिसंबर के बीच पांच राज्यों में चुनाव भी हुए तो भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी होने के नाते उन्होंने पार्टी का काम भी किया ही होगा। ये आरोपी जानते हैं कि अभी यूपीए सरकार नहीं है, जहां निर्भया कांड के बाद प्रधानमंत्री से लेकर पूरी सरकार को लोगों ने जिम्मेदारी का अहसास दिलाते हुए कटघरे में खड़ा कर दिया था। अभी तो भाजपा सत्ता में है, जहां औकात बताने का काम सत्ता में बैठे लोग करते हैं। इन आरोपियों ने दस सालों में इसी बात का तो प्रशिक्षण लिया होगा कि अल्पसंख्यकों को, गरीबों को, लड़कियों को, भाजपा के विरोधियों को उनकी औकात कैसे दिखाई जाए।

औकात दिखाने के कुछ और उदाहरण हाल में और सामने आए हैं। रेलवे स्टेशन पर बने मोदी सेल्फी प्वाइंट पर सवा छह लाख रूपए खर्च हुए, ये जानकारी सूचना के अधिकार के तहत जिस अधिकारी ने दी, उसे उसकी औकात बताते हुए उसका तबादला कर दिया गया। जल्दी ही बाकी संवैधानिक अधिकारों की औकात भी देश को बता दी जाएगी। अडानी समूह पर सवाल उठाने वालों को भी उनकी औकात से परिचय कराया जाता रहा है, अब हिंडनबर्ग मामले में एसआईटी की जांच से सर्वोच्च अदालत ने इंकार कर दिया है। एक बार फिर औकात का आईना देश को देखने मिल गया। सोशल मीडिया पर याद दिलाया गया कि ठीक दस साल पहले 3 जनवरी 2014 को इस देश में प्रधानमंत्री की आखिरी प्रेस कांफ्रेंस हुई थी। जिसमें सौ से अधिक सवाल पत्रकारों ने पूछे थे और तब के प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने उनके जवाब दिए थे। उस समय पत्रकार सरकार को उसकी पहचान और काम याद दिलाते थे, अब सरकार ने पत्रकारों को उनकी औकात बता दी है कि तुम केवल यही पूछ सकते हो कि आप थकते कैसे नहीं हैं। इससे ज्यादा सवाल पूछने की हिमाकत किसी ने की तो फिर ईडी, आईटी याद दिलाए जाते हैं।

सरकार से सवाल करने की जुर्रत तो अब शायद भगवान भी नहीं कर सकते। बरसों से टेंट में रखे रामलला को भी अच्छे दिनों का ख्वाब दिखाया गया था कि हम मंदिर वहीं बनाएंगे, फिर तुमको वहां बिठाएंगे। अब रामलला को भी अच्छे दिनों का अहसास हो गया। क्योंकि उन्हें तो अब उत्सव मूर्ति के तौर पर नए मंदिर में रखा जाएगा, लेकिन भक्तों की पूजा के लिए नयी भव्य मूर्ति बनाई गई है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा अच्छे दिनों के दाता करने वाले हैं। अच्छे दिनों का सच अब असली वाले रामलला भी समझ गए, बस जनता को समझना बाकी है।

हालांकि औकात पूछने वालों को आईना दिखाने की औकात अभी इस देश के कई तबकों में बाकी है। तीन कृषि कानूनों पर पहले सरकार ने बार-बार किसानों को उनकी औकात याद दिलाई थी, लेकिन साल भर में ही कानून वापस लेने पड़े। अब वही हाल ड्राइवरों के आगे सरकार का हुआ है। दो दिन की हड़ताल ने सरकार को अहसास करा दिया कि इस बार चक्के थमे तो शायद सत्ता की गाड़ी आगे न बढ़े। ड्राइवरों ने फिर गालिब की याद दिला दी-

रगों में दौड़ते फिरने के हम नहीं क़ाइल।
जब आंख ही से न टपका तो फिर लहू क्या है।।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल का गवाह बन सकता है 2024

■ **अंजन रॉय**

आर्थिक पूर्वानुमान हमेशा खतरनाक होता है। वर्तमान परिदृश्य में तो यह और भी अधिक प्रासंगिक है। भविष्य को लेकर हमेशा कई तरह की अनिश्चितताएं बनी रहती हैं। लेकिन वर्तमान में ये विविध हैं। वास्तव में कोई नहीं जानता, जिसमें नाटककार भी शामिल है, अगले सप्ताह में क्या होगा, आने वाले वर्ष की तो बात ही छोड़ दें।

एक नमूना लीजिए। यह अनुमान लगाना किसी भी तरह संभव नहीं है कि गाजा युद्ध का स्वरूप क्या होगा। क्या यह मध्य पूर्व के क्षेत्र में अधिक व्यापक रूप से फूटेगा या वर्तमान युद्ध अंतत: एक स्थायी समाधान की ओर ले जायेगा।

इसी तरह, यूक्रेन युद्ध में भी अनिश्चितता बनी हुई है। रूस ने अचानक यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिये हैं। शायद, यह यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में नौसैनिक प्रतिष्ठानों पर विनाशकारी हमले से प्रेरित था जिसमें रूस का एक युद्धपोत डूब गया था। साथ ही, जमीनी युद्ध कहीं नहीं जा रहा है और न ही रूस और न ही यूक्रेन कोई महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। अर्थव्यवस्था अपने आवास और रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापक रुकावट के कारण संकट में है। डर है कि बड़े पैमाने पर प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण आवास वित्त कंपनियां डिफॉल्टर हो जायेंगी।

ताइवान को लेकर चीन का डर मानो बढ़ता ही जा रहा है। चीन अपना अभियान तेज़ कर रहा है और चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यूक्रेन को परेशान करने में रूस की नवीनतम सफलताओं से उत्साहित होकर, चीन अमेरिकी प्रतिक्रियाओं और भागीदारी को शामिल करते हुए ताइवान को भी धमकियां दे सकता है।

इनमें से कोई भी अप्रत्याशित घटना ऐसी ताकतों को ट्रिगर कर सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा संतुलन और विकास की गति को बिगाड़ सकती है। यह केंद्रीय बैंकों के साथ-साथ नीति निर्माताओं के लिए भी प्रमुख चिंता का विषय है।

मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध का पहला शिकार तेल बाज़ारों में उथल-पुथल होगा। यदि कोई भी प्रमुख तेल उत्पादक इजराइल-हमास युद्ध में शामिल हो जाता है तो इसका तेल उत्पादन और आपूर्ति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। तेल उत्पादन और आपूर्ति में व्यवधान से कीमतें बढ़ेंगी और समग्र मूल्य स्तर प्रभावित होगा।

कई मायनों में मुद्रास्फीति में ताजा उछाल वैश्विक आर्थिक संभावना के लिए सबसे बड़ा झटका होगा। लगभग एक दशक तक स्थिर और कम कीमतों के बाद, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ रही है। कई अर्थशास्त्रियों ने मुद्रास्फीति को अतीत की चिंता बताया था और कम मुद्रास्फीति का युग शुरू हो गया था।

अमेरिकी मुद्रास्फीति बढ़ रही थी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने परिभाषित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों के सामने बढ़ती दर चक्र शुरू कर दिया था। अमेरिका में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से अधिक हो गई थी और कुछ समय के लिए यह 8 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। युद्ध की समाप्ति के बाद से मुद्रास्फीति का ऐसा स्तर नहीं देखा गया। फिर बढ़ते दर चक्र और कुछ अन्य कारकों के साथ, मुद्रास्फीति कम होने लगी।

इतना कि फेडरल ने बढ़ते चक्र को उलटने और थोड़ी राहत देने के बारे में बातचीत शुरू कर दी है। इस समय मुद्रास्फीति में किसी भी उलटफेर का मतलब होगा कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर में बढ़ोतरी के साथ मुद्रास्फीति की लड़ाई फिर से शुरू कर सकता है।

पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों के बीच यह चर्चा चल रही थी कि क्या बढ़ती मुद्रास्फीति और फेड के मुद्रास्फीति विरोधी पैकेज के साथ, अमेरिकी मंदी से बच सकता है। वास्तव में, यह मंदी शब्द अब अर्थशास्त्रियों के बीच सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। क्या मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई के बाद अमेरिका मंदी से बच पायेगा ?

यह देखा गया है कि मुद्रास्फीति विरोधी उद्देश्यों के लिए मौद्रिक सख्ती के चक्रों के बाद पंद्रह से अठारह महीनों के अंतराल के बाद मंदी आती रहती है। ऐसे में, फेडरल रिजर्व ने चक्र को सख्त करना शुरू कर दिया था, जिससे अब मध्यम मुद्रास्फीति देखी जा रही है। लेकिन क्या मंदी आयेगी ?

अमेरिकी में मंदी निश्चित रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को खत्म कर देगी और एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में हर कोई प्रभावित होगा। सौभाग्य से, अब तक, संयुक्त राज्य अमेरिका मंदी से बचा हुआ था और श्रमिक बेरोजगारी अब भी बहुत निचले स्तर पर है। अर्थशास्त्री यह परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका ने मंदी से कैसे बचा लिया और फिर भी ब्याज दरें बढ़ा दी गईं।

यह स्पष्टीकरण दिया जा रहा है कि अमेरिका अंतत: मंदी की स्थिति से बच सकता है। अमेरिका सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करेगा, जो युद्ध के बाद से नहीं हुआ है। वह नीति निर्माण और आर्थिक प्रबंधन में एक चमत्कार होगा।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दूसरा खतरा चीन से है। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। चीनी दुश्मन के साथ 8 फीसदी और उससे अधिक की वृद्धि के उन दिनों को भूल जाइये। अब चीन की अर्थव्यवस्था 5 फीसदी से भी कम बढ़ने का अनुमान है।

> **वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दूसरा खतरा चीन से है। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। चीनी दुश्मन के साथ 8 फीसदी और उससे अधिक की वृद्धि के उन दिनों को भूल जाइये। अब चीन की अर्थव्यवस्था 5 फीसदी से भी कम बढ़ने का अनुमान है। इससे भी बुरी बात यह है कि चीन अब तक एक ऐसे आर्थिक मॉडल पर फला-फूला और विकसित हुआ है, जो लगातार बढ़ते निवेश का कारण बना।**

इससे भी बुरी बात यह है कि चीन अब तक एक ऐसे आर्थिक मॉडल पर फला-फूला और विकसित हुआ है, जो लगातार बढ़ते निवेश का कारण बना। जब भी चीनी अर्थव्यवस्था में गिरावट आई, अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर निवेश जारी कर दिया, जिससे स्टील से लेकर घरेलू सामान तक हर चीज की नयी मांग पैदा हो गई।

उस मॉडल ने अपना अंत देख लिया है। क्षमता निर्माण में निवेश बढ़ाना अब संभव नहीं है क्योंकि साल भर में पहले ही बड़ी क्षमताएं बनायी जा चुकी हैं। नये क्षेत्रों में नये शहर बस गये जो खाली रह गये हैं। संपूर्ण हाउसिंग कॉलोनियां वीरान पड़ी हैं और अक्सर प्रमोटर कंपनियां गहरे कर्ज में डूबी हुई हैं, जिसे चुकाने में वे अब सक्षम नहीं हैं।

चिंताएं बढ़ाने वाली बात यह है कि शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) कॉरपोरेट समेत हर चीज पर पार्टी का अधिकार सुनिश्चित कर रही है। उद्यमियों को धमकी दी गयी है कि कई मामलों में प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी गायब हो गये हैं।

इन आधिकारिक कदमों ने चीन में उद्यमिता की भावना का गला घोंट दिया है। इन कदमों ने चीनी प्रौद्योगिकी क्षेत्र को सबसे बुरी तरह प्रभावित किया है, जहां कुछ प्रमुख प्रवर्तकों की छंटनी कर दी गई है और उनकी पहल रोक दी गई है।

अब हम जो देख रहे हैं, वह यह है कि दोनों आर्थिक महाशक्तियां कुछ गंभीर संरचनात्मक समस्याओं का सामना कर रही हैं जो आसानी से दूर नहीं होने वाली हैं। उनका संयुक्त आर्थिक प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और 2024 और उसके बाद विकास की संभावनाओं के लिए बहुत मायने रखता है।

इनमें से कोई भी अप्रत्याशित घटना वित्तीय बाज़ारों में प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सकती है और इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर धन का प्रवाह हो सकता है। अमेरिका में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से धन की निकासी होगी। ऐसी पूंजी उड़ानों का विदेशी मुद्रा बाजारों के माध्यम से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में कई गुना प्रभाव हो सकता है। अंतिम परिणाम आर्थिक मंदी होगी।

उम्मीद है, इस तरह का डर फैलाना महज़ पतंग उड़ाना होगा। ये कभी पूरे नहीं होंगे, लेकिन फिर भी, आत्मसंतुष्ट होने से बेहतर है कि चुनौतियों और खतरों के बारे में जानकारी प्राप्त की जाये।

आखिरकार, ढिलाई के कारण महामारी की समस्याएं बदतर और जटिल हो गईं। आइये गहराई से सोचें कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं को दो आर्थिक दिग्गजों की अर्थव्यवस्थाओं में सबसे खराब गिरावट के प्रभाव से कैसे बचाया जा सकता है।

## पावन प्रसंग

# आलोचना में सहज रहिए

जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां सामने आती हैं, जो असह्य होती है और मन को दुखी, उदास बना देती है। इसी तरह की परिस्थितियों में एक है- किसी के द्वारा आलोचना या निंदा किया जाना। सामान्यत: मनुष्य अपने लिए प्रशंसा ही सुनना चाहता है। किसी व्यक्ति में लाख कितने ही दुर्गुण भरे हों, उसे अपनी कमियां दिखाई नहीं देतीं। दिखाई देती भी है, तो वह उसके लिए अपने स्वभाव को नहीं, परिस्थितियों को ही जिम्मेदार ठहराता है। गलतियां होती हैं तो कारण बताया जाता है कि परिस्थितियां ही अमुक प्रकार की थी, जिनमें ऐसा होना स्वाभाविक था। गलतियां करने और स्वभाव में त्रुटियां होने के बावजूद भी मनुष्य उन्हें स्वयं तो नजरअंदाज करता ही है, अपने साथियों, मित्रो, परिचितों और अन्य लोगों से भी यह अपेक्षा करता है कि वे भी उन गलतियों को नजरअंदाज कर दें।

एक तो मनुष्य को अपनी कमियां कम ही दिखाई देती हैं और दूसरे दिखाई भी देती हैं तो वह इतना असहिष्णु अनुदार होता है कि किसी और के द्वारा उनकी ओर इंगित किया जाना सह नहीं पाता। इसे व्यक्ति का अहंकार भी कह सकते हैं कि वह दूसरों को अपने दोषदर्शन का अधिकार देना नहीं चाहता और यदि कोई उसके दोष देखता या बताता है, तो न केवल दुखी होता है, वरन उनका प्रतिकार करने के लिए भी कटिबद्ध हो जाता है। अपनी निंदा आलोचना को न सह पाना एक कमजोरी ही कही जाएगी। उसी तरह की कमजोरी कि व्यक्ति सुखकर अनुकूल परिस्थितियों की कामना करता है और दुखमयी प्रतिकूल परिस्थितियों से घबराकर दूर भागता है। उसी प्रकार मनुष्य अपनी प्रशंसा सुनना तो पसंद करता है, किंतु निंदा या आलोचना से बचना चाहता है; जबकि निंदा-आलोचना प्रशंसा का ही दूसरा पक्ष है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। जो व्यक्ति जितने प्रशंसित और चर्चित होते हैं, उनकी उतनी ही निंदा भी होती है। बुरे कामों में लगे अपराधी प्रकृति के व्यक्तियों की निंदा अलग बात है, उसे भर्त्सना और प्रताड़ना कहा जा सकता है। यहां निंदा से आशय व्यक्ति की कमियों और त्रुटियों की चर्चा ही लगाना चाहिए। इस स्तर की निंदा को सहज भाव से लिया जा सके तो व्यक्ति को अपने आलोचना को रचनात्मक दृष्टि से देखने लगे तो उसे अपने उत्कर्ष में इतनी सहायता मिलती है कि उसे सहज ही अपने सुधार की दिशा मिलती है। अपने में कौन सी कमजोरियां हैं, क्या दोष है ? यह स्वयं इतना पता नहीं चलता, जितना कि दूसरे लोग अनुभव कर सकते हैं। अपने व्यवहार या आचरण की परख दूसरों के द्वारा की गई आलोचना और निंदा के प्रकाश में भलीभांति देखी जा सकती है। इसीलिए कहा गया है-

निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छबाय।
बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुभाय।।

निंदा, आलोचना दुराग्रहवश भी की जा सकती है। यदि उससे भी उद्विग्न न हुआ जाए, तो अपनी सहनशीलता बढ़ती है। उससे कुछ घाटा नहीं होता, बल्कि मनीषियों ने तो यहां तक कहा है कि इस प्रकार की निंदा से मनुष्य वंदनीय स्थिति को प्राप्त हो सकता है। पाणिनी ने तो निंदा को भी एक रस मानते हुए कहा है-'जैसे श्रृंगार, वीर आदि रस के साथ यथा सामयिक दृश्य एवं भावों के प्रदर्शन में आनंदानुभूति होती है, उसी प्रकार निंदा रस के प्रवाह में भी रसास्वादन होता है। सचमुच व्यक्ति यदि अपनी निंदा को सकारात्मक भाव से स्वीकार करने लगे तो इसमें हित और उत्कर्ष साधन ही होता है। कई बार यह निंदा अपने प्रकट-अप्रकट दोषों की ओर इंगित करती है तथा उन्हें सुधारने की प्रेरणा देती है, तो कई बार जब अतिरंजित ढंग से आलोचना की जाती है तो वह उन दोषों की ओर से सतर्क करती है। भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकारांतर से अर्जुन की आलोचना करते हुए ही, उसमें युद्ध के संबंध में उत्सुकता और कर्मयोग के प्रति जिज्ञासा जाग्रत की थी। अर्जुन की भर्त्सना सी करते हुए भगवान श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं-

'हे अर्जुन. तुम्हें इस विषमस्थल में यह अज्ञान किस कारण उत्पन्न हुआ ? क्योंकि यह न तो श्रेष्ठजनों द्वारा आचरण किया गया है तथा न स्वर्ग और कीर्ति ही देने वाला है। इसलिए हे अर्जुन ! नपुंसकता को मत प्राप्त हो; तुम्हारे लिए यह उचित नहीं है। तुम्हारे हृदय में जो तुच्छ दुर्बलता उत्पन्न हो गई है, उसे त्यागकर तुम युद्ध के लिए खड़े हो जाओ।'

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट मिश्रित वरदान, गोपनीयता बड़ी चुनौती !

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर पूरे विश्व में सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर वैज्ञानिकों तथा समाजसेवियों द्वारा चिंतन किया जा रहा है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है जहां एआई प्रवेश न करना चाहता हो। महिलाओं की रसोई से लेकर वित्तीय स्थिति पर भी ए आई ने दखलंदाजी शुरू कर दी है।

भारतवर्ष की जनसंख्या की तुलना में कई गुना छोटा देश अमेरिका जब एआई का इस्तेमाल कानून के क्षेत्र में करने से नकारात्मक सोच रखता है, तब हम भारतवर्ष के संदर्भ में इसके उपयोग का सहज अंदाजा लगा सकते हैं। एआई तकनीक का हाल ही में न्याय के क्षेत्र में तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना यह सोचे समझे कि एआई की अपनी सीमाएं हैं। एआई के बढ़ते उपयोग से हमारे जीवन के कई हिस्से तेजी से बदल रहे हैं। न्यायालय भी इस नई तकनीक से अछूता नहीं है। वैज्ञानिक यह भी मान रहे हैं कि एआई का उपयोग जल्द ही विशिष्ट नौकरियां तक सीमित होकर रह जाएगा, किंतु एक न्यायाधीश के काम के लिए विविध प्रकार की प्रतिभाओं की जरूरत होती है, इसे हमें याद रखना होगा। इस बात से विशेषज्ञ भी इनकार नहीं कर रहे हैं कि न्यायिक निर्णय लेने में एआई तकनीक का स्पष्ट लक्ष्य अदालतों के समक्ष कम मामलों के मुद्दे का ही समाधान करना है। एक बात जो सामने आ रही है वह दुनिया भर की अदालतों से संबंध रखती है। आज पूरी दुनिया में 'मुकदमे बाजी विस्फोट' बढ़े हुए मामलों को लेकर दिखाई पड़ रहे है। मामलों को उचित समय में हल करने के उद्देश्य से अदालतों को न्यायाधीशों की सहायता के लिए एआई तकनीक को भी शामिल करना पड़ रहा है।

विश्व भर में न्यायिक प्रणालियां भारी मात्रा में कानूनी डेटा का विश्लेषण करने के लिए एआई का उपयोग कर रही हैं। इसके पीछे यह सोच काम कर रही है, कि इससे वकीलों को कानून के उदाहरण खोजने में मदद मिलेगी। साथ ही न्यायिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और न्यायाधीशों को सजा की अवधि तथा पुनरावृत्ति स्कोर का अनुमान लगाने में मदद मिल सके। जटिल न्यायिक परिचालकों के सामने कंप्यूटर अभी भी कम से कम कुछ समय के लिए 'मानव रेफरी' की जगह नहीं ले सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज हर घर में घुस चुका है। इसने रोजमर्रा के कामों को आसान किया है, किंतु इसके दुष्प्रभाव भी दुनिया भर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। शायद इन्हीं नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी दी है। जॉन रॉबर्टस ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कानूनी फील्ड के लिए मिश्रित आशीर्वाद की तरह है। कारण यह कि इसने जजों के काम करने के तरीकों को बदल दिया है।

अपनी रिपोर्ट में जॉन रॉबर्टस ने लिखा है- मैं भविष्यवाणी करता हूं कि मानव न्यायाधीश कुछ समय के लिए हमारे आसपास रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि लीगल कामकाज खास तौर पर टेस्टिंग लेबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित होने वाला है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि एआई के किसी भी उपयोग के लिए सावधानी और विनम्रता की जरूरत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा है कि अमेरिकी कोर्ट में एआई का उपयोग करते हुए वकीलों ने गैरमौजूद दस्तावेजों का हवाला देकर यह सिद्ध कर दिया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर मायने में उचित अथवा वरदान नहीं मानी जा सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारतवर्ष के संदर्भ में एक अथॉरिटी का निर्माण जरूरी है। अथॉरिटी नियम- कायदों को तय करे साथ ही पूरे क्षेत्र की निगरानी करे। सरकार उन क्षेत्रों को चिन्हित करे, जहां प्राथमिकता के आधार पर ए आई का उपयोग किया जा सकता है। जहां तक मैं समझता हूं- ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, कृषि आदि इसके लिए उपयुक्त क्षेत्र हो सकते हैं।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रूस ने यूक्रेनी मिसाइलों को किया नष्ट

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यहां के बेलगोरोड क्षेत्र के खिलाफ यूक्रेनी सेना द्वारा लॉन्च की गई छह तोचका-यू मिसाइलों और छह विल्खा मिसाइलों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, आज सुबह कीव शासन द्वारा विल्खा मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और टोचका-यू सामरिक मिसाइल परिसरों का उपयोग करके रूस में लक्ष्यों पर आतंकवादी हमला करने का एक और प्रयास विफल कर दिया गया।

# जी-20 सम्मेलन के दौरान एक मिनट में हुए 16 लाख साइबर हमले

### सुरक्षा एजेन्सियों ने इन सभी हमलों को नाकाम किया

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। पिछले वर्ष सितम्बर में देश में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी-20 सम्मेलन की वेबसाइट पर हर एक मिनट में 16 लाख साइबर हमले किये गये लेकिन देश की सुरक्षा एजेन्सियों ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई 4 सी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बुधवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश में गत सितम्बर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण आयोजन जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी-20 की वेबसाइट पर हर एक मिनट में 16 लाख साइबर हमले किये गये। उन्होंने कहा कि भारतीय एजेन्सियों ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि जब से यह वेबसाइट शुरू हुई थी इस पर साइबर हमले शुरू हो गये थे लेकिन जैसे जैसे सम्मेलन की तारीख नजदीक आयी इनकी संख्या बढती चली गयी।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान साइबर हमलों की संख्या प्रति मिनट 16 लाख तक पहुंच गयी हालाकि उन्होंने तकनीकी कारणों का हवाला देकर न कुल हमलों की संख्या बतायी और न ही यह बताया कि ये हमले कहां से किये गये थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में साइबर धोखाधड़ी से संबंधित हमलों की हर रोज 5 हजार शिकायतें दर्ज की जाती हैं। उन्होंने कहा कि इन साइबर हमलों में से करीब 50 प्रतिशत देश से बाहर से होते हैं और इनमें से अधिकतर चीन से संचालित गिरोह द्वारा किये जाते हैं । उन्होंने कहा कि चीन से संबंधित गिरोह कंबोडिया और म्यांमार से भी संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और असम से फर्जी सिम से संबंधित सबसे अधिक मामले सामने आते हैं। श्री कुमार ने बताया कि साइबर सुरक्षा एजेन्सियों ने विभिन्न मंत्रालयों और बैंकों के साथ मिलकर सवा चार लाख लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी के 1127 करोड़ रूपये बचाये हैं।

साइबर अपराध के श्रेणीवार आंकड़े बताते हुए उन्होंने कहा कि अब तक निवेश धोखाधड़ी के सबसे अधिक 1 लाख 49 हजार मामले दर्ज किये गये। इसके बाद रिण ऐप के जरिये धोखाधड़ी की 85 हजार , कस्टमर केयर से धोखाधड़ी की 43 हजार, खाते से धोखाधड़ी की 35 हजार और सेक्सटार्शन की 19 हजार शिकायतें मिली हैं।



देश में साइबर धोखाधड़ी से संबंधित हमलों की हर रोज 5 हजार शिकायतें होती हैं दर्ज

# दो दिन के लिए नेपाल यात्रा पर रहेंगे जयशंकर

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को नेपाल की दो दिन की यात्रा पर काठमांडू जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार डॉ. जयशंकर नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के निमंत्रण पर 04-05 जनवरी 2024 तक काठमांडू का दौरा करेंगे। डॉ जयशंकर श्री सौद के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी और यह दोनों देशों के विदेश मंत्रियों को द्विपक्षीय साझीदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस मौके पर दोनों देशों के बीच जलविद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है जो जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाली प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड के बीच बनी नेपाल से दस हजार मेगावाट जलविद्युत खरीदने की सहमति के क्रियान्वयन के लिए किया जाना है। इसके साथ ही नेपाल में उच्चप्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने के भारत के प्रस्ताव पर भी हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। डॉ. जयशंकर ने पिछली बार 2019 में नेपाल की यात्रा पर काठमांडू गये थे। इस दौरे पर डॉ. जयशंकर के साथ विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा, विदेश मंत्रालय में नेपाल एवं भूटान के प्रभारी संयुक्त सचिव (उत्तर) अनुराग श्रीवास्तव और सीमा प्रबंधन मुद्दों से संबंधित अन्य अधिकारी भी जाएंगे।



■ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे

## सुडोकू 6426

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 4 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ -परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन -आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा। माता की स्वास्थ्य को लेकर चिंता होगी।

कर्क -आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह -आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्या -आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा।

तुला -आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक -नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु -काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ -नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन -दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायली सेना के साथ संघर्ष में हिज़्बुल्लाह लड़ाका मारा गया

**बेरूत,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। लेबनान की दक्षिणी सीमा पर इजरायली बलों के साथ संघर्ष में एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने लेबनान के दक्षिणी गांव हौला में एक घर पर दो मिसाइलें दागीं, जबकि उसके युद्धक विमानों ने इजरायल की सीमा से लगे कई लेबनानी गांवों और कस्बों पर 11 हवाई हमले किए। सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान की ओर लगभग 100 गोले दागे, जिनमें कफरचौबा, हौला, अल-अदायसेह, मरून अल-रास और नकौरा शहर के गांव शामिल हैं। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मर्ज के आसपास और अल-समाका, बिरकत रिशा सहित अन्य जगहों पर इजरायली सैनिकों के एक समूह पर कई हमले किए। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच टकराव में अब तक लेबनानी पक्ष के 192 लोग मारे गए हैं, जिनमें 137 हिजबुल्लाह सदस्य और 35 नागरिक शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजरायल सीमा पर आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ रहा है, जब पिछले दिन लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमास के हमले के समर्थन में इजरायल की ओर रॉकेट दागे थे, जिसके जवाब में इजरायल ने दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर गोलीबारी की।

# जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हुई


### खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में आ रही बाधा

**टोक्यो,** 3 जनवरी (एजेंसिया)। इस हफ्ते की शुरुआत में मध्य जापान के इशिकावा प्रांत में आए सिलसिलेवार शक्तिशाली भूकंपों से मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 65 हो गई। लगातार आ रहे झटकों और खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से जापान के क्योडो न्यूज के हवाले से बताया कि इशिकावा में सबसे ज्यादा प्रभावित वाजिमा शहर ने कुल 32 मौतों की पुष्टि की है। क्षेत्र में महसूस किए गए सिलसिलेवार झटकों की श्रृंखला में बुधवार की सुबह 5.6 तीव्रता का एक और झटका आया। इससे पहले मंगलवार की शाम 4.6 तीव्रता का झटका नोटो प्रायद्वीप पर आया था। भूकंप की पूरी तीव्रता अज्ञात है, क्योंकि मलबे और टूटी सड़कों के कारण बुधवार को खोज और बचाव अभियान अभी भी बाधित हो रहा है, सोमवार को आए 7.6 तीव्रता के भूकंप के दो दिन बाद वाजिमा में बड़े पैमाने पर संरचनात्मक क्षति हुई और आग लग गई। प्रीफेक्चुरल सरकार के अनुसार, गंभीर रूप से प्रभावित नानाओ शहर सहित कम से कम तीन नगर पालिकाओं में सड़कें कट जाने के कारण कम से कम 60 लोग अब अलगाव की स्थिति में हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लैंड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने जमीन की सतह में एक महत्वपूर्ण उत्थान का पता लगाया है, जो वाजिमा शहर में लगभग चार मीटर तक पहुंच गया है। जेएमए ने इशिकावा प्रांत के लिए संभावित भूस्खलन की चेतावनी जारी की है और कुछ कटे हुए गांवों सहित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में गुरुवार तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है।



## वर्ग पहेली 6426




**बायें से दायें:-**

१. समाजविरोधी
४. किसी कार्य को पूरा करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करनेवाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि का पकने के करीब होना
१०. अनाथ
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निषेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कही का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अनुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजा की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का व्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6425



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# पाकिस्तान कर रहा सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना : विश्व बैंक

**इस्लामाबाद,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बैंक के दो अधिकारियों ने कहा है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब अपने सबसे खराब संकटों में से एक का सामना कर रही है और इसके लिए उन्होंने खराब नीति विकल्प, निम्न मानव विकास परिणाम और प्रति व्यक्ति आय वृद्धि में गिरावट सहित कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रायसर और पाकिस्तान के लिए बैंक के कंट्री निदेशक नेजी बेन्हासिन ने 'गहरे, निरंतर' सुधारों का आह्वान किया और कहा, अल्पकालिक सुधारों और बाहरी वित्तपोषण के साथ उलझने का विकल्प जोखिम भरा है और इसे पूरा करना बहुत कठिन है। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट डॉन में एक हस्ताक्षरित लेख में दोनों अधिकारियों ने कहा कि गरीबी दर में निरंतर गिरावट की सराहनीय लंबी अवधि के बाद, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब इसके सबसे बुरे संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, खराब नीति विकल्प, झटकों की एक श्रृंखला के साथ संयुक्त - कोविड -19, 2022 की विनाशकारी बाढ़ और प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के कारण विकास धीमा हो गया, गरीबी बढ़ गई और देश कर्ज चूक के कगार पर पहुंच गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, मानव विकास के नतीजे उस स्तर पर बने हुए हैं जो हम बहुत गरीब देशों में देखते हैं, जबकि कम उत्पादकता और उच्च प्रजनन क्षमता के कारण प्रति व्यक्ति आय वृद्धि में गिरावट आ रही है। सर्वश्री रायसर और बेनहासिन ने लिखा, ये चुनौतियाँ गहरे, निरंतर सुधारों की मांग करती हैं... कई देशों में बदलाव इसी तरह के संकटों से उभरे हैं। पाकिस्तान के लिए भी, यह उन गहरे मुद्दों को संबोधित करने का एक अवसर हो सकता है, जिन्होंने देश के विकास को बहुत लंबे समय से प्रभावित किया है।




देश कर्ज चूक के कगार पर पहुंच गया

# सीरियाई सेना ने विद्रोही के नौ ड्रोनों को मार गिराया

**दमिश्क,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। सीरिया की सेना ने मंगलवार को उत्तरी सीरिया के अलेप्पो, इदलिब और हामा प्रांतों के ग्रामीण इलाकों में विद्रोही समूहों द्वारा लॉन्च किए गए नौ ड्रोनों को मार गिराया। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ड्रोन को मार गिराना रणनीतिक महत्व है, जो नागरिक आबादी और सैन्य प्रतिष्ठानों के लिए संभावित खतरा पैदा करते हैं। उत्तरी सीरिया में, विशेष रूप से उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोहियों ने हाल के महीनों में सरकार-नियंत्रित क्षेत्रों के खिलाफ ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर की शुरुआत में होम्स प्रांत में एक सैन्य अकादमी में स्नातक समारोह के दौरान एक ड्रोन हमले में 80 से अधिक सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए।

## आज का इतिहास

1906-प्रसिद्ध कम्युनिस्ट, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी एवं राजनीतिज्ञ विष्णु दामोदर चितले का जन्म।
1925-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का जन्म।
1966-भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत-पाकिस्तान सम्मलेन की शुरूआत।
1972-नई दिल्ली में ऱ्इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॉजी एंड फारेंसिक साइंसज् का उद्घाटन।
1990-पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए।
1993-भारतीय महिला निशानेबाज़ अपूर्वी चंदेला का जन्म।
1998-बंगलादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया।
1999-मंगल ग्रह पर भाप का विश्लेषण करने हेतु अमेरिकी यान ऱ्मार्स पौसर लैंडर प्रोबज् का प्रस्थान।
2002-ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भारत पहुँचे।
2004-भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाक प्रधानमंत्री जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता आयोजित।
2006-दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन।
2008-गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रिमण्डल में 18 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।
2009-पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा।
2010-भारत में ऱ्स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडियाज् के आदेश पर शेयर बाज़ारों के खुलने का समय एक घंटा पहले सुबह 9 बजे कर दिया गया।

**आतंकवाद** *पिछले साल 26 घुसपैठ के प्रयासों में 42 आतंकी किए गए ढेर*

# सर्दियों में भी घुसपैठ को रोकने के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

**जम्मू, 3 जनवरी(देशबन्धु)। भारतीय सेना के लिए इस बार की सर्दियों में सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कारण, सीमांत पहाड़ों पर अभी तक इतनी बर्फबारी नहीं हुई है जितनी की उम्मीद थी। यही कारण है कि घुसपैठियों के दल भीतर घुसने की कोशिशों को लगातार अंजाम दे रहे हैं। वैसे इसरायल से मिले हुए राडार भारतीय सेना की मदद कर रहे हैं जो पाक घुसपैठियों के प्रति सटीक जानकारी दे रहे हैं।**

यह सच्चाई है कि इस बार की सर्दियां एलओसी पर तैनात सैनिकों को कोई राहत नहीं दे पा रही हैं। कारण, इतनी बर्फबारी नहीं हुई है जो आतंकवादियों की गतिविधियों तथा सीमा पार से उनकी घुसपैठ को रोक सकें। जो बर्फ गिरी थी वह पिघल गई है। नतीजतन इस बार सर्दियों में भी आतंकवादी घुसपैठ को लेकर सेना परेशान है। हालांकि यह बात अलग है कि कम बर्फबारी पाकिस्तानी सेना के लिए लाभदायक साबित हो रही है। यही कारण है कि वह आतंकवादियों को सर्दी और बर्फ के बावजूद इस ओर धकेलने के क्रम को लगातार जारी रखे हुए है। आधिकारिक आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं कि जितने घुसपैठ के प्रयास इन सर्दियों में अभी तक हुए हैं वह पिछले साल सर्दियों में होने वाले प्रयासों से कई गुणा अधिक हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पाक सेना ने पिछले 3 महीने के भीतर 10 से अधिक बड़े घुसपैठ के प्रयास जम्मू सीमा, राजौरी, पुंछ तथा कश्मीर सीमा के सेक्टरों में अंजाम दिए हैं। इनमें से कितनों में पाक सेना को कामयाबी मिली यह आंकड़ा तो मालूम नहीं है लेकिन भारतीय पक्ष दावा करता है कि उसने वर्ष 2023 में 50 में से करीब 26 को नाकाम बनाते हुए 42 के करीब आतंकियों को मार गिराया है। यह बात अलग है कि एलओसी पर होने वाले छोटे छोटे गुटों के घुसपैठ के प्रयास अक्सर आंखों से इसलिए ओझल हो जाते हैं क्योंकि एलओसी की परिस्थिति ऐसी है कि यह बता पाना संभव नहीं होता कि भारतीय क्षेत्र कहां समाप्त होता है और पाकिस्तानी कब्जे वाला इलाका कहां से आरंभ होता है। वैसे भी एलओसी की ऊबड़ खाबड़ वाली परिस्थितियां और घने जंगल व ऊंचे पहाड़ सैनिकों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। और इन्हीं परिस्थितियों का लाभ पाकिस्तानी सेना तथा आतंकवादी उठाते हैं जो इनकी आड़ में भीतर चले आने की कोशिशों में अक्सर कामयाब होते रहते हैं। हालांकि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण हर बार भारतीय सैनिकों को इन घटनाओं से कुछ राहत मिला करती थी।



इसरायल से मिले राडार भारतीय सेना की कर रहे मदद

## दुनिया को जानें

# दक्षिण कोरिया के लिए 2023 अब तक का सबसे गर्म साल

**सियोल,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। देश की मौसम एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2023 दक्षिण कोरिया के लिए अब तक का सबसे गर्म वर्ष था, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पिछले साल कोरियाई प्रायद्वीप का औसत तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) के अनुसार, यह 1973 के बाद से उच्चतम वार्षिक औसत तापमान को दर्शाता है। इस वर्ष को दक्षिण कोरिया में मौसम रिकॉर्ड के लिए शुरुआती बिंदु माना जाता था, जब देश के मौसम संबंधी नेटवर्क को काफी मजबूत किया गया था। पिछले साल का तापमान 2016 में निर्धारित 13.4 डिग्री के पिछले शीर्ष रिकॉर्ड से अधिक है। पिछले साल रिकॉर्ड तोड़ने वाले तापमान की उम्मीद की जा रही थी। दरअसल, जनवरी-नवंबर के दौरान देश भर में औसत तापमान औसत वर्षों से अधिक था और पिछले साल छह महीने टॉप 10 तापमान में थे। पिछले महीने मौसम कुल मिलाकर गर्म रहा, सिवाय इसके कि जब दिसंबर के मध्य में लगभग एक सप्ताह तक देश में ठंडी हवा चली और 16 से 25 दिसंबर तक देश भर में औसत तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया था।

# प्रादेशिकी

**उपाध्यक्ष का आज जनपद दौरा**

**रुद्रप्रयाग।** सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान वे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भेंट करेंगे, साथ ही विभिन्न स्थानों में जनसंपर्क करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट आज प्रात: दस बजे श्रीनगर गढ़वाल से कार द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के लिए प्रस्थान करेंगे। 11 बजे रुद्रप्रयाग पहुंचने के बाद जन संपर्क करेंगे तथा भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इसके पश्चात् 12 बजे तिलवाड़ा के लिए प्रस्थान कर जनसंपर्क करेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

## 18 वर्षो से बेवकूफ बन रहे लुठियाग के ग्रामीण, सरकार, शासन-प्रशासन और विभाग से मिला आश्वासन



- सड़क मार्ग के अभाव में ग्रामीण परेशान,
- प्राईमरी कक्षा के लिए पांच किमी दौड़ लगाते हैं नौनिहाल,
- ग्रामीणों ने दी लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

रुद्रप्रयाग, 3 जनवरी (देशबन्धु)। विकासखण्ड जखोली की ग्राम पंचायत लुठियाग आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। ग्रामीण 18 वर्षो से सड़क की मांग को लेकर विभाग के चक्कर लगाने के साथ ही सरकार और शासन-प्रषासन के सामने गिड़गिड़ा चुके हैं, मगर उनकी यह मांग पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने क्रमिक, आमरण, चक्काजाम के साथ लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि 31 जनवरी तक उनकी मांग पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई तो सरकार और विभाग के खिलाफ आंदोलन के लिए मजबूर हो जायेंगे।

बता दें कि विकासखण्ड जखोली की ग्राम पंचायत लुठियाग के ग्रामीण 18 वर्षो से सड़क की मांग कर रहे हैं। उनकी इस मांग पर कई से भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक भरत सिंह चौधरी, डीएम डॉ सौरभ गहरवार एवं लोनिवि के ईई इन्द्रजीत बोस को ज्ञापन भेजते हुए कहा कि सड़क के अभाव में ग्रामीण जनता को बहुत सारी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या स्कूली छात्रों को हो रही है। तीन से चार साल के बच्चे प्राईमरी कक्षा के लिए पांच किमी दूर पैदल चलकर जाते हैं, जबकि बीमार लोगों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाने में दिक्कतें हो रही हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में गुलदार का आतंक भी बना रहता है।

प्रधान दिनेष सिंह कैंतुरा, सुदीपा देवी, शषी देवी, सीता देवी कैंतुरा, सैन सिंह मेहरा ने कहा कि वर्ष 2005 से अब तक कई बार मोटरमार्ग निर्माण की सर्वे हो चुकी है, लेकिन आज तक संयुक्त रूप से लोनिवि, राजस्व एवं वन विभाग ने सर्वे नहीं किया है, जबकि शासन से मार्ग निर्माण को लेकर प्रथम चरण का धन लोनिवि को आवंटित भी हो चुका है। लोनिवि के अभियंता बेवकूफ बनाने में लगे हुए हैं और संयुक्त सर्वे की बात कहकर हर बार पल्ला झाड़ देते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत में 450 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी 1600 के करीब है। सड़क सुविधा नहीं होने से स्वास्थ्य केन्द्र के लिए कई किमी पैदल चलना पड़ता है। बीमार होने पर बुजुर्ग एवं महिला को ले जाने में समस्या होती है। सबसे ज्यादा समस्या प्रसव पीड़ा से परेषान महिला को ले जाने में होती है। पालकी के सहारे किसी तरह मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता सैन सिंह मेहरा ने कहा कि एक ओर केन्द्र व प्रदेष सरकार हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने की बात कर रही है, वहीं रुद्रप्रयाग विधानसभा का लुठियाग गांव आज तक सड़क से वंचित है। षिक्षा के लिए छोटे-छोटे नौनिहालों को पांच किमी दूर जाना पड़ता है। सड़क मार्ग के अभाव में पर्यटन एवं कृषि का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। सड़क मार्ग का निर्माण होने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर मोटरमार्ग निर्माण की कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो ग्रामीण जनता उग्र आंदोलन के साथ ही लोकसभा चुनाव बहिष्कार के लिए मजबूर हो जाएगी।

## सर्दी का सितम : इंसान क्या जानवर भी हैरान



- सर्दी का सितम, इंसान क्या जानवर भी हैरान
- बाजारों पर ठंड की मार, समय से नहीं खुल रहे बाजार

रुद्रप्रयाग, 3 जनवरी (देशबन्धु)। पिछले लंबे समय से बारिष न होने के कारण जिले में सर्दी सितम ढा रही है। सुबह और सांय के समय लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। स्थिति यह है कि सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पषु भी इसानों के साथ ठंड से बचने के लिए अलाव की खोज कर रहे हैं। ठंड का असर बाजारों पर भी पड़ रहा है। सुबह सात बजे खुलने वाला रुद्रप्रयाग बाजार इन दिनों नौ से दस बजे खुल रहा है।

पहाड़ों में इन दिनों सर्दी कहर ढा रही है। लंबे समय से बारिष न होने के कारण इन दिनों कोरी ठंड बढ़ गई है। ठंड से बचने के लिए सुबह से सांय तक बाजारों में रहने वाले लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता ठंड अधिक होने के कारण बाजारों का रूख नहीं कर रही है। इस समय बारिष की सख्त आवष्यकता होती है। फसलों के अलावा इंसानों के लिए भी इस समय की बारिष जरूरी है, लेकिन लंबे समय से बारिष नहीं हो पाई है। जिस कारण अब दिक्कतें हो गई हैं। बारिष न होने के कारण ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होनी चाहिए थी, लेकिन बर्फविहीन पहाड़ियां होने से आग जैसी घटनाएं भी देखने को मिल रही हैं। रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार के अलावा सुमाड़ी, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाषी, ऊखीमठ के बाजारों में भी सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। विष्व अखाड़ा परिषद (गौ रक्षा विभाग) के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी, महामंत्री विमल चौहान, सचिव देवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप कप्रवाण ने कहा कि जिले में कोरी ठंड के कारण आम राहगीरों के साथ ही निराश्रित पषुओं को दिक्कतें हो रही हैं। अलाव के लिए इंसान के साथ ही निराश्रित पषु यहां-वहां भटक रहे हैं। उन्होंने जिला प्रषासन से मांग करते हुए कहा कि नगर पालिका रुद्रप्रयाग के साथ ही नगर पंचायत अगस्त्यमुनि, गुप्तकाषी, ऊखीमठ, तिलवाड़ा के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाए, जिससे आम राहगीरों के साथ ही निराश्रित पषुओं को राहत मिल सके। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र रुद्रप्रयाग के दो से तीन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है, जो नाकाफी है। पालिका के अन्य क्षेत्रों में भी अलाव की व्यवस्था की जानी जरूरी है।

**सार संक्षेप**

### लोक सेवा आयोग में कालिका समन्वयक पद पर नियुक्त

**रुद्रप्रयाग।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता कालिका प्रसाद सेमवाल की लोक सेवा आयोग हरिद्वार में समन्वयक पद पर नियुक्ति हुई है। विज्ञ हो कि सेमवाल ने ही रतूड़ा डायट का शुभारंभ 2006 में शुरू की थी। ये लम्बे समय तक राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में शिक्षक संघ चमोली के जिला मंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व प्रांतीय प्रवक्ता सहित अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे तथा मैती आंदोलन जिला चमोली के संयोजक रहे हैं तथा अखिल भारतीय धर्म संघ के प्रांतीय महामंत्री भी रहे हैं। लोक सेवा आयोग हरिद्वार के सचिव के पत्र के अनुसार सेमवाल ने समन्वयक चयन में पहला स्थान प्राप्त किया है। सेमवाल के चयन पर जिले के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं, जिस पर उन्होंने अपने सभी स्नेही शुभचिंतको के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 10 बाइकों के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार

**रुड़की।** हरिद्वार भगवानपुर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय शातिर वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस अब वाहन चोर गिरोह के अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक बीती एक जनवरी 2024 को थाना क्षेत्र के किशनपुर जमालपुर गांव निवासी नीरज कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। जिसके बाद वाहन चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। जिस पर टीम ने जांच पड़ताल करते हुए घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए अलग-अलग फुटेजों को इकट्ठा किया। टीम को सीसीटीवी फुटेजों में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा सिकरोढ़ा रोड के पास से साहनवीर पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम निवादा रोलाहेडी थाना कलियर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने उक्त मोटर साइकिल बीती 30 दिसंबर को किशनपुर जमालपुर से अपने साथी रिजवान के साथ चोरी की थी। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर अन्य थाना क्षेत्रों से भी दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। चोरी के वाहनों को राहगीरों को औने-पौने दामों में बेच देते थे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की अन्य 9 मोटर साइकिल भी बरामद की हैं।


## मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट प्रबन्धन पोर्टल और बैठक प्रबन्धन पोर्टल लॉच किए




शिमला, 3 जनवरी (देशबन्धु)। प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल (आरएमपी) और बैठक प्रबंधन पोर्टल (एमएमपी) लॉन्च किए। डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किए गए यह पोर्टल संभवत: देश में अपनी तरह के पहले पोर्टल हैं। इन्हें विकसित करने का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में निर्णय लेने, डेटा प्रबंधन और संचार में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल को विभागों, बोर्डों और निगमों में विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट भेजने और निगरानी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए तैयार किया गया है। इन पोर्टल में निर्णय लेने के दृष्टिगत वास्तविक समय में डेटा पहुंच की सुविधा उपलब्ध है। इस पोर्टल में एक-क्लिक पर एसएमएस और ईमेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नोटिस जारी करने की सुविधा के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को स्वचलित रूप से अनुस्मारक और सूचनाएं भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्रबन्धन पोर्टल कार्यालयों को अपने रिपोर्टिंग प्रारूप अपलोड करने की अनुमति प्रदान करता है, जिससे शासन के विभिन्न स्तरों पर पहुंच सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएमपी एक मानकीकृत प्रारूप में स्पष्ट व प्रामाणिक डेटा एकत्र करेगा, जिसका उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाना है। एमएमपी बैठक से संबंधित नोटिस और कार्यवाही जारी करने तथा सचिवालय से क्षेत्रीय कार्यालयों तक संचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक समाधान के रूप में कार्य करेगा। यह पोर्टल बैठक की समयसीमा को सावधानीपूर्वक ट्रैक करते हुए बैठकों के निर्धारण, आयोजन एवं समय पर इन्हें सम्पन्न करने में सहायक होगा तथा बैठक की कार्रवाई व निर्णयों को रिकॉर्ड भी करेगा और बैठक के उपरान्त इन तक पहुंच भी आसान होगी।

## मंशादेवी मंदिर रोपवे बंद होने से श्रृद्धालु व पर्यटक परेशान





मंशादेवी मंदिर रोपवे काफी पुराना हो चुका है। इसलिए इसका तकनीकी सर्वेक्षण भी जरूरी है। यात्रियों के हित में रोपवे के जल्द संचालन के लिए मंथन किया जा रहा है। रोपवे की नयी टेंडरिंग में अब प्रक्रिया पूरी करना बड़ा अवरोध है : आर.के. सुधांशुरू प्रमुख सचिव, शहरी विकास

- नगर निगम को हो रहा प्रतिदिन दो लाख के राजस्व का नुकसान
- हरिद्वार विकास प्राधिकरण, वन विभाग, राजाजी टाईगर रिजर्व की एनओसी से लटका है मामला
- दुकानदारों के कारोबार पर भी पड़ रहा असर

**हरिद्वार**, 3 जनवरी (देशबन्धु)। मंशादेवी मंदिर पर रोपवे बंद होने से जहां श्रद्धालु व पर्यटक परेशान हो रहे हैं। जिसके कारण नगरनिगम को भी प्रतिदिन दो लाख रुपए के राजस्व का नुक़सान हो रहा है। इसकी वजह सो सरकार पर भी शीघ्र रोपवे संचालन का दबाव बना हुआ है।

मंशादेवी मंदिर पर रोपवे का संचालन वर्ष 1983 से हो रहा है। जिसका संचालन हरियाणा की ऊषा ब्रेको कम्पनी कर रही थी। ऊषा ब्रेको की लीज पूरी हो गई है, लेकिन नया टेंडर होने में बड़ा पेंच ये है कि रोपवे संचालन के लिए हरिद्वार विकास प्राधिकरण, वन विभाग, राजाजी टाईगर रिजर्व आदि विभिन्न विभागों की प्रक्रिया को पूरा करना है, जो कि जल्दी संभव नहीं है। इसलिए फिलहाल मंशादेवी रोपवे ठप्प पड़ा है। रोपवे बंद होने से जहां श्रद्धालु व पर्यटक निराश और परेशान हो रहे हैं। वहीं शासन को करीब साठ लाख रुपए महीने के राजस्व से हाथ धोना पड़ रहा है। रोपवे बंद होने से रोपवे के आसपास कारोबार करने वाले करीब डेढ़ सौ दुकानदारों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। रोपवे बंद होने से बाहर से आने वाले श्रद्धालु पर्यटकों में भी अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। जिसके बाद शासन-प्रशासन पर रोपवे जल्द शुरू करने का दबाव बढ़ रहा है।

मंशादेवी मंदिर पर रोपवे संचालन के लिए 1981 में कंपनी का तत्कालीन नगरपालिका से 30 वर्ष के लिए अनुबंध हुआ था। 2011 में आखिरी दस वर्ष के लिए कंपनी की लीज बढ़ाई गई थी। जबकि 2021 में शासन ने नयी व्यवस्था तक दो वर्ष के लिए ऊषा ब्रेको को कार्य विस्तार दिया था। इस दौरान शहरी विकास विभाग ने निगम को रोपवे के लिए नई कंपनी ढूंढने और प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये थे। हालांकि इस दौरान कुछ कंपनियों ने रोपवे संचालन में रुचि जरूर दिखाई लेकिन रोपवे के लिए विभिन्न विभागों की जरुरी अनुमति प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। जिसके कारण अब ऊषाब्रेको की कार्य विस्तार अवधि पूरा होने पर रोपवे ठहर गया है।

## कोर्ट ने थाना खाली करने और बिल्डिंग गिराने पर लगाई रोक




- पुलिस विभाग को मिली राहत
- बसंत विहार थाना चाय बागान में बनाने का मामला

देहरादून, 3 जनवरी (देशबन्धु)। चाय बागान की जमीन पर बसंत विहार थाना बने होने के मामले पर पुलिस विभाग को कोर्ट से राहत मिली है। जिला जज ने सिविल कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें सिविल कोर्ट द्वारा 29 नवंबर को राज्य सरकार और पुलिस को 30 दिन में जगह खाली कराने और संपत्ति को ध्वस्त करने के आदेश पारित किए थे। बुधवार को पुलिस विभाग ने कोर्ट में अपील करने के बाद जिला जज ने आदेश पर रोक लगाकर अपील स्वीकार की और सुनवाई के लिए 3 फरवरी 2024 की तिथि तय की है।

दरअसल, हरबंस वाला देहरादून में डीटीसी इंडिया लिमिटेड की चाय बागान की जमीन है। कंपनी के प्रबंधक एनके मिश्रा की ओर से सिविल कोर्ट में 26 सितंबर 2003 को केस दायर किया गया।

कहा गया कि यहां चाय बागान की जमीन पर अवैध तरीके से पुलिस ने कब्जा किया। इस पर निर्माण किया गया। चाय बागान कंपनी के वकील गौरव शर्मा के मुताबिक यह जमीन साढ़े नौ बीघा है।पुलिस ने कोर्ट में कहा कि इस जमीन पर विभाग ने निर्माण में करीब साढ़े छह करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं। जिसके बाद बसंत विहार थाने की भूमि के संबंध में न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सीडी) देहरादून के न्यायालय में प्रचलित संपति वाद टी स्टेट बनाम राज्य सरकार केस में 29 नवंबर 2023 को न्यायालय ने भूमि का कब्जा 30 दिन में कंपनी को प्रदान करने और मौके पर निर्मित संपत्ति को ध्वस्त करने के आदेश पारित किए गए। न्यायालय द्वारा जारी आदेश पर पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड ने एसएसपी देहरादून के पर्यवेक्षण में अपील कर पैरवी करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया है कि जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल से मामले की सभी जानकारी लेकर और भूमि के संबंध में न्यायालय के निर्णय पर रोक लगाने के लिए सीओ सिटी और थानाध्यक्ष थाना बसंत विहार को पैरवी के लिए नियुक्त किया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल के माध्यम से मामले में जिला जज देहरादून के न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। जिसमें न्यायालय जिला जज देहरादून द्वारा 2 जनवरी को सुनवाई करते हुए आदेश पर रोक लगाकर अपील स्वीकृत की गई और सुनवाई के लिए अग्रिम 3 फरवरी 2024 की तिथि नियत की गई है।

## मेले समाज को जोड़ने का करते हैं कार्य : महावीर




- सिलगढ़ महोत्सव की दूसरा दिन रहा लोक गायकों के नाम
- लोक गायक दर्शन फर्स्वाण के गीतों ने दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर

रुद्रप्रयाग, 3 जनवरी (देशबन्धु)। सिलगढ़ महोत्सव का दूसरा दिन गीत गंगा की टीम की सुंदर प्रस्तुतियों ने महोत्सव में समा बांधा। कार्यक्रम में मेलार्थियों ने देर शाम तक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से नशे एवं साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक किया। राइंका तैला में आयोजित सिलगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को आपस में मिलने का मौका मिलता है। कहा कि मेले समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने मेला समिति को बधाई देते हुए भविष्य में मेले को भव्य रूप देने की बात की। ताकि मेले को एक अलग पहचान मिल सके। उन्होंने सरकारी विभागों एवं लोकल उत्पादकों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया। महोत्सव के दूसरे दिन स्कूली छात्राओं के स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। कार्यक्रम गायक दर्शन फर्स्वाण ने नंदा की स्तुति एवं झुमक्याली गीत पर नृत्य, सुमान सिंह रौथाण की सान जग्गी की प्रस्तुति, गायक विक्रम कप्रवान ने बॉर्डर पर तैनात सैनिकों को समर्पित मार्मिक गीत, विजय पंत ने जय बाबा केदार, रेखा उनियाल की जागर की बेहतर प्रस्तुति ने समां बांधा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों दर्शकों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया।

महोत्सव में एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी ने नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि स्वंय एवं अपने बच्चों को ऐसे माहौल से दूर रखना आवश्यक है।

## प्रदेश को आर्थिक मदद देने वाले बिजली बोर्ड की अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी



- कर्मियों को दिसंबर माह के वेतन का भुगतान नहीं हो सका

**शिमला,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। किसी जमाने में प्रदेश सरकार को आर्थिक मदद देने वाले बिजली बोर्ड की अर्थव्यवस्था पटरी से उतरने लगी है। आलम यह है कि बीते 5 दशकों में पहली मर्तबा बिजली बोर्ड के कर्मियों को दिसंबर माह के वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। वेतन का भुगतान न होने की वजह सर्दियों में बिजली उत्पादन कम होने की वजह से बोर्ड द्वारा बाहरी राज्यों से बिजली की खरीद करना तथा सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को हर महीने दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली के एवज बोर्ड को मिलने वाली राशि न मिल पाना है। सरकार ने उपभोक्ताओं को दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली के एवज अक्तूबर से दिसंबर तक की करीब 280 करोड़ की रकम का भुगतान बोर्ड को नहीं किया है।एक ओर जहां बोर्ड को सरकार से मुफ्त बिजली के एवज मिलने वाली राशि का भुतान नहीं किया गया, वहीं दूसरी ओर बिजली बिलों के एवज बोर्ड के खजाने में आने वाली राशि से बोर्ड उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने के लिए बाहर से बिजली खरीद रहा है। आलम यह है कि बोर्ड के पास अभी तक वेतन व पेंशन का भुगतान करने के लिए 190 करोड़ की रकम नहीं है।

वेतन व पेंशन का भुगतान न होने से बिजली बोर्ड कर्मियों ने लगातार दूसरे दिन शिमला में बिजली बोर्ड मुख्यालय के साथ साथ प्रदेश में कई जगह धरना प्रदर्शन किया। बिजली बोर्ड इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर के जॉइंट फ्रंट के बैनर तले धरना प्रदर्शन में सैंकड़ों कर्मचारी व पेंशन भोगी भी शामिल हुए। कर्मचारियों ने बोर्ड की वित्तीय बदहाली के लिए प्रबंधन के साथ साथ सरकारों को दोषी ठहराया। साथ ही ऐलान किया कि वेतन व पेंशन का भुगतान न होने तक धरना प्रदर्शन जारीह रहेगा, आवश्यक हुआ तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर फ्रंट के संयोजक इंजीनियर लोकेश ठाकुर व सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि पेंशन व वेतन न मिलना बिजली बोर्ड के अस्तित्व पर एक खतरे की घँटी है जिसका खमियाजा लगभग पच्चास हज़ार बिजली कर्मचारियों व पेंशरज के अतिरिक्त प्रदेश के 26 लाख बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज जहां बिजली बोर्ड द्वारा पैदा की जा रही बिजली प्रदेश के उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में दी जा रही है वहीं उच्च वोल्टेज की लाइन का सीधा लाभ प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिल रहा है लेकिन इस क्षेत्र के निजीकरण में जाने से नहीं मिलेगा अलबत्ता बिजली दरों में कई गुना वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि बोर्ड़ को एक आस्थाई प्रवन्ध निदेशक से चलाया जा रहा है जिससे बोर्ड के के कार्यप्रणाली बुरी तरह से प्रभावित हुई है ।

## सूबे में 4 सीमेंट प्लांटों की स्थापना का मामला सालों से अधर में लटका

**शिमला,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। सूबे में 4 सीमेंट प्लांटों की स्थापना का मामला सालों से अधर में लटका है। सीमेंट प्लांटों को लेकर सरकारों ने एमओयू तो किए मगर निवेश धरातल पर नहीं उतर सका। फिर चाहे वह चंबा जिला की सिकरीधार में प्रस्तावित सीमेंट संयंत्र हो अथवा चौपाल के गुम्मा , करसोग के अलसिंडी व मंडी के सुंदरनगर में प्रस्तावित सीमेंट संयंत्र हो। इन चारों सीमेंट संयंत्रों में अरबों के निवेश की उम्मीद के साथ हजारों युवाओं को रोजगार के सब्जबाग समय समय पर सरकारें दिखाती रही, मगर निवेश धरातल पर न उतरने से युवाओं को रोजगार का सपना तो अधूरा रहा ही, निवेश बढने् से प्रदेश के खजाने में रायल्टी के एवज आने वाली करोड़ों की रकम से भी सरकार महरूम है।

हिमाचल में पहले ही अंबूजा, जेपी व अल्ट्राटेक कंपनियों के तीन बड़े सीमेंट संयंत्र हैं। इसके अलावा सीसीआई राजबन तथा बरमाना में एसीसी का सीमेंट संयंत्र है। इन सीमेंट संयंत्रों के अलावा सरकारों ने सिकरीधार , गुम्मा, सुंदरनगर व अलसिंडी में सीमेंट संयंत्रों की स्थापना को लेकर कंपनियों के साथ आगे बढ़ाई। सिकरीधार सीमेंट संयंत्र के लिए जेपी के साथ 2007 में एमओयू किया गया। एक हजार करोड़ की लागत वाले इस संयंत्र का एमओयू 2014 में रद्द कर दिया गया। सुंदरनगर में प्रस्तावित सीमेंट संयंत्र के लिए हरीश सीमेंट के साथ 2010 में भू अधिग्रहण के मकसद से एमओयू किया गया। अलसिंडी में लफार्ज व गुम्मा में सीमेंट संयंत्र की स्थापना को लेकर इंडिया सीमेंट के साथ सरकार ने एमओयू किया।

### सुडोकू 6426 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

# प्रादेशिकी

## प्रधान परिजनों की माफियागीरी व फर्जीवाडे की डीएम से शिकायत

**फर्रुखाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। पीड़ित ग्राम पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से दबंग प्रधान की माफियागीरी एवं फर्जीवाडे की शिकायत की है। थाना अमृतपुर के ग्राम बली पटटी रानीगांव निवासी सुनील कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि मैं ग्राम पंचायत का निर्वाचित सदस्य तथा भूमि प्रवन्ध समिति का सदस्य हैं। मै ग्रामपंचायत से सम्बंधित 18 दिसम्बर 23 तथा 26 दिसम्बर को अधिकारियों से प्रदान की शिकायत कर चुका है। प्रधान शशी शुक्ला की मिलीभगत से उसके दबंग पति ब्रह्मदत्त शुक्ला व पुत्र सुमित, अमित शुक्ला, देवर देवदत्त व भान्जे अजीत तिवारी ने एकराय होकर ग्राम समाज की सैकड़ों बीघा जमीन अपने कुछ साथियों से रूपया 3 हजार से 4 हजार प्रति वीघा बसूली कर तथा स्वंय कब्जा कर फसल कर रखी है।

# हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग होनी चाहिए : योगी

**लखनऊ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की प्रगति देखकर आज हर देशवासी खुश है, जबकि दुनिया अचंभित है क्योंकि वर्ष 2017 से पहले यहां निराशा, हताशा और अराजकता का माहौल था। हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुके हैं। इन पौने सात वर्षों में प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। वहीं प्रदेश सर्वाधिक ग्रोथ रेट और आर्थिक विकास दर के साथ देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

यह टीमवर्क का ही परिणाम है क्योंकि जब हम सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करते हैं तो उसके परिणाम इसी रूप में हम सभी के सामने आते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्लेज योजना के तहत मथुरा, अमरोहा, सीतापुर और मेरठ के प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की। साथ ही सहारनपुर, मुरादाबाद और संभल में ओडीओपी के तीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसके अलावा कौशाम्बी की सीएफसी टीम को स्वीकृति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के एक दर्जन लाभार्थियों को चेक और टूल किट वितरित किया। वहीं मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ई रिक्शा की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। ऐसे में प्रदेश का हर व्यक्ति,



■ **एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

बहन-बेटी, व्यापारी और निवेशक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश देश में निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में उभरकर सामने आया है। जीआईएस-23 में प्रदेश को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे एक करोड़ 10 लाख से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी।

अब उन्हे रोजगार के लिए पलायन नहीं करना होगा। एमएसएमई ने उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दी है। सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना ने परंपरागत उद्यमियों को नई दिशा दी है, जो पहले हताश और निराश होकर पलायन करने को मजबूर हुआ करते थे क्योंकि उनकी पहले कोई सुनवाई नहीं होती थी। वहीं आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ने प्रदेश को पहचान देने के साथ सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों को नई दिशा दी है। इससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई है। उन्होंने प्रदेश को एक्सपोर्ट प्रदेश के रूप में डेवलप किया है, जिससे हमारा एक्सपोर्ट लगभग तीन गुना बढ़ा है।

## हर जिले के उत्पादन का होना चाहिए डाक टिकट जारी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें कॉफी टेबल बुक तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट भी जारी होना चाहिये। इसको लेकर प्रयास होने चाहिये क्योंकि यह हमें वैश्विक पहचान दिलाएगा। इतना ही नहीं हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग भी होनी चाहिए ताकि अच्छे उत्पादन की जानकारी की जा सके। उसे पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी से जोड़कर विश्व फलक पर पहचान दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश ही ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और प्लेज पार्क योजना देने वाला पहला राज्य है। इससे प्रदेश में एमएसएमई यूनिट में काफी बढ़ोत्तरी हुई है और आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि छोटी पूंजी वालों को भरपूर लोन दें क्योंकि छोटी पूंजी डूबती नहीं है। इससे जहां उनका बिजनेस बढ़ेगा, वहीं छोटी पूंजी वालों में बैंकर्स के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इससे प्रदेश खुशहाली की ओर जाएगा। उन्होंने कहा कि बैंकर्स और सरकार की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि प्रदेश का पहले जहां सीडीओ रेश्यो 43 से 44 प्रतिशत था, आज बढ़कर 56 से 57 फीसदी तक पहुंच चुका है। वहीं इसे इस वित्तीय वर्ष में 60 फीसदी और अगले वित्तीय वर्ष में 65 फीसदी तक ले जाने का हमारा लक्ष्य होना चाहिये। कार्यक्रम में ओडीओपी के तहत महिलाओं और पुरुषों को चेक वितरित किये गये हैं, वह अलग-अलग सेक्टर में काम करना चाहते हैं। ऐसे में उनके विश्वास पर हम सभी को खरा उतरना है। उनके प्रशिक्षण के लिए उचित मंच प्रदान करना है ताकि समाज के हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। कार्यक्रम में मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# व्यापारियों की दुकानों को लगातार बनाया जा रहा निशाना : आशु शर्मा



**मेरठ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के द्वारा पी. एल. शर्मा रोड व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. आशु शर्मा उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय व्यापारी उपस्थित हुए प्रदेश अध्यक्ष पं.आशु शर्मा के द्वारा पीएल शर्मा रोड व्यापार मंडल की 21 पदाधिकारियों की घोषणा की गई अध्यक्ष के पद पर शौरभ रस्तोगी, महामंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर पहाड़ी, उपाध्यक्ष साहिल मेहरा, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता उपाध्यक्ष नौशाद आलम, उपाध्यक्ष अतुल गोयल, एवं दस पदाधिकारी मंत्री पद पर नियुक्त किए गए। संरक्षक की जिम्मेदारी विशाल रस्तोगी व पंकज त्रिवेदी को दी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को व्यापारियों के हितों में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं.आशु शर्मा ने कहां की लगातार पिछले कुछ समय में अपराधी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है बाजार में व्यापारियों की दुकानों को निशाना बनाकर चोरियां की जा रही है। पुलिस द्वारा व्यापारियों की घटनाओं का खुलासा नहीं हो रहा व्यापार मंडल जल्दी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का घेराव कर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर हो गई घटनाओं के खुलासा की मांग करेगा।

■ **पश्चिम उप्र संयुक्त व्यापार मंडल का ग्रहण समारोह आयोजित**

■ **21 पदाधिकारियों की घोषणा, कई को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी**

## सार संक्षेप

### फेरी दुकानदार से बदमाशों ने नगदी व साइकिल लूटी

**मवाना।** गगसोना फलावदा मार्ग पर नगला काटर गांव के समीप मंगलवार देर शाम दो बदमाशों ने राजकुमार पर तमंचा तानकर लाठी डंडों से जमकर मारपीट की और उससे 18 सौ रुपए, मोबाइल और साइकिल लूट कर फरार हो गए। उसने पुलिस को तहरीर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार कंबोज ने बताया कि सूचना फ्लैश हुई थी, तहरीर भी मिली है, जांच कर रहे हैं। फलावदा थाना क्षेत्र के गांव नैडू निवासी राजकुमार साइकिल से जनरल स्टोर का सामान गांव-गांव में बेचता है। वह मंगलवार देर शाम करीब 8:30 बजे फलावदा से वापस अपने गांव जा रहा था कि अचानक गगसोना फलावदा मार्ग पर नगला काटर गांव के समीप दो बदमाशों ने राजकुमार पर तमंचा तानकर लाठी डंडों से जमकर मारपीट की और उसकी जेब में रखें 18 सौ रुपये, मोबाइल व साइकिल लूट ली। पीड़ित राजकुमार गांव पहुंचा और परिजनों के फोन द्वारा 112 डायल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को तलाश करने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। घटना स्थल से 100 मीटर दूर पीड़ित की साइकिल सड़क किनारे नाले में पड़ी मिली। वारदात के संबंध में पीड़ित राजकुमार ने बुधवार थाने पहुंचकर बदमाशों के खिलाफलूट की तहरीर दी।

### आचार्य सन्मति सागर महाराज का पट्टाचार्य पद दिवस मनाया

**मवाना।** मवाना जैन अतिथि भवन में बुधवार को आचार्य सन्मति सागर महाराज का पट्टाचार्य पद दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत प्रातः कालीन बेला में जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक एवं 2550 वां महावीर भगवान के निर्माण महोत्सव पर भगवान महावीर अहिंसा रथ चल रहा है, उसमें विराजित भगवान की प्रतिमा का अभिषेक हुआ। जैन दिगंबर साधु अपने तन पर वस्त्र भी नहीं पहनते हैं और ऐसी ठंडी में नंगे पैर विहार करते हैं। पट्टाचार्य महोत्सव के अवसर पर अनेक साधु वृन्दों ने अपने भाव सुमन तपस्वी सम्राट के लिए प्रेषित किया। गुरु पूजा का भी आयोजन हुआ। आचार्य भगवंत का पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट भी किया गया। परम पूज्य धर्म चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य भगवंत 108 सुनील सागर महाराज ने अपने वचनों से समाज को लाभन्वित करते हुए कहा कि दिगंबर साधुओं के आशीर्वाद के अलावा कोई सम्मान नहीं और इनके अलावा कोई भगवान नहीं है। दिगंबर साधु यह है तो चलते फिरते धरती के भगवान है। इनमें से एक तपस्वी साधु सम्राट आचार्य सन्मति सागर हुए, जिन्होंने अपने 50 साल के संयम कल में 27 साल तक तो सिर्फ उपवास ही किया। उन्होंने 18 साल मे नमक में शक्कर का त्याग कर दिया था।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनशन पर बैठे ग्रामीण

**कौशांबी।** कौशांबी जिले की मंझनपुर तहसील क्षेत्र में भखंदा यमुना घाट से लेकर कनैली तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर आजिज ग्रामीणों ने बुधवार को पदयात्रा निकालकर क्रमिक अनशन शुरू किया। जिला पंचायत सदस्य साधना सिंह पटेल ने कहा कि भखंदा यमुना घाट से ट्रैक्टर और ट्रको के जरिए बालू के परिवहन कनैली तक 8.40 किमी सड़क जर्जर हो चुकी है, बालू लदे ट्रकों के रिसने वाले पानी से पूरी सड़क दलदल गई है।

## अटौरा के राजन साथियों सहित लोकदल में हुए शामिल

**मवाना,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड लोकदल कार्यालय मवाना में ठाकुर राजेंद्र सिंह उर्फ राजन निवासी अटोरा को लोकदल में साथियों सहित प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश चौधरी गजेंद्र सिंह नीलकंठ व चौधरी नरेश पाल ने संयुक्त रूप से लोकदल का पटका पहनकर शामिल कराया। लोकदल में शामिल होने के बाद ठाकुर राजेंद्र सिंह ने कहा कि लोक दल पार्टी उनकी पुरानी पार्टी है। वे लोकदल में निष्ठा से कार्य करूंगा। चौधरी गजेंद्र सिंह ने कहा यह लोक दल दो बैलों की जोड़ी हल चलाता किसानघ्घ् चुनाव चिन्ह वाली है, जो स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की लोक दल पार्टी है हम उनके आदर्शों को लेकर उनके बताए रास्ते पर चल रहे हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी नरेश पाल ने कहा कि लोकदल की नीतियों से प्रभावित होकर यह सब लोग स्वेच्छा से पार्टी से जुड़ रहे हैं। लोस चुनाव में उनकी पार्टी सभी लोकसभा क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह पूर्व विधायक है। इसके उपरांत हस्तिनापुर में करण मंदिर में जाकर वहां के महंत स्वामी शंकर देव से शिष्टाचार भेंट की एवं पौराणिक मंदिर करण मंदिर में माथा टेकर शिवजी, हनुमान, काली माता का आशीर्वाद लिया। उनके साथ राजेंद्र सिंह चौहान, सचिन प्रजापति, रूपराम सिंह, अमरनाथ त्यागी, आकाश दलाल, गौरव चौधरी, राजवीर सिंह, मुकेश कुमार, लोकेश कुमार व वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकाल में विद्युत उपभोक्ताओं को मिले निर्बाध आपूर्ति : चेत्रा वी




■ **विद्युत कार्यशाला का औचक निरीक्षण करने पहुंची एमडी**

■ **ट्रांसफार्मरों की प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के दिए निर्देश**

**मेरठ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रीष्म काल में उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबंध निदेशक चैत्रा वी. ने बुधवार को विद्युत कार्यशाला का औचक निरीक्षण किया। प्रबन्ध निदेशक ने कहा ग्रीष्म काल में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त अधिक होने के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता कम करने के लिए प्रिवेंटिव मेंटेनेंस अभियान शीघ्र चलाया जाए। प्रबन्ध निदेशक ने परिवर्तकों की मरम्मत प्रक्रिया, टेस्टिंग प्रक्रिया, कार्यशाला में उपलब्ध समस्त टेस्टिंग उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने कार्यशाला द्वारा निर्धारित अवधि में बदले जा रहे परिवर्तकों के कार्य में प्रयोग हो रहे वाहनों की जीपीएस लोकेशन आदि की जांच की। प्रबन्ध निदेशक ने कार्यशाला के सभी कार्मिकों को आवश्यक सुरक्षा मापदंड अपनाने व कार्यशाला फ्लोर पर आवश्यक साफ-सफाई, निर्धारित अवधि पर फायर फाइटिंग उपकरणों की रिफिलिंग के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि वर्कशॉप में विभिन्न क्षमता के स्वस्थ्य परिवर्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बिना किसी विलम्ब के बदला जा सके। आवश्यक प्रोटेक्शन के अभाव में पावर परिवर्तक क्षतिग्रस्त होता है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एनके मिश्र निदेशक(तकनीकी), मिथिलेश कुमार गुप्ता अधीक्षण अभियन्ता एवं स्टॉफ आफिसर, अधिशासी अभियन्ता वर्कशॉप एवं सहायक अभियन्ता वर्कशॉप आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ललित कला विभाग में मूर्तिकला कार्यशाला आयोजित



**मेरठ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। ललित कला विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने किया था। समापन कलाकार सम्मान समारोह के साथ किया गया। इस मौके पर कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। मुख्य वक्ता के रूप में जाने-माने कलाकार दुर्जन सिंह राणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा की समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में उपस्थित कलाकारों में शालिनी धामा, पूर्णिमा वशिष्ठ, आकाश कुमार, आरुषि, सलोनी त्यागी का योगदान सराहनीय रहा।

## नए साल को लेकर वेंकटेश्वरा में हुए रंगारंग कार्यक्रम



**मेरठ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीर्टूशन संस्थान के प्रांगण में नव वर्ष-2024 के आरंभ होने पर एक शानदार रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ वीजीआई समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. नितिन राज वर्मा, डॉ. किरन, डॉ. निधी, रितु, ब्रजपाल सिंह, दीपक कुमार एवं वीजीआई परिवार के समस्त अध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया। परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को माननीय अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर गिरि की ओर से नव वर्ष-2024 की शुभकामनाएं दी। साथ ही परिसर निदेशक ने उपस्थित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को 2023 में जो सपने अधूरे रह गए है उन्हे नव वर्ष-2024 में पूरा करने एवं नये-नये मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया एवं 2023 की समस्त उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में सत्र 2023 में जिन कर्मचारियों द्वारा छात्रों के प्रवेश किए क्रमशः प्रथम स्थान प्राचार्य डॉ. नितिन राज वर्मा, द्वितीय स्थान अभिनव राणा एवं तृतीय स्थान ललित कुमार, शर्मिला सोलंकी, रवि कुमार एवं वेदान्त को सिल्वर प्लेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

## बरेली में तीन अन्तर्राज्यीय पिस्तौल तस्कर गिरफ्तार

**बरेली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बरेली जिले की थाना बहेड़ी पुलिस ने बुधवार सुबह तीन पिस्तौल तस्करों को पकड़ा और उनके पास से चार अवैध पिस्तौल कारतूस बरामद किये। पुलिस ने बताया कि हरसुनंगला पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह अन्तर्राज्यीय पिस्टल तस्कर सुरजीत सिंह निवासी बरईपुर थाना पटियाली जिला-कांसगंज, हरबीर सिंह निवासी अन्जनिया थाना पुलभट्टा उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड व सुखपाल निवासी मौहल्ला आर्दश कालोनी थाना रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड मूल निवासी कालोनी कालागढ थाना कालागढ पिथौरागढ, उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 03 पिस्टल 32 बोर मय 04 मैगजीन, 6 कारतूस 32 बोर, 1 पिस्टल 9 एमएम मय 1 मैगजीन के 3 मोबाइल फोन के गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत कर जेल भेजा है।

## डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल 2024 का आगाज आज

**मेरठ,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। बुधवार को डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में पत्रकार वार्ता का आयोन किया गया। डॉ.अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल यूपी जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर आफ डीएवी स्पोर्ट्स) ने अपने संबोधन में कहा कि डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल - 2024 अण्डर 14, 17 एवं 19 गर्ल्स एवं ब्वायज, हॉकी और फुटबॉल खेलों का आयोजन 4 से 8 जनवरी तक किया जा रहा है। डीएवी स्पोर्ट्स, नेशनल लेवल-2024 में 21 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, खेल दो चरणों में खेले जाएंगे। 4 और 5 जनवरी को गर्ल्स डीएवी स्पोर्ट्स में प्रतिभागी बनने हेतु लगभग 650 गर्ल्स स्टूडेंट्स तथा 7 और 8 जनवरी को ब्वायज डीएवी स्पोर्ट्स में प्रतिभागी बनने हेतु लगभग 1000 ब्वायज स्टूडेंट्स, प्रतिभागी बनकर डीएवी विद्यालय में आ रहे हैं। खेलों का आयोजन




■ **21 राज्यों की टीमें करेंगी प्रतिभागिता**

■ **गर्ल्स व ब्वॉयज की तीन श्रेणी में होगा आयोजन**

कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम, आई वी इंटरनेशनल स्कूल, सीसीएस यूनिवर्सिटी तथा आईआईएमटी स्कूल के मैदानों मे किया जाएगा।

डा. अल्पना शर्मा ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त डीएवी में खेले जाने वाले खेल, खिलाड़ी विद्यार्थियों को खेल जगत में अलग पहचान प्रदान करने में सक्षम हैं।

**तैयारी** — *सूर्यवंशियों की राजधानी को सौर ऊर्जा से मेकओवर कर रही योगी सरकार*

# अयोध्या में सोलर ट्री से दूधिया रोशनी में नहाए 34 पार्क

**लखनऊ, 3 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का सपना साकार हो रहा है। अयोध्या सौर ऊर्जा से दूधिया रंग से गुलजार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्राचीन नगरी को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। सोलर सिटी के रूप में अयोध्या को बिजली पर निर्भरता खत्म करने के लिए यूपीनेडा पूरी तरह से जुटा है।**

योगी सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) एक के बाद एक नये प्रयोग कर रहा है। इसी कड़ी में पार्कों में लगाए जा रहे सोलर ट्री भी अब दूधिया रोशनी बिखेरने के लिए तैयार होने लगे हैं। अयोध्या की गलियों, प्रमुख चौराहों, मार्गों, घाटों के बाद अब पार्कों में सोलर ट्री लगाए जा रहे हैं। फिलहाल 34 पार्कों में एक किलोवाट तथा आठ पार्कों में ढाई किलोवाट के सोलर ट्री लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा एक किलोवाट के छह व ढाई किलोवाट से जुड़े 10 स्थानों पर तेजी से काम चल रहा है।



■ **बिजली पर निर्भरता खत्म करने के लिए बनाई गई योजना, अन्य स्थानों पर तेजी से चल रहा कार्य**

अयोध्या के पार्कों को सौर ऊर्जा से आच्छादित करने की दिशा में प्रयास शुरू हो गया है। फिलवक्त शहर के 52 स्थानों को चयनित किया गया है। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 52 स्थानों पर सोलर ट्री लगाना प्रस्तावित था। इनमें से 34 पार्कों में एक किलो वाट के सोलर ट्री लग चुके हैं। शेष छह स्थानों पर काम चालू है। शेष कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 18 अन्य स्थानों को समृद्ध करने की योजना है। यहां ढाई किलोवाट के सोलर ट्री लग रहे हैं। आठ जगहों पर यह लग चुके हैं। शेष पर कार्य हो रहा है। पार्कों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए सोलर ट्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसके ऊपरी हिस्से में सोलर प्लांट होंगे और ट्री की पत्तियों के निचले हिस्से से प्रकाश होगा। इसमें पांच से 6 लाइट होंगी। शाम होते ही पार्क खुद ब खुद रोशनी से जगमग हो उठेंगे। उन्होंने बताया कि एक किलोवाट प्रति सोलर ट्री लाइट की कीमत लगभग 2 लाख 82 हजार रुपये है।

### इन स्थानों पर लगाए जा चुके हैं 1 किलोवाट के ट्री प्लांट

सर्किट हाउस, आयुक्त कार्यालय, सूर्यकुंड दर्शन नगर गेट के पास, स्टेट बैंक कॉलोनी मो. बछड़ा सुल्तानपुर, सामुदायिक केंद्र पार्क साहबगंज वार्ड मो. वैदही नगर, बलदेव एकेडमी पंपहाउस पार्क के सामने वाला पार्क कौशलपुरी फेज-1, योगा केंद्र के सामने वाला पार्क कौशलपुरी फेज-1. ट्यूबवेल वाला पार्क बहादुरगंज वार्ड रोहिणी कॉलोनी, शिव मंदिर वाला पार्क अमानीगंज समेत अनेक स्थानों पर ट्री प्लांट लगाए जा चुके हैं।

## विधायक ने दिया योगी को आने का न्योता

**फर्रुखाबाद,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिले में आने का न्योता दिया है। द्विवेदी ने नए साल की शुरुआत अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन से की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर उन्हें फर्रुखाबाद में गंगा जी के तट पर चलने वाले श्री रामनगरिया मेले के 25 जनवरी को उद्घाटन का निवेदन कर निमंत्रण भी दिया।

सीएम को अवगत कराया गया कि यह मेला विगत कई वर्षों से आयोजित होता है जिसमे कई जनपदों से आए साधु संत महात्मा,श्रद्धालुजन पूरे एक माह तक गंगा तट पर आश्रम बनाकर या राउटी लगाकर कल्पवास करते हैं तथा पूजापाठ भजन कीर्तन सत्संग करते है। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.69 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.52 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.15 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.68 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.65 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 3.76 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 3.05 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 2.92 प्रतिशत |
| विप्रो | 2.82 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.64 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5600-5700 |
| दाल चना | 6600-6700 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9300-9400 |
| अरहर दाल | 12000-12100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# भारत का विनिर्माण पीएमआई दिसंबर में निचले स्तर 54.9 पर पहुंचा : एसएंडपी ग्लोबल

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की विनिर्माण गतिविधियों का विस्तार दिसंबर 2023 में जारी रहा, लेकिन विकास की गति धीमी हो गयी।

एसएंडपी ग्लोबल की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) पिछले साल दिसंबर में 18 महीने के निचले स्तर 54.9 पर आ गया, जो नवंबर के महीने में 56.0 था। पीएमआई प्रिंट का 50 से नीचे आना मतलब संकुचन है, जबकि इससे ऊपर का प्रिंट विस्तार को दर्शाता है।

नवीनतम रीडिंग लंबी अवधि की श्रृंखला की प्रवृत्ति से ऊपर थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के बाद से सबसे कम तिमाही औसत (55.5) में योगदान दिया। एसएंडपी ग्लोबल सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में फैक्ट्री ऑर्डर और आउटपुट में नरम,



हालांकि तेज बढ़ोतरी हुई, जबकि आने वाले साल के परिदृश्य में कारोबारी विश्वास मजबूत हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्साहजनक रूप से, इनपुट लागत लगभग साढ़े तीन वर्षों में दूसरी सबसे धीमी दर से बढ़ी, और शुल्क मुद्रास्फीति नौ महीने के निचले स्तर पर आ गयी।


एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा लगभग 400 निर्माताओं के एक पैनल द्वारा क्रय प्रबंधकों को भेजी गयी प्रश्नावली के जवाबों से संकलित किया गया है। पैनल को सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर विस्तृत क्षेत्र और कंपनी कार्यबल के आकार के अनुसार स्तरीकृत किया गया है।

नवीनतम सर्वेक्षण में कहा गया है कि नये व्यापार लाभ, अनुकूल बाजार स्थितियों, मेलों और प्रदर्शनियों ने सामूहिक रूप से दिसंबर के दौरान विनिर्माण उत्पादन में एक और तेज वृद्धि को प्रेरित किया।

दिसंबर के आंकड़ों से पता चला है कि भारत में माल उत्पादकों की अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर प्राप्तियों में लगातार इक्कीसवीं वृद्धि हुई है। कंपनियों ने एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका में ग्राहकों से लाभ देखा। नयी निर्यात बिक्री मध्यम गति से बढ़ी जो आठ महीनों में संयुक्त रूप से सबसे धीमी थी। सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुये, एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री, प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के विनिर्माण क्षेत्र का दिसंबर में विस्तार जारी रहा, हालांकि पिछले महीने की वृद्धि के बाद यह धीमी गति से हुआ। उत्पादन और नए ऑर्डर दोनों की वृद्धि में नरमी आई, लेकिन दूसरी ओर, भविष्य का आउटपुट सूचकांक नवंबर से बढ़ रहा है। इनपुट और आउटपुट कीमतों में वृद्धि की दरें मोटे तौर पर अपरिवर्तित थीं।

## 2022 में 21 की तुलना में 2023 में केवल दो कंपनियां बनीं यूनिकॉर्न

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में निजी इक्विटी-वेंचर कैपिटल (पीई-वीसी) फर्मों द्वारा निवेश का मूल्य 2023 में 38 प्रतिशत गिरकर 30 अरब डॉलर से कम हो गया। वेंचर इंटेलिजेंस के अनुसार पीई-वीसी फर्मों ने भारतीय कंपनियों में पिछले वर्ष में 47.6 बिलियन डॉलर (1,362 सौदों में) की तुलना में 2023 में 29.7 अरब डॉलर (756 सौदों में) का निवेश किया। 2023 में 21.2 बिलियन डॉलर मूल्य के 67 मेगा सौदे (100 मिलियन डॉलर+ राउंड) हुए, जबकि 2022 में 31.8 बिलियन डॉलर मूल्य के 112 ऐसे निवेश हुए। टेमासेक (जिसने बहुसंख्यक नियंत्रण प्राप्त किया) और टीपीजी कैपिटल द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल्स में 2.4 बिलियन डॉलर का निवेश 2023 में सबसे बड़ा पीई-वीसी निवेश था। इसके बाद बैरिंग एशिया और क्रिसकैपिटल द्वारा एचडीएफसी क्रेडिला पर केंद्रित शिक्षा ऋणों की 1.35 बिलियन डॉलर की खरीदारी की गई और 1 बिलियन डॉलर कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) द्वारा रिलायंस रिटेल में निवेश किया। 2023 में केवल दो यूनिकॉर्न कंपनियां (वीसी-वित्त पोषित स्टार्टअप जिनकी कीमत 1 बिलियन डॉलर या अधिक थी) देखी गईं, जबकि 2022 में 21 और 2021 में रिकॉर्ड 44 बनाई गईं। क्विक कॉमर्स स्टार्टअप ज़ेप्टो (जिसने अगस्त 2023 में विदेशी निवेशकों के नेतृत्व



में 231 मिलियन डॉलर आकर्षित किए थे), उपभोक्ता और लघु व्यवसाय ऋण फर्म इनक्रेड फाइनेंस (जिसने घरेलू पारिवारिक कार्यालयों और एचएनआई से 60 मिलियन डॉलर आकर्षित किए) द्वारा वर्ष के अंत में यूनिकॉर्न सूची में शामिल हो गया।

वेंचर इंटेलिजेंस के संस्थापक अरुण नटराजन ने कहा, जबकि बड़े टिकट वाले पीई निवेशकों ने हेल्थकेयर, वित्तीय सेवाओं और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया, 2023 में विकास में मंदी देखी गई और साथ ही वेंचर कैपिटल सेगमेंट में अंतिम चरण के निवेश में भी कमी देखी गई। उन्होंने कहा, साल के अंत में, मजबूत सार्वजनिक बाजारों के दम पर, निजी बाजारों को आशावाद की खुराक मिली, जिसका अनुवाद कुछ बड़े विकास चरण वाले तकनीकी निवेशों में भी हुआ।

## मॉइल ने दर्ज किया रिकॉर्ड मासिक उत्पादन

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। देश में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मॉइल ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन करते हुए दिसंबर, 2023 में 1.85 लाख टन मैंगनीज (एमएन) अयस्क का उत्पादन किया। कंपनी की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत दिसंबर में उसका उत्पादन दिसंबर 2022 की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना ने अच्छे कार्य प्रदर्शन के लिए श्रमिकों को बधाई दी है। कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कंपनी का उत्पादन 12.73 लाख टन रहा जो एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने कहा है कि बिक्री के मोर्चे पर उसका प्रदर्शन प्रभावशाली है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान उसने 11.01 लाख टन मैंगनीज अयस्क की बिक्री की जो सालाना आधार पर 40 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। कंपनी ने नए स्रोतों के अन्वेषण का प्रयास तेज करते हुए दिसंबर, 2023 में स्वयं 11,482 मीटर तक की मुख्य कोर ड्रिलिंग (बर्मा खनन) किया जो इसका अब तक का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन है। अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि के दौरान मॉइन ने 60,870 कोर (मुख्य) ड्रिलिंग की जो इससे पिछले वर्ष इसी अवधि के ड्रिलंग कार्य के दो गुने से भी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक सक्सेना ने नववर्ष पर कंपनी कर्मचारियों की एक सभा में उन्हें बधाई दी और कहा कि कंपनी के उत्पादन और बिक्री का अच्छा काम कंपनी के श्रमिकों के प्रयासों का परिणाम है।

## वेनेजुएला ने ओएनजीसी विदेश को 600 मिलियन डॉलर का बकाया वसूलने में मदद के लिए की तेल की पेशकश

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने बुधवार को कहा कि वेनेजुएला भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को लैटिन अमेरिकी देश में एक तेल क्षेत्र में हिस्सेदारी के लाभांश के रूप में 600 मिलियन डॉलर के बकाया की वसूली में मदद करने के लिए ओएनजीसी विदेश को तेल देने पर सहमत हो गया है।

ओएनजीसी की विदेशी निवेश शाखा ओएनजीसी विदेश (ओवीएल) के पास पूर्वी वेनेजुएला के ओरिनोको हेवी ऑयल बेल्ट में सैन क्रिस्टोबल क्षेत्र में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसमें वेनेजुएला की राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए की बहुमत हिस्सेदारी है।

जैन ने पत्रकारों से कहा, वे हमें ओवीएल के बकाया के बदले में कुछ




तेल देने पर सहमत हो गए हैं। हम उनसे तेल उठाने की तारीखों का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में कहा कि लैटिन अमेरिकी देश के खिलाफ प्रतिबंध हटा दिए जाने के बाद भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ भारतीय धन वेनेजुएला में फंसा हुआ है, उन्होंने वेनेजुएला के तेल और गैस परियोजनाओं में अपनी हिस्सेदारी पर रिटर्न के रूप में 2014 से ओएनजीसी के लंबित 600 मिलियन डॉलर के लाभांश का जिक्र किया।

बाजार से रूसी तेल को बाहर निकालने की वाशिंगटन की रणनीति के तहत अक्टूबर में अमेरिका द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद इंडियन ऑयल और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू कर दिया है।

यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारतीय तेल कंपनियां रूसी तेल की बड़ी खरीदारी कर रही हैं क्योंकि यह रियायती मूल्य पर उपलब्ध है। वास्तव में, भारत के तेल आयात का एक तिहाई से अधिक हिस्सा रूस से होता है।

## सार संक्षेप

### वैश्विक अर्थव्यवस्था के विखंडन से जीडीपी में नुकसान की आशंका : क्रिस्टालिना जॉर्जीवा

**बीजिंग।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के विखंडन से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है। जॉर्जीवा ने सीएनएन के कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रतिबंध बढ़ रहे हैं और भू-राजनीतिक कारक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विभाजन पैदा कर रहे हैं। यदि आर्थिक विखंडन को जारी रखने की अनुमति दी गई, तो अंततः वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 7 प्रतिशत का नुकसान होगा, जो लगभग फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त वार्षिक जीडीपी के बराबर है। जॉर्जीवा ने कहा, यह हर किसी के हित में होगा कि घर्षण को कम करने के तरीके खोजें और विश्व अर्थव्यवस्था को बेतरतीब ढंग से विभाजित करने की बजाय वास्तव में सार्थक सुरक्षा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें।

### हुंडई मोटर, किआ की बिक्री 2023 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**सोल।** साउथ कोरिया की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर ने बुधवार को कहा कि उनकी 2023 की बिक्री एक साल पहले की तुलना में 6.9 प्रतिशत बढ़ी, जिससे नए स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल मॉडल और इको-फ्रेंडली कारों की रिलीज से मदद मिली। कंपनी ने एक बयान में कहा, नई एसयूवी की मजबूत बिक्री और अपने इको-फ्रेंडली मॉडल लाइनअप को मजबूत करने के कारण हुंडई मोटर ने पिछले साल 4,216,680 वाहन बेचे, जो 2022 में 3,942,922 यूनिट थे। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 7,62,077 यूनिट्स हो गई, जबकि विदेशी शिपमेंट 6.2 प्रतिशत बढ़कर 34,54,604 यूनिट हो गई। कंपनी के एक प्रतिनिधि के अनुसार, हुंडई कंपीटिटिव नए मॉडल लॉन्च करके और कंपनी के ईको-फ्रेंडली व्हीकल लाइनअप को मजबूत करके उत्तरी अमेरिका और यूरोप में बिक्री को मजबूत करने में सक्षम थी। हुंडई मोटर ग्रुप ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि उनका लक्ष्य इस साल हुंडई मोटर और किआ के तहत कुल 74,43,000 वाहन बेचने का है, जो 2023 में समूह की संयुक्त बिक्री से 1.9 प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर की छोटी ऑटो सहयोगी किआ ने कहा कि उनके एसयूवी मॉडलों की विदेशी मांग में वृद्धि के कारण इसकी 2023 की बिक्री लगभग 3.08 मिलियन यूनिट की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि किआ ने पिछले साल 30,85,771 वाहन बेचे, जो एक साल पहले 29,01,797 वाहन थे, जो कि उनके स्पोर्टेज, सेल्टोस और सोरेंटो एसयूवी मॉडल की बिक्री में वृद्धि थी।

# ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से गिरा बाजार


**मुंबई** 3 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद धूमिल पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, धातु और टेक समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 535.88 अंक का गोता लगाकर 71,356.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 148.45 अंक लुढ़ककर 21,517.35 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.20 प्रतिशत बढ़कर 37,081.58 अंक और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत चढ़कर 43,103.61 अंक पर पहुँच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2194 में लिवाली जबकि 1643 में बिकवाली हुई वहीं, 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी में 18 कंपनियों में तेजी जबकि 32 में गिरावट रही।

बीएसई के छह समूहों के शेयर लुढ़क गए। इनमें कमोडिटीज़ 0.72, वित्तीय सेवाएं 0.20, आईटी 2.31, ऑटो 0.06, धातु 2.44 और टेक 1.78 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, दूरसंचार 0.97, यूटिलिटीज 1.78, तेल एवं गैस 0.99, पावर 1.33, रियल्टी 1.39 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.31 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.78, जापान का निक्केई 0.22 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.85 प्रतिशत टूट गया। वहीं, चीन के शंघाई कंपोज़िट में 0.17 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 60 अंक उतरकर 71,832.62 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 71,862.00 अंक पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 71,303.97 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,892.48 अंक के मुकाबले 0.75 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,356.60 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी पांच अंक फिसल कर 21,661.10 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 21,677.00 अंक के उच्चतम जबकि 21,500.35 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,665.80 अंक की तुलना में 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,517.35 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील 3.76, टाटा स्टील 3.05, इंफ़ोसिस 2.92, विप्रो 2.82, टेक महिंद्रा 2.64, टीसीएस 2.42, नेस्ले इंडिया 2.17, एचसीएल टेक 2.15, एचडीएफसी बैंक 1.55, मारुति 1.19, रिलायंस 1.07, अल्ट्रासिमको 0.94, बजाज फाइनेंस 0.67, एशियन पेंट 0.56, बजाज फिनसर्व 0.56, टाटा मोटर्स 0.41, पावरग्रिड 0.34, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.31, टाइटन 0.09 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 1.69, आईटीसी 1.52, भारती एयरटेल 1.15, एसबीआई 0.68, एक्सिस बैंक 0.65, आईसीआईसीआई बैंक 0.22, सन फार्मा 0.13, एनटीपीसी 0.07, एलटी 0.06 और कोटक बैंक ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 'टाइप टेस्ट ऐंड स्पेशल टेस्ट' प्रमाणन मिला

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन संगठन केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई)-भोपाल ने सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन दिया है। इस तरह के उच्च रेटिंग के ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट और स्पेशल टेस्ट का सफल समापन सर्वोकॉन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो उसकी घरेलू निर्माण एवं बढ़ती इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रमाण है। यह सर्वोकॉन के लिए न सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है जिसे उद्योग में महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है बल्कि यह कंपनी के लिए नए वर्ष का पूरे दिल से स्वागत करने और एक नई शुरुआत और अच्छी संभावनाओं का भी प्रतीक है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'सीपीआरआई-भोपाल से 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन मिलना भरोसेमंद और उच्च प्रदर्शन वाले विद्युत ट्रांसफॉर्मर पेश करने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है। इस तरह के प्रमाणन सर्वोकॉन की स्थिति भारत की प्रख्यात पावर कंडीशनिंग इक्विपमेंट एवं ट्रांसफॉर्मर निर्माता के तौर पर मजबूत बनाते हैं। सीपीआरआई से ऐसे प्रमाणन मिलने से खरीदारों का भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा।'

## दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल सस्ता हो गया जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट बढ़कर 3658 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की गिरावट लेकर 47.86 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सूरजमुखी तेल 110 रुपये, सोया रिफाइंड 148 और पाम ऑयल 133 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 150 और दाल चना 150 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई जबकि मूंग दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## 'भारत के रियल एस्टेट बाजार का 2023 में बेहतर प्रदर्शन'

**मुंबई,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र ने 2023 में दुनिया के प्रमुख बाजारों में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।

रियल एस्टेट बाजार पर अनुसंधान और परामर्श सेवाएं देने वाली प्रतिष्ठित कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार बीते वर्ष के दौरान भारत के आठ बड़े शहरों में कार्यालय स्थलों की बिक्री में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी और मकानों के बाजार में पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकार्ड संख्या में बिक्री हुई।

नाइट फ्रैंक इंडिया की 'इंडिया रियल एस्टेट- रेजिडेंशियल एंड ऑफिस (जुलाई-दिसंबर 2023)' शीर्षक इस रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यालय की जगह का लेनदेन करीब करीब कोविड के पहले 2019 के स्तर के नजदीक पहुंच गया जो अब तक इस बाजार का उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट के अनुसार बीते वर्ष के दौरान कुल करीब छह करोड़ (5.96 करोड़) वर्ग फुट के कार्यालय स्थल के सौदे हुए। इस दौरान चार महानगरों सहित आठ प्रमुख शहरों में कुल 329,000 से अधिक घरों की बिक्री हुई जो 10 साल का नया रिकॉर्ड है।

वर्ष के दौरान कार्यालय के पट्टों का कारोबार



2019 के अब तक के रिकार्ड से थोड़ा ही कम है जबकि 6.06 करोड़ वर्ग फुट की जगह के सौदे हुए थे। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि कार्यालय बाजार का प्रदर्शन भारत की अर्थव्यवस्था की अपनी खुद की ताकत और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच मजबूत भारत की सबसे तेज वृद्धि दर में उपभोग और निवेश की गतिविधियों में मजबूती दर्शाता है।


इस रिपोर्ट के अनुसार कार्यालय स्थल के बाजार की इस तेजी में भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने वाले उद्यमों की ओर से तेज मांग का प्रमुख योगदान रहा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 1.2 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल की बिक्री (पट्टेदारी) के सौदों के साथ बेंगलुरु सबसे बड़ा बाजार रहा। उसके बाद चेन्नई (1.08 करोड़ वर्ग फुट) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (1.01 करोड़ वर्ग फुट) का स्थान रहा। चेन्नई में क्षेत्र के हिसाब से सौदों में वार्षिक आधार पर 92 प्रतिशत का जोरदार उछाल रहा, लेकिन बेंगलुरू में 14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

कार्यालय बाजार में 2023 में 4.29 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थान का निर्माण पूरा हुआ और अपेक्षाकृत नियंत्रित आपूर्ति के कारण सभी बाजारों में किराए बढ़े। कोलकाता ने किराया सबसे अधिक 11 प्रतिशत बढ़ा। उसके बार बेंगलुरू (सात प्रतिशत) रहा। रिपोर्ट के अनुसार रियल एस्टेट निवेश न्यासों (आरईआईट) वाली सम्पत्तियों के पोर्टफोलियो में सम्पत्तियों का उपभोग 57-65 प्रतिशत के स्तर के साथ लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल उपयोग/उपभोग का स्तर 47-55 प्रतिशत था। इसी तरह रिक्ति का स्तर एक साल पहले से प्रतिशत 0.94 अंक कम होकर 2023 में 16.1 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारती बाजार अभिमुख कंपनियों द्वारा 2.19 करोड़ वर्ग फुट और यहां वैश्विक बाजार जरूरतों को पूरा करने की क्षमता पर केंद्रित कामों के लिए 2.08 करोड़ वर्ग फुट किराए की जगह ली गयी।

# खेल जगत

## ब्रिस्बेन टूर्नामेंट में प्लिस्कोवा ने ओसाका को हराया

**ब्रिस्बेन,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। तीन बार चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बुधवार को नाओमी ओसाका को 3-6, 7-6(4), 6-4 से हराया। जुलाई 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद ओसाका यह पहला टूर्नामेंट है। चार बार की ग्रैड स्लैम चैम्पियन ओसाका ने वापसी करते हुए तमारा कोरपात्श के खिलाफ अपना पहला राउंड मैच जीता। प्लिस्कोवा इससे पहले 2017, 2019 और 2020 में तीन बार ब्रिस्बेन टूर्नामेंट जीत चुकी हैं। दो पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ियों के बीच लड़ाई में यह प्लिस्कोवा ने दो घंटे और 14 मिनट के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में प्रवेश किया। एक सेट से पिछड़ने के बावजूद प्लिस्कोवा जापानी स्टार ओसाका के साथ एक और करीबी मुकाबले को पलटने में सफल रही, जिससे उनकी बढ़त 4-2 हो गई। प्लिस्कोवा को इस सप्ताह एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहले दौर में बाई मिली था।



# सिराज के गेंद के छक्के से द. अफ्रीका 55 रन पर ढेर



- बुमराह और मुकेश ने चटकाए दो-दो विकेट
- बेडिंघम व वैरेनी को छोड़ कर द. अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज नहीं पहुंचा दहाई में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 3 जनवरी (देशबन्धु)। मियां मैजिक के नाम से मशहूर नौजवान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (6/15) के रफ्तार के साथ धार दिखाकर गेंद से जड़े छक्के की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कैपटाउन में न्यूलैंडस के मैदान पर सीरीज के दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को लंच से पहले ही पहली पारी में 23.2 ओवर 55 रन पर ढेर कर 2024 में नए साल का बेहतरीन आगाज किया। यह दक्षिण अफ्रीका भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का न्यूनतम स्कोर है। सिराज का स्पैल था 9-3-15-6। डेविड बेडिंघम (12) और काइल वैरेनी (15) को छोड़ कर टॉस जीत कर पहले पहले बल्लेबाजी करने वाली दक्षिण अफ्रीका का बाकी कोई बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज का स्कोर ऐसे रहा मानों आप कोई टेलीफोन का नंबर डायल कर रहे हैं। भारत मेजबान दक्षिण अफ्रीका से सीरीज का पहला टेस्ट मैच एक पारी और 32 रन से हार कर 0-1 से पिछड़ रहा है।

गावसकर ने सिराज की इस गेंदबाजी पर स्टार स्पोटर्स के साथ वाकई सही कहा, भारत के लिए सुप्रभात। सिराज ने अपने पहले स्पैल में एडन मरक्रम (2), डीन एल्गर (4), टॉनी डी जॉर्जी (2), डेविड बेडिंघम (11 रन, 17 गेंद, 2 चौके), मार्को येनसन(0), कायल वेरेनी (15 रन, 30 गेंद, एक चौका) के विकेट लंच से पहले चटकाए। वहीं सदाबहार जसप्रीत बुमराह ने अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले ट्रस्टन स्टब्स (3) को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों फॉरवर्ड शार्ट लेग पर लपकवाया दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीसरा विकेट मात्र 11 रन निकाल और मुकेश कुमार ने पारी के 20 वें अपने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर मिडविकेट पर जसप्रीत बुमराह के हाथों लपकवा कर उसका स्कोर आठ विकेट पर 46 रन कर दिया। बुमराह (2/25) ने अपने आठवें और पारी के 23 वें ओवर की नैंड्रे बर्गर (4 रन, 11 गेंद, एक चौका)को स्लैश पर मजबूर कर यशस्वी जायसवाल ने कैच लपक और दक्षिण अफ्रीका ने अपना नौवां विकेट 22 वें ओवर 55 रन पर खो दिया। पारी के अगले ओवर में मुकेश कुमार (2/2) इसी स्कोर पर कसिगो रबाडा (5) को चौथी स्लिप में श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा कर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी लंच से पहले ही समेट दी।

अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेल रहे और चोटग्रस्त तेंबा बवुमा की जगह कप्तानी की कमान संभालने वाले सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर एडन मरक्रम के साथ दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी शुरू की। एडन मरक्रम (2 रन, 10 गेंद)को ऑफ स्टंप से बाहर निकलती गेंद को ड्राइव करने मजबूर किया लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर निकली और दूसरे स्लिप में यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन कैच लपका और दक्षिण अफ्रीका ने पहला विकेट मात्र 5 रन पर खो दिया। पहले टेस्ट में शानदार शतक जडने वाले कप्तान डीन एल्गर (4 रन, 15 गेंद) मोहम्मद सिराज के तीसरे ओवर में भीतर आती गेंद को कवर के बीच ड्राइव करने की कोशिश में अपनी विकेट पर खेल बैठे और दक्षिण अफ्रीका ने अपना दूसरा विकेट 8 रन पर खो दिया। दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी का मात्र 33 गेंदों में आठ रन के भीतर पैवेलियन लौटना भारत के लिए वाकई एक अच्छी शुरुआत रहा। अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले ट्रस्टन स्टब्ज(3) ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भीतर आती गेंद तेजी से उछली और उनके बल्ले का भीतर किनारा लेकर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर कप्तान रोहित शर्मा ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की और दक्षिण अफ्रीका ने नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर तीसरा विकेट खो दिया था। टॉनी डी जार्जी (2 रन, 17 गेंद) सिराज के पांचवें और पारी के दसवें ओवर की दूसरी गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की और गेंद बल्ले का हल्का बाहरी किनारा लेकर उछली और विकेटकीपर केएल राहुल ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की और मेजबान दक्षिण अफ्रीका की टीम चार विकेट मात्र 15 रन पर खोकर गहरे संकट में फंस गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का पहला चौका डेविड बेडिंघम ने पारी के 11 वें और बुमराह छठे ओवर की दूसरी गेंद पर लगाया और इसी ओवर में की पांचवी गेंद को भी बेडिंघम ने फ्लिक कर स्कवॉयर लेग पर चौका जड़ा। पारी के 16 वें और सिराज ने अपने आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर में डेविड बेडिंघम (12 रन, 17 गेंद, दो) को ज्यादा उछाल को छकाया गेंद उनके दस्ताने के उपर लगकर उपर उछली और तीसरे स्लिप में यशस्वी जायसवाल ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की 15.2 ओवर में पांच विकेट 34 रन पर खो दिए और इसी ओवर की पांचवी गेंद को जो की बढिया लेग कटर थी उस पर मार्को येनसन (0) को खेलने को मजबूर कर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच करा %पंजा' लगाकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। सिराज ने अपने आठवें ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट लिए। तब सिराज का स्पैल था 8-3-9-5॥ सिराज की गेंद पर पहला चौका उनके नौवें ओवर में वेरेना (15 रन, 30 गेंद, एक चौका) ने पहला चौकाया लगाया लेकिन अगली और पांचवीं ऑफ स्टंप पर गिर बाहर निकली गेंद पर कट करने की कोशिश में स्लिप में शुभमन गिल के हाथों कैच कराया । तब सिराज का स्पैल था 9-3-15-6। सिराज ने अपने नौ ओवर के पहले स्पैल में 15 रन देकर छह

# कमिंस के पंजे से पाकिस्तान पहली पारी में 313 रन पर समाप्त



**सिडनी** 3 जनवरी (एजेंसियां)। पैट कमिंस ने पांच विकेट विकेट और मिचेल स्टार्क के दो विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान ने आज तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में पहली पारी में 313 रन पर ढ़ेर कर दिया है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक और सैम अयूब खाता नहीं खोल पाए। अब्दुल्ला शफीक को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। अगले ही ओवर में जोश हेजलवुड ने सैम अयूब का शिकार किया। दो विकेट गिर जाने के बाद बाबर आजम और कप्तान शान मसूद पाकिस्तान की पारी को संभाला। बाबर 26 रन को पैट कमिंस पगबाधा आउट किया। इसके कुछ देर बाद सऊद शकील पांच रन पर पवेलियन लौट गए। कप्तान शान मसूद भी 35 रन बनाकर मिचेल मार्श की गेंद पर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने अपनी 88 रनों की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। पैट कमिंस की गेंद पर जोश हेजलवुड ने उनका कैच पकड़ा।

उनके बाद साजिद खान भी कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 15 रन बनाए। आगा सलमान 67 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। हसन अली शून्य पर आउट हुये। आमिर जमाल 82 रन बनाकर आउट हुये, उन्हें नाथन लियोन ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। मीर हमजा सात पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान 103 गेंदों में 88 रन, आमेर जमाल 97 गेंदों में 82 रन, आगा सलमान ने 67 गेंदों में 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली जिसकी बदौलत टीम पहली पारी 77.1 ओवर में 313 रन बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने पांच विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जॉश हेजलवुड, नेथन लायन और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।


# दक्षिण अफ्रीका के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले से हैरान रह गए सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन लंच के समय अपने न्यूनतम स्कोर महज 55 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले से पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर हैरान रह गए।

केप टाउन के न्यूलैंड्स स्थल पर घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच में एक अप्रत्याशित मोड़ आया जब डीन एल्गर की कप्तानी वाली घरेलू टीम को एक मजबूत भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना पड़ा।

टेस्ट में भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की पिछली सबसे कम पारी 2015 में नागपुर में 79 रन थी। घरेलू मैदान पर 2018 में उसी न्यूलैंड्स स्थल पर यह 130 रन थी।

सुनील गावस्कर ने दक्षिण अफ्रीका के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले पर हैरानी जताते हुए भारतीय टीम के मनोवैज्ञानिक पहलू पर प्रकाश डाला. पिछली पारी में हार और खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन का सामना करने के बाद, गावस्कर ने सुझाव दिया कि नई पिच पर पहले बल्लेबाजी करने से भारत बैकफुट पर आ जाता। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका पहले गेंदबाजी चुनकर इस कमजोरी का फायदा उठा सकता था, खासकर उनकी मजबूत तेज गेंदबाजी लाइनअप को देखते हुए।



कुछ हुआ उससे मैं थोड़ा आश्चर्यचकित था। क्योंकि कई बार कप्तान और कोच इस बात पर समझौता कर लेते हैं कि पिच कैसी होगी। मुझे लगता है कि आपको भारतीय टीम के मनोविज्ञान पर भी गौर करना होगा : सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, ठीक है, मैं आपको बताता हूँ कि जो कुछ हुआ उससे मैं थोड़ा आश्चर्यचकित था। क्योंकि कई बार कप्तान और कोच इस बात पर समझौता कर लेते हैं कि पिच कैसी होगी। मुझे लगता है कि आपको भारतीय टीम के मनोविज्ञान पर भी गौर करना होगा, तीन दिन में हारने के बाद, दूसरी पारी में इतनी खराब बल्लेबाजी करने के बाद और नई पिच पर पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा रक्षात्मक होता।

उन्होंने कहा, और मैंने सोचा है कि दक्षिण अफ्रीकी अपने लाइनअप में मौजूद तेज़ गेंदबाज़ों के साथ इस तथ्य का फ़ायदा उठा सकते हैं कि उन्होंने बीच में कोई क्रिकेट नहीं खेला है और इसलिए उन्हें शामिल किया जा सकता है।

दिन के स्टार मोहम्मद सिराज रहे, जिन्होंने सिर्फ 15 रन देकर छह विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जीवंत पिच का फायदा उठाते हुए, सिराज ने भारत की अगुवाई की और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया।

कप्तान डीन एल्गर, जिन्होंने पहले पिच को कुछ आश्चर्यों के साथ पेचीदा बताया था, ने अपनी टीम को दोनों परिस्थितियों के दबाव और कुछ संदिग्ध शॉट विकल्पों के कारण ढहते देखा।

गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया से जुड़ी पिछली घटना की तुलना की, जहां उन्होंने भारत को 36 रन पर आउट कर दिया था और मेलबर्न में बाद के टेस्ट में घास वाली पिच पर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। हालाँकि, यह निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि भारत ऑस्ट्रेलिया को 190 रन पर आउट करने में सफल रहा और मैच पर कब्ज़ा कर लिया। गावस्कर ने कहा कि एल्गर इस उदाहरण से सीख सकते थे और भारत की अस्थायी बल्लेबाजी लाइनअप को बल्लेबाजी के लिए उतारकर उन पर दबाव बना सकते थे।

गावस्कर ने कहा, दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया में भी कुछ ऐसा ही हुआ था, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 36 रन पर आउट कर दिया था। अगला टेस्ट मेलबर्न में खेला गया, जहां पिच पर घास एडिलेड की तुलना में तीन मिलीमीटर अधिक थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की। भारत ने उन्हें 190 रन पर आउट कर खेल में वापसी की और वे दूसरे दिन बल्लेबाजी करने आये। यहाँ, यह दूसरा दिन नहीं है। पिच काफी हद तक आसान हो गई थी, इसलिए मनोविज्ञान रहा होगा। मेरा मतलब है, अगर मैं कप्तान होता, तो मैंने कहा होता कि नहीं, मैं कोशिश करूंगा और इस तथ्य का फायदा उठाऊंगा कि वे निश्चित नहीं हैं कि मैं भारत को बल्लेबाजी के लिए उतारूंगा।

# जायसवाल आईसीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए नामित

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल, रचिन रवींद्र, फोएबे लिचफील्ड और लॉरेन बेल ने 2023 के लिए आईसीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर नामांकन अर्जित किया है जबकि, पुरुष वर्ग में रवींद्र और जयसवाल के साथ गेराल्ड कोएत्जी और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। वहीं, फोएबे और महिला वर्ग में लॉरेन के साथ मारुफा एक्टर और डार्सी कार्टर के नाम लिस्ट में हैं। जायसवाल ने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए डोमिनिका में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 171 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच की प्रशंसा अर्जित की।

जायसवाल टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले भारत के 17वें खिलाड़ी बने और घर से बाहर यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के सातवें खिलाड़ी बने। कप्तान रोहित शर्मा के साथ उनकी 229 रनों की शुरुआती साझेदारी भी वेस्टइंडीज में टेस्ट मैचों में भारत के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।उन्होंने त्रिनिदाद दौरे के दूसरे टेस्ट में 57 और 38 रन जोड़े, जिनमें से अर्धशतक रोहित के साथ 139 रन की शुरुआती साझेदारी में बनाया था। जायसवाल ने वेस्टइंडीज में टी20 में पदार्पण किया और अपने पहले मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद उन्होंने लॉडरहिल, मियामी, यूएसए में चौथे टी20 में सिर्फ 51 गेंदों में नाबाद 84 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ (25 गेंदों में 53) और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 60 (41) अर्धशतक लगाने से पहले, हांगझोऊ में एशियाई खेलों में भारत के स्वर्ण पदक जीतने के अभियान में नेपाल के खिलाफ 100 (49) रन बनाए।



## सूर्यकुमार यादव पुरुष टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित

भारत के धुरंधर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को 2023 के आईसीसी पुरुष टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अपने 360-डिग्री स्ट्रोकप्ले के लिए माने जाने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2022 में स्कोरिंग के लिए पुरस्कार जीता था। इस प्रारूप में 1164 रन बनाए, इस प्रकार वह इस श्रेणी में सम्मान हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए। उनके अलावा, जिम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा, युगांडा के अल्पेश रामजानी और न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने पुरस्कार के लिए नामांकन अर्जित किया है। 17 टी20 पारियों में, सूर्यकुमार ने सबसे छोटे प्रारूप में रन-स्कोरिंग पर हावी होने के लिए 48.86 की औसत और 155.95 की स्ट्राइक-रेट से 733 रन बनाए। साल की उनकी पहली टी-20 पारी श्रीलंका के खिलाफ मात्र सात रनों की थी, लेकिन अगले दो मैचों में वह पुणे और राजकोट में क्रमश: 51 (36) और 112 नाबाद (51) के स्कोर के साथ चमके। अगस्त में प्रोविडेंस, गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ 83 (44) रनों की पारी के बाद लॉडरहिल, फ्लोरिडा, अमेरिका में 61 (45) रनों की पारी खेली।

## सार संक्षेप

### वाडा ने स्पेनिश एंटी-डोपिंग एजेंसी की जांच की शुरू

**मैड्रिड।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने स्पेनिश डोपिंग रोधी एजेंसी सीईएलएडी के खिलाफ जांच शुरू की है और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए एथलीटों को दंडित करने में संगठन की विफलता के लिए तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पेनिश खेल समाचार पोर्टल रेलेवो ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल ने दिसंबर में बताया कि सीईएलएडी ने डब्ल्यूएडीए की मिलीभगत से 2017 और 2022 के बीच कई बार एथलीटों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए बिना सजा दिए जाने की अनुमति दी। संगठन ने कथित तौर पर नौकरशाही प्रक्रियाओं में खामियों का फायदा उठाया। रिपोर्ट में कहा गया कि डब्ल्यूएडीए ने उल्लंघनों के संबंध में सीईएलएडी से तत्काल प्रतिक्रिया मांगी और स्थिति में सुधार के लिए उसे तीन महीने का समय भी दिया। अन्यथा डब्ल्यूएडीए ने विश्व डोपिंग रोधी संहिता के अनुसार सीईएलएडी के लिए एक अनुपालन सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने की धमकी दी।

### वेस्ट हैम और ब्राइटन के बीच गोलरहित ड्रॉ

**लंदन।** वेस्ट हैम यूनाइटेड के गोलकीपर अल्फोंस एरीओला शो के स्टार रहे, क्योंकि उनकी टीम ने लंदन स्टेडियम में ब्राइटन एंड होव एल्बियन को गोलरहित बराबरी पर रोका। वेस्ट हैम 34 अंकों के साथ छठे स्थान पर है जबकि ब्राइटन गोल अंतर के आधार पर मैनचेस्टर यूनाइटेड से आगे 31 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। यह इस सीज़न का केवल पांचवां प्रीमियर लीग मैच था जो बिना किसी गोल के समाप्त हुआ, क्योंकि वेस्ट हैम की तीन मैचों की जीत का क्रम समाप्त हो गया और चेल्सी के खिलाफ सितंबर 2018 के बाद से यह घर पर उनका पहला 0-0 से ड्रा है। इस बीच, ब्राइटन ने 24 मैचों में पहली प्रीमियर लीग क्लीन शीट दर्ज की। पहले हाफ में कुछ अच्छे मौके थे, लेकिन दोनों टीमों का कोई भी खिलाड़ी इसका फायदा उठाने में सफल नहीं हुआ।

### डी मिनौर ने जोकोविच को हराकर ऑस्ट्रेलिया को दिलाई बढ़त

**पर्थ।** युनाइटेड कप में सर्बिया के विरुद्ध एलेक्स डी मिनौर ने बुधवार को अपने 2024 सीज़न के लिए शानदार प्रदर्शन किया और विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को 6-4, 6-4 से हराकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त दिला दी। डी मिनौर ने शीर्ष-स्तरीय ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, जिसके दौरान उन्होंने पहले सर्व में 34 में से 33 अंक जीते और 94 मिनट में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। यह अतिरिक्त विशेष है। नोवाक एक अविश्वसनीय प्रतियोगी है और उसने खेल के लिए जो किया है वह बहुत विशेष है। यह अवास्तविक, अद्भुत है। मैं यहां पर्थ और ऑस्ट्रेलिया में ऐसा करके बहुत खुश हूं।

# सिडनी टेस्ट में शाहीन को बाहर रखना गलत : अकरम



सिडनी, 3 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच से तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी को आराम देने के कदम की आलोचना की और कहा कि क्रिकेटरों को पता होना चाहिए कि टेस्ट क्रिकेट ही सबसे महत्वपूर्ण फॉर्मेट है। अकरम ने कहा, इस टेस्ट के तुरंत बाद न्यूजीलैंड में पांच टी20 हैं और शाहीन कप्तान हैं। लेकिन टी20 क्रिकेट की किसे परवाह है? मैं समझता हूं, यह मनोरंजन के लिए है और यह क्रिकेट बोर्डों, खिलाड़ियों के लिए वित्तीय लाभ के लिए है लेकिन क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि टेस्ट क्रिकेट अल्टीमेट है।

अकरम ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, अगर हम बात करें कि 20 साल पहले सिडनी में इस टेस्ट में क्या हुआ था, तो कई लोगों को पूरी कहानी याद होगी लेकिन कोई नहीं जानता है कि कल रात टी20 में क्या हुआ था। यही अंतर है। इन लोगों को समझना और सीखना होगा कि आप खेल में महान बनना चाहते हैं या करोड़पति। आप दोनों बन सकते हैं लेकिन थोड़ी अधिक समझदारी के साथ। न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की टी20 श्रृंखला, जहां शाहीन कप्तान हैं ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खत्म होने के ठीक पांच दिन बाद शुरू होगी। वकार यूनिस, जो अपने खेल के दिनों में अकरम के नई गेंद के साथी हुआ करते थे। उन्होंने भी शाहीन को बाहर रखने पर हैरानी जताई। तीसरे टेस्ट के पहले दिन से इतर बोलते हुए, शाहीन ने तीसरे टेस्ट के लिए उन्हें आराम देने के पाकिस्तान टीम प्रबंधन के फैसले का बचाव किया।

# हॉकी में अभियान का आगाज द. अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट से करेगा भारत

- चार देशों का टूर्नामेंट 2024 के पेरिस ओलंपिक की तैयारियों का अहम हिस्सा

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2024 में अपने अभियान का कैपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के पुरुष हॉकी टूर्नामेंट से करेगी। चार देशों के टूर्नामेंट में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, भारत, नीदरलैंड और फ्रांस की टीमें शिरकत करेंगी। दक्षिण अफ्रीका में होने वाला यह टेस्ट टूर्नामेंट भारत के लिए 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों का अहम हिस्सा है। भारत को इस टूर्नामेंट से खुद को इस साल फरवरी में ओडिशा में होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग से पहले आंकने का मौका मिलेगा। एफआईएच प्रो लीग में भारत, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड की टीमें एक दूसरे खिलाफ डबल हेडर यानी दो-दो बार खेलेंगी।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका में उसके खिलाफ चार देशों के टूर्नामेंट में शिरकत करने जाने से पहले साई बेंगलुरू में 11 दिन पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप के संभावितों की घोषणा की। ओलंपिक में आठ बार के स्वर्ण पदक विजेता रहे भारत को 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांसे के रूप में चार दशक के बाद पहला जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह के खासतौर पर यह शिविर खुद को फिट साबित कर कैपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में जगह बना अपना कौशल दिखाने के साथ 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी दावेदारी साबित करने का मौका होगा। सिमरनजीत सिंह 24 से 27 जनवरी तक मस्कट में होने पहले एफआईएच पुरुष हॉकी टीम में भारत का नेतृत्व करेंगे और उनकी टीम के साथी स्ट्राइकर पवन राजभर, मिडफील्डर मोहम्मद रहील मौसीन, मनिंदर सिंह, फुलबैक मनदीप मोर अ



और मनजीत के साथ गोलरक्षक गोलरक्षक सूरज करकेरा व प्रशांत कुमार चौहान को कोर ग्रुप के लिए चुने गए राष्ट्रीय शिविर के लिए चुने गए कोर ग्रुप के 39 संभावितों में जगह मिली है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने शिविर की बाबत कहा, % मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ अच्छा वक्त और छुट्टियां बिता कर तरोताजा होकर लौटे हैं। हम इस साल का अपना हॉकी सीजन दक्षिण अफ्रीका के दौरे से शुरू करेंगे और इसके बाद पेरिस ओलंपिक के शुरू होने तक यह बराबर यह व्यस्त और व्यस्त चला जाएगा क्योंकि हम इस दौरान बराबर मैच खेलेंगे। हमारा संभावितों का कोर ग्रुप खासा मजबूत है और इसमें अनुभवी खिलाड़ी तो हैं ही साथ ही इस महीने के आखिर में मस्कट में होने पहले पुरुषएफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में शिरकत करने वाले कई खिलाड़ी भी हैं। हमेशा की तरह इस शिविर में भी हमारा फोकस टीम के रूप मे बेहतर होने पर रहेगा। हम हॉकी के नए सीजन का शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं।'

## राष्ट्रीय शिविर के लिए चुने गए कोर ग्रुप के 39 संभावित

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।

**रक्षापंक्ति :** जर्मनप्रीत सिंह, सुरेन्दर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप खेस, संजय, यशदीप सिवाच, डिप्सन टिर्की, मंजीत।

**मध्यापंक्ति :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राज कुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंट सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, मनिंदर सिंह।

**अग्रिम पंक्ति :** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकरा, पवन राजभर।